नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 189 | नई दिल्ली, सोमवार 07 अक्टूबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

रश्मि देसाई ने साझा किया देसी गर्ल लुक ← पेज-12

## एक नजर

### राहुल की महिलाओं से 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील

*नई दिल्ली।* कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को आवश्यक बताते हुए देशभर की महिलाओं से पार्टी के 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील की है।

श्री गांधी ने सोशल प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर यह अपील करते हुए महिलाओं से राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है ताकि देश की आधी आबादी को उनका हक मिल सके। श्री गांधी ने कहा, महिलाएं हमेशा से हमारे समाज और राजनीति की एक महत्वपूर्ण शक्ति रही हैं, फिर भी संसद और विधानसभाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं में असमानता बनी हुई है। सच्ची समानता के लिए इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'आधी आबादी, पूरा हक' की सोच के साथ हम इस लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। यदि आप भी यह बदलाव लाने के लिए तैयार हैं, तो 'शक्ति अभियान' से जुड़ें। आपकी भागीदारी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बना कर असली बदलाव लाने के लिए बेहद अहम है। उन्होंने महिलाओं से अपील की और कहा, आइए, गांव से लेकर राष्ट्र तक हम इस परिवर्तन के प्रतिभागी बनें और आज ही 'शक्तिअभियान डॉटइन' पर रजिस्टर करें।

### लालू ने मोदी सरकार पर रेलवे का बंटाधार करने का लगाया आरोप

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने केंद्र की मोदी सरकार पर रेलवे का बंटाधार करने का आरोप लगाया। श्री यादव ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से पिछले 10 वर्षों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में रेलवे द्वारा आम लोगों का शोषण करने और रेलवे को घाटे में ले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया है कि कैसे प्रधानमंत्री श्री मोदी के 10 वर्षों के शासन में देश में रेलवे की सेवाएं आम लोगों के लिए दुष्कर हो गई हैं। राजद अध्यक्ष ने कहा, 10 बरसों में श्री मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने रेल का किराया बढ़ा दिया। प्लेटफार्म टिकट का दाम बढ़ा दिया। स्टेशन बेच दिए, जनरल बोगियां घटा दी। बुजुर्गों को मिलने वाला लाभ खत्म कर दिया। सेफ्टी-सिक्यॉरिटी घटाने पर रोज हादसे हो रहे हैं फिर भी कहते हैं रेलवे घाटे में है। अब ये कहीं रेल की पटरियां ना बेच दें।

उल्लेखनीय है कि श्री लालू यादव वर्ष 2004 से 2009 तक रेल मंत्री थे। उनके रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में जहां एक ओर किफायती किराए वाली गरीब रथ जैसी वातानुकूलित ट्रेनें चली वहीं उस दौरान रेल किराया भी नहीं बढ़ाया गया था। इतना ही नहीं रेलवे के लाभ अर्जित करने का भी तब रिकॉर्ड बना था। ऐसे में अपने रेल मंत्री रहने की अवधि को श्री यादव कई बार रेलवे का स्वर्णिम काल बता चुके हैं। साथ ही उस दौरान रेलवे द्वारा आम लोगों को कई प्रकार की सुविधाएं देने का दावा किया गया था।

वहीं, वर्ष 2014 से केंद्र में राजग सरकार बनने के बाद से लगातार रेलवे में अलग किस्म के बदलाव देखे गए। इसमें रेल बजट को समाप्त करने से लेकर ट्रेनों में स्लीपर और जनरल कोचों की संख्या कम करने। वंदे भारत सीरीज की कई ट्रेनों के परिचालन सहित वरिष्ठ नागरिकों को टिकट पर मिलने वाली छूट खत्म करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा हाल में रेलवे में बड़े स्तर पर दुर्घटना के मामले सामने आए हैं। रेल किराया और माल ढुलाई भी बढ़ गई है। ऐसे में अब श्री यादव ने इन तमाम मुद्दों को सामने रखकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है।

## मुंबई के चेंबूर इलाके के मकान में लगी भीषण आग

# एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत



*मुंबई, एजेंसी।* मुंबई के चेंबूर इलाके में तड़के सुबह एक मकान में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया. घटना में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई. मृतकों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं. घर में इलेक्ट्रिक वायरिंग में आग लगने से आग तेजी से फैल गई, जिससे परिवार के लोगों को निकलने का भी मौका नहीं मिल सका. जिस मकान में आग लगी उसके नीचे दुकान है. जानकारी पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया.

घटना में परिवार के सात सदस्य आग से बुरी तरह झुलस गए. उन्हें आनन-फानन में रजवाड़ी अस्पताल ले जाया गया. वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया. आग की एक ओर घटना मुंबई के शिवड़ी इलाके में शनिवार देर रात घटी. यहां भारत इंडस्ट्रियल इस्टेट के एक केमिकल कंपनी में आग लगने से हड़कंप मच गया. आग बुझाने के लिए 10 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची.

मुंबई के चेंबूर में रविवार सुबह तड़के एक दो मंजिला इमारत में आग लग गई. जिस इमार में आग लगी उसके ग्राउंड फ्लोर पर दुकान है, वहीं ऊपरी मंजिल पर परिवार रहता था. अग्निशमन अधिकारी के मुताबिक, उन्हें सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर आग लगने की जानकारी हुई. मौके पर आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियों को भेजा गया. उन्होंने बताया कि आग इमारत की नीचे की मंजिल पर स्थित दुकान में लगी जो फैल कर ऊपरी मंजिल तक पहुंच गई. आग की लपटों में ऊपर सो रहा परिवार घिर गया.

बामुश्किल आग पर काबू पाया गया. मकान में फंसे परिवार को बाहर निकला. आग की लपटों में वह बुरी तरह झुलस गए थे. उन्हें इलाज के लिए तुरंत रजवाड़ी अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने परिवार के सात लोगों को मृत घोषित कर दिया. मरने वालों में गीतादेवी गुप्ता (60 वर्ष), अनीता गुप्ता (39 वर्ष), प्रेम गुप्ता (30 वर्ष), मंजू प्रेम गुप्ता (30 वर्ष), विधि गुप्ता (15 वर्ष, नरेंद्र गुप्ता (10 वर्ष) और प्रेसी गुप्ता (6 वर्ष) शामिल हैं. पुलिस आग लगने के कारणों की जानकारी कर रही है.

### छत को तोड़ अंदर घुसे लोग

स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग सुबह तड़के 4 बजे लगी. आग पर काबू पाने के लिए आस पास के लोगो ने पहले बगल की छत को तोड़ा और फिर घर के अंदर गए. आग पर घंटे भर में ही काबू पा लिया लेकिन तब तक जान माल का बड़ा नुकसान हो गया था. घर में इलेक्ट्रिक वायरिंग में आग लगने से आग तेजी से फैली और लोगो को निकालने का भी मौका नहीं मिला. मौके पर डीसीपी हेमराज राजपूत सहित फायर विभाग के अधिकारियों ने भी मुआयना किया. स्थानीय लोगो ने बताया की किसी को कुछ समझने का मौका नहीं मिला. स्लम एरिया होने से एक्जिट का कोई रास्ता नही था. परिवार ऊपर फंस गया था.

### केमिकल फैक्ट्री में लगी आग, धमकों से दहल उठा इलाका

मुम्बई के शिवड़ी इलाके में हुई. शनिवार देर रात यहां भारत इंडस्ट्रियल इस्टेट के एक केमिकल कंपनी में आग लग गई. इस दौरान फैक्ट्री में कई बार धमाके भी हुए. जानकारी मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए 10 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची. करीब घंटेभर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. अग्निशमन अधिकारी के मुताबिक, राहत की बात ये है कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ.

### कैसे लगी आग?

बिल्डिंग में लगी यह भयानक आग ग्राउंड फ्लोर पर दुकान में बिजली की वायरिंग, इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन में लगी। फिर ऊपर के घर में बिजली की वायरिंग, इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन, घरेलू सामान में आग लगी। यह दो मंजिला इमारत थी, जिसमें नीचे दुकान चल रही थी और ऊपर एक परिवार रहता था।

## भाजपा को जम्मू-कश्मीर हरियाणा में जीत का भरोसा



*श्रीनगर, एजेंसी।* भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर एवं हरियाणा दोनों जगह विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने का भरोसा जताया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद कल देर शाम आये चुनाव पश्चात सर्वेक्षणों के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने रविवार को यहां कहा, 'भाजपा जम्मू-कश्मीर और हरियाणा, दोनों जगह पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। भाजपा सरकार को जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

श्री चुघ ने कहा, ' जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए काम किया है, उन्होंने जम्मू-कश्मीर में विकास और विश्वास बनाया है। लोग भाजपा को वोट दे रहे हैं और 8 तारीख को नतीजे आएंगे जिसमें भ्रष्ट और लुटेरे हारेंगे।'

## हरियाणा में भाजपा बना रही सरकार : मुख्यमंत्री सैनी



*पंचकुला।* हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद रविवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बना रही है। उनके पास सारी रिपोर्ट है, जिसके आधार पर वह ऐसा कह रहे हैं। नायब सैनी ने कहा, 8 अक्टूबर को जनता जवाब देगी और कांग्रेस ईवीएम को रोना शुरू करेगी। कांग्रेस वाले कहेंगे कि ईवीएम खराब है।

नायब सैनी रविवार को पंचकूला में थे। यहां उन्होंने हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए अधिकारियों का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा, मैं दो करोड़ अस्सी लाख लोगों का धन्यवाद करता हूं। सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखते हुए सभी ने चुनाव में हिस्सा लिया।

## अश्वनी वैष्णव और सिंधिया ने मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




*मुरैना, एजेंसी।* रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अंतर्गत जौरा अलापुर तथा कैलारस स्टेशन के मध्य आमान परिवर्तन उपरांत नवनिर्मित रेलखंड का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों द्वारा जौरा अलापुर मेमू ट्रेन को कैलारस स्टेशन तक विस्तारित सेवा को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल को आम आदमी के लिए सुविधायूक्त और आरामदायक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन मे रेल प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उत्तर मध्य रेलवे भी इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर चंबल क्षेत्र रेलवे की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। यह देश के चारों महानगरों सहित देश के सभी हिस्सों में ट्रेन सेवाओं के माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। हम इस जुड़ाव को और पुख्ता कार्य करने के लिए प्रयासरत हैं।

श्री वैष्णव ने कहा कि हमारे इन प्रयासों को केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री सिंधिया, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सांसद मुरैना शिवमंगल सिंह तोमर का सहयोग सदैव से ही मिलता रहा है।

रेल मंत्री ने कहा कि भारत के रेल मानचित्र में मध्य प्रदेश राज्य की केंद्रीय भूमिका है। अब तक कुल 05 वंदे भारत ट्रेने मध्य प्रदेश को सेवित कर रही है। राज्य ने अपने रेल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है, जो इस क्षेत्र में बढ़ते निवेश की राष्ट्रीय प्रवृत्ति को दशार्ता है। मध्यप्रदेश राज्य में पिछले 10 वर्षों में 222 किलोमीटर की नई रेल लाइन परियोजनाएं, 1200 किलोमीटर की मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं और 707 किलोमीटर की गेज परिवर्तन परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। मध्यप्रदेश में कनेक्टिविटी में सुधार करने के साथ ही आपदा प्रबंधन और परियोजना निगरानी के लिए ड्रोन और जीपीएस ट्रैकर्स का इस्तेमाल कर सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। यह काम भारत में पहली बार किया गया है। यात्री सेवाएं देने के साथ ही ग्वालियर और खजुराहो स्टेशन का पुनर्विकास भी किया जा रहा है।

रेल मंत्री ने बताया कि ग्वालियर-श्योपुरकला (188 किलोमीटर) आमान परिवर्तन प्रोजेक्ट, 2355 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने जा रहा है, जिसमें अब तक कुल 61 किलोमीटर ट्रैक का कार्य संपन्न हो चुका है, शेष कार्य तीव्र गति से जारी है, जिसको जल्द से जल्द पूर्ण कर क्षेत्र की जनता को यह उच्चीकृत सेवा उपलब्ध होगी। इस नए 13 किलोमीटर के खंड का निर्माण रु 163 करोड़ से हुआ है। इस परियोजना के तहत पूरे श्योपुरकलाँ तहत आमान परिवर्तन का कार्य अगले वर्ष जुलाई 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना के शुरूआत से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले का सामाजिक-आर्थिक विकास, क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसरों के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने मे सहायता होगी साथ ही माल के परिवहन की लागत कम होगी और रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि और माल के परिवहन में आसानी से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस लाइन को जल्द ही कोटा तक विस्तारित किया जायेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि आज जौरा को एक ऐसा सौगात मिल रहा है, जिसका सपना इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से देख रहे थे। रेलवे में क्रांति लाने का काम प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है।

भारतीय रेलवे पूर्वोत्तर में भी लगातार विकास कर रही है। पूर्वोत्तर के 6 राज्यों में रेलवे लाइन बिछाई जा चुकी है।

## जम्मू कश्मीर चुनाव: मतगणना केंद्रों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था



*श्रीनगर, एजेंसी।* जम्मू कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर सभी जिला मुख्यालयों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इससे पांच साल पहले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में पहली निर्वाचित सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त होगा।

निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू कश्मीर में सभी 20 मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहां मंगलवार को मतों की गिनती होगी।

जम्मू कश्मीर में 2014 के बाद पहला विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुआ, जिसमें 18 सितंबर को पहले चरण में 24 सीट पर मतदान हुआ। दूसरे चरण का मतदान 18 सितंबर को हुआ, जिसमें 26 सीट पर मतदान हुआ जबकि शेष 40 सीट के लिए तीसरे और अंतिम चरण में मतदान एक अक्टूबर को हुआ।

अधिकारी ने कहा, केवल चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के अधिकृत मतगणना एजेंट और मतगणना ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को ही मतगणना हॉल के अंदर जाने की अनुमति होगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड की मतगणना के बाद मतगणना केंद्र के बाहर सार्वजनिक संबोधन प्रणाली पर प्रत्येक उम्मीदवार के मतों की घोषणा की जाएगी।

केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार हुए चुनाव में 63.45 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2014 के विधानसभा चुनाव में दर्ज 65.52 प्रतिशत से कम है। नब्बे सदस्यीय सदन के लिए 873 उम्मीदवार मैदान में हैं।

प्रमुख उम्मीदवारों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला हैं, जो बडगाम और गंदेरबल क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन जो हंदवाड़ा और कुपवाड़ा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा, बटमालू सीट से उम्मीदवार हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना, जो नौशेरा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

वहीं अन्य उम्मीदवारों में कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर (डूरू), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता वहीद पारा (पुलवामा), इल्तिजा मुफ्ती (बिजबेहरा), अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी (चनापोरा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी (कुलगाम) और पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग और तारा चंद शामिल हैं।

अधिकतर एग्जिट पोल ने जम्मू कश्मीर में खंडित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है, हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बढ़त मिलने की संभावना भी जताई गई है। कुछ एग्जिट पोल ने इस गठबंधन को बहुमत के करीब दिखाया है।

## प्रशिक्षण तैनाती पर ओमान पहुंचे नौसेना के जहाज



*नई दिल्ली, एजेंसी।* भारतीय नौसेना के दो समुद्री जहाज तीर और शार्दुल, तथा भारतीय तटरक्षक बल (कोस्टगार्ड) का जहाज वीरा ओमान की राजधानी मस्कट पहुंच चुका है। लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती पर ये जहाज मस्कट पहुंचे हैं।

नौसेना के मुताबिक, यह भारत एवं ओमान के बीच मौजूदा समुद्री और रक्षा संबंधों की मजबूती का प्रतीक है। भारतीय सैन्य समुद्री जहाजों की ओमान की यह यात्रा 9 अक्टूबर तक जारी रहेगी। ओमान पहुंचने वाले ये जहाज नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) का हिस्सा हैं। वहीं, नौसेना की दक्षिणी कमान के प्रमुख भी रविवार को ओमान पहुंच गए।

अपनी इस यात्रा के दौरान, भारतीय नौसेना ओमान की रॉयल नेवी के साथ समुद्री सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करेगी। वार्ता में 'हार्बर-डिस्कशन' और नौसेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास को लेकर चर्चा भी शामिल है। भारतीय नौसेना का कहना है कि ओमान में नौसेना के जहाजों की तैनाती के दौरान दोनों नौसेनाओं के बीच प्रशिक्षण आदान-प्रदान, पेशेवर बातचीत और मैत्रीपूर्ण खेल आयोजन भी होंगे।

पिछले 10 साल में ओमान की राजधानी मस्कट की 1टीएस की यह तीसरी यात्रा है। यह बातचीत नौसेना सहयोग को मजबूत करने और दोनों नौसेनाओं के बीच मौजूदा साझेदारी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

नौसेना के मुताबिक, 1टीएस की यात्रा के साथ नौसेना की दक्षिणी कमान के कमांडिंग-इन-चीफ फ्लैग ऑफिसर वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास भी रविवार 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2024 तक ओमान की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। यात्रा के दौरान नौसेना की दक्षिणी कमान के प्रमुख ओमान के सुल्तान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल अब्दुल्ला बिन खामिस अल रायसी के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

# आप ने दोहराई दिल्ली में जल्दी चुनाव कराने की मांग






**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ इस साल नवंबर में दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव कराने की मांग की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने आप द्वारा यहां रविवार को जनता की अदालत नाम से आयोजित केंद्र की एनडीए सरकार को चुनौती देते हुए कहा, आप चुनाव कराओ, हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यदि वे नवंबर में चुनाव नहीं कराते हैं तो इसका मतलब कि भाजपा डर गई है और वे चुनाव हार गए हैं। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले साल फरवरी में पूरा हो रहा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल मुख्यमंत्री बनने के लिए बेताब नहीं हैं। उन्होंने सदैव केवल जनता के लिए काम किया है। कभी भी अपने या अपने परिवार के लिए काम नहीं किया।

आप नेता ने कहा कि सारी पार्टियों के अंदर जब चुनाव के टिकट देने की बात आती है तो विधायक, सांसद का टिकट देते समय इनको अपने बच्चे याद आते हैं। उन्होंने कहा, मैंने कभी अपने किसी रिश्तेदार को आज तक टिकट नहीं दिया। मैंने कभी अपने बेटे को टिकट नहीं दिया। मैंने आपके बच्चों को टिकट दिया है। आपके बच्चों के लिए स्कूल बनाए, हमेशा आपके बच्चों का ख्याल रखा। उन्होंने कहा कि जब नया मुख्यमंत्री बनाने की बात आई तो भाजपा वालों ने यह बात खूब उछाली कि केजरीवाल अपनी पत्नी को नया मुख्यमंत्री बनाएंगे। हमने अपनी कार्यकर्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया है।

केजरीवाल ने कहा कि आज देश की जनता जान गई है, डबल इंजन सरकार मतलब महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की है। इसीलिए वह छाती चौड़ी करके जनता के बीच में जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्ययदि मैं ईमानदार हूं तो मुझे वोट देना, वरना वोट मत देना। मेरे अंदर यह कहने की हिम्मत है क्योंकि मैंने चोरी नहीं की है।

# 'डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट

## यूपी में सात साल से यही हो रहा', भाजपा पर बरसे केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 'जनता की अदालत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता का प्यार, समर्थन और विश्वास ही मेरी ईमानदारी का प्रमाण बनेगा। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट है। यूपी में पिछले सात साल से डबल इंजन की सरकार है, लेकिन फेल है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'इनकी (भाजपा) 22 राज्यों में सरकारें हैं। आप इनसे पूछना कि वे एक राज्य बता दें, जहां उन्होंने बिजली फ्री की हो...गुजरात में इनके 30 साल से सरकार है। उन्होंने एक भी स्कूल ठीक नहीं



कराया...22 राज्यों में इनकी सरकारें हैं, एक काम ये बता दें जो इन्होंने अच्छा काम किया हो। अगली साल 17 सितंबर को पीएम मोदी रिटायर हो जाएंगे। मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप इन एक साल में 22 राज्यों में कोई ऐसा काम करके दिखा दीजिए जो दिल्ली में हुए हैं...10 साल में इन्होंने कुछ नहीं करा।' केजरीवाल ने कहा, 'जब आप रिटायर होंगे तो सब ये तो सोचेंगे कि आपने 10 साल तो कुछ नहीं किया, लेकिन 11वें साल में तो कुछ किया। आज मैं पीएम मोदी को कहता हूं कि फरवरी में दिल्ली के चुनाव हैं। फरवरी के पहले इन 22 राज्यों में बिजली फ्री कर दीजिए, मैं दिल्ली की चुनाव में मोदी जी का प्रचार करूंगा।' जनता की अदालत कार्यक्रम के दौरान दिल्ली की सीएम और आप नेता आतिशी ने कहा, "दिल्ली ही एक ऐसी जगह है, जहां भीषण गर्मी में भी 24 घंटे बिजली मिलती है और फिर भी बिल जीरो आता है, ये अरविंद केजरीवाल की दिल्ली है। भाजपा एक गरीब विरोधी पार्टी है और गरीबों को परेशान करती है। पिछले कुछ वर्षों से भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली भर में झुग्गियों को एक-एक करके ध्वस्त कर रही है, भाजपा ने छह महीने पहले वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी थी।"

# दिल्ली हाईकोर्ट उमर खालिद की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। छात्र नेता 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित बड़ी साजिश मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत सितंबर 2020 से सलाखों में बंद है। दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ 7 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करेगी। इस साल जुलाई में जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस गिरीश कठपालिया की पीठ ने नोटिस जारी कर दिल्ली पुलिस से खालिद की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था। न्यायमूर्ति कैत की मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के साथ ही मामले को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष पुनः अधिसूचित किया गया है। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस अमित शर्मा ने खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इसके बाद जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले को 24 जुलाई को किसी दूसरी बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। दिल्ली अदालत ने 28 मई को खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी। याचिका में मुकदमे की देरी और अन्य सह-आरोपियों के साथ समानता का हवाला दिया गया था, जिन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इससे पहले, अप्रैल 2022 में एक ट्रायल कोर्ट ने खालिद की पहली जमानत याचिका खारिज कर दी थी और बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने भी उनकी अपील खारिज कर दी थी। इस साल फरवरी में, खालिद ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी जमानत याचिका वापस ले ली। उन्होंने कहा कि हालात बदल गए हैं, इसलिए उन्हें निचली अदालत में फिर से जमानत के लिए आवेदन करने की इजाजत दी जाए। सितंबर 2020 से हिरासत में चल रहे खालिद पर कड़े आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बस मार्शल मुद्दे पर हंगामा: मंत्री सौरभ भारद्वाज व अन्य विधायकों ने किया था हाईवोल्टेज ड्रामा, केस दर्ज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शनिवार को बस मार्शल बहाली के मुददे को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ था। अब इस मामले में आप मंत्री सौरभ भारद्वाज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस थाने में बीएनएस की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सौरभ भारद्वाज के अलावा आम आदमी पार्टी के अन्य विधायकों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 और 238 के तहत मामला दर्ज किया है। राजधानी के लोग शनिवार दोपहर उस समय चौंक उठे जब मुख्यमंत्री आतिशी और नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता को एक ही कार में बैठे देखा। कार में आप के विधायक व मंत्री भी थे। विजेंद्र गुप्ता आगे की सीट पर बैठे थे। पक्ष व विपक्ष को एक साथ कार में बैठे देखना दिल्लीवासियों के लिए कौतूहल का विषय था। इससे पहले दिल्ली सचिवालय में मंत्री व विधायकों द्वारा नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ने के वायरल वीडियो को देखकर लोग पूरे माजरे को समझने की कोशिश करते रहे। कैबिनेट नोट पास होने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी नेता विपक्ष समेत भाजपा विधायकों को उपराज्यपाल कार्यालय चलने के लिए कह रही थीं। अचानक मंत्री सौरभ भारद्वाज और अन्य विधायक नेता विपक्ष के पैर पकड़ने लगे। इससे पहले कुछ मार्शलों ने भी कैबिनेट बैठक के दौरान भाजपा विधायकों के पैर पकड़े थे। आप नेताओं का कहना था कि नेता विपक्ष एलजी हाउस जाना नहीं चाहते थे और मौके से भाग रहे थे। इस कारण उनको रोका गया। इसके बाद मुख्यमंत्री नीचे आईं और विजेंद्र गुप्ता की कार में बैठ गईं। इस पर विजेंद्र गुप्ता कार के इधर-उधर घूमते रहे और दूसरी कार मंगाने के लिए फोन करने लगे, लेकिन मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जबरदस्ती उन्हें कार में बैठा लिया। इसके बाद विजेंद्र व आतिशी एलजी हाउस पहुंचे। रास्ते में एक-दो बार कार को मुड़वाने की कोशिश की गई। इधर, एलजी से मुलाकात के बाद आश्वासन न मिलने पर बस मार्शल और दिल्ली सरकार के मंत्री व विधायक मार्शल के साथ धरने पर बैठ गए। बस मार्शलों के साथ मंत्री सौरभ भारद्वाज और मुकेश अहलावत, विधायक दिलीप पांडे, संजीव झा, कुलदीप कुमार, राजेश गुप्ता, रोहित महरौलिया, अजय दत्त सहित अन्य से एलजी से प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की मांग रखी। साथ ही, कहा कि दिल्ली सरकार ने अपना वादा पूरा किया।

अब आपकी बारी है। हालांकि, बाद में पुलिस ने मंत्री सहित अन्य को हिरासत में लेकर कुछ देर बाद दूर ले जाकर छोड़ दिया। धरने पर आए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने बस मार्शलों को धोखा दिया है। शनिवार को कैबिनेट नोट पर सभी मंत्रियों ने हस्ताक्षर कर दिए। अब एलजी के हस्ताक्षर का इंतजार है। महिला मार्शल को लात मारने का आरोप मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि एलजी हाउस के बाहर प्रदर्शन करने के दौरान विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ने गई महिला मार्शल को उन्होंने लात मारी। इसके बाद जब सौरभ रोती हुई उस महिला को पुलिस के पास लेकर गए और उसकी शिकायत लिखने के लिए कहा तो शिकायत दर्ज करने की जगह पुलिसकर्मी हंसते हुए चले गए। महिला ने भी इस बात की पुष्टि की।

# केजरीवाल ने लोगों में बांटीं मुफ्त की छह-छह रेवड़ियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक जनसभा में मुक्त की रेवड़ियां बांटने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जब आप की सरकार दिल्ली के लोगों को सुविधाएं देती है तो प्रधानमंत्री कहते हैं कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटी जा रही हैं, इसलिए आज वह मुफ्त की रेवड़ियों के पैकेट बनवाकर बांटने के लिए लाए हैं। केजरीवाल ने आप द्वारा आयोजित जनता की अदालत कार्यक्रम में कहा, आज मैं मुफ्त की छह रेवड़ियां लेकर आया हूं और अपने पास से रेवड़ियों का एक पैकेट निकालकर दिखाया। उन्होंने कहा, इस सभा से बाहर जाने पर लोगों को छह-छह रेवड़ियों का एक पैकेट मिलेगा। इन छह मुफ्त की रेवड़ियों में दिल्ली वालों के लिए निःशुल्क बिजली, पानी, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ



यात्रा, महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा, सबके लिए फ्री और शानदार शिक्षा, और निःशुल्क एवं अच्छा उपचार शामिल है। सातवीं रेवड़ी के रूप में हर महिला को एक-एक हजार रुपये उनके बैंक खाते में मिलेंगे। केजरीवाल ने लोगों से कहा कि आज रेवड़ियों का जो पैकेट मिला है यह प्रसाद हैह्व। इसको अपने घर के मंदिर में रखने के बाद सबको बांट दें।

उन्होंने आरोप लगाया कि आज दिल्ली में जनतंत्र नहीं है यहां एलजी राज है। उन्होंने कहा कि क्या भगत सिंह इसी दिन के लिए फांसी पर चढ़े थे कि अंग्रेज जाएंगे और दिल्ली में एक उपराज्यपाल का राज हो जाएगा। केजरीवाल ने कहा, मैं कसम खाकर जा रहा हूं, अपनी जिंदगी के अंदर आपको आपके पूरे अधिकार दिलाकर रहूंगा। दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाकर रहेंगे। दिल्ली को एलजी के राज से मुक्ति दिलाकर रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को उन्होंने देखा कि कैसे दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज, भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता के पैरों पर पड़े थे। उन्होंने कहा कि यह कोई छोटी बात नहीं है। यदि कोई मंत्री बन जाए तो उसमें अहंकार आ जाता है, लेकिन हमारे मंत्री दिल्ली के लोगों के लिए इनके पैरों में भी गिर जाते हैं।

# केंद्र कानून-व्यवस्था संभालने में अक्षम

## मैं रुका हुआ वेतन और पेंशन दिलवाऊंगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को यहां राष्ट्रीय राजधानी की कानून-व्यवस्था, 10 हजार बस मार्शलों को हटाने और पांच हजार होमगार्ड के वेतन रोकने का भी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरेआम गोलियां चल रही हैं, लूट और गुंडागर्दी हो रही है और केंद्र सरकार इसे रोकने में अक्षम है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उनसे दिल्ली की सुरक्षा-व्यवस्था नहीं संभल रही है। उन्होंने कहा, हमने बसों के अंदर महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्यवस्था की थी, जिसे इन्होंने बंद कर दिया। अरविंद केजरीवाल ने कहा, एक महिला जब दिल्ली की बस में चढ़ती है, अगर उसे बैठने की सीट न मिले तो मैं जानता हूं कि उसके साथ क्या व्यवहार किया जाता है। कोई इधर से छेड़ता है, कोई उधर से छेड़ता है। कोई तंग करता है। किस तरह से दिल्ली की बसों में जेब कतरे काम करते हैं। किस तरह से अपराध होते हैं। जब हमारी सरकार बनी तो हमने दिल्ली की बसों में बस मार्शल नियुक्त किए थे। मुझे पता है किसी महिला से छेड़खानी होने पर बस मार्शल आरोपी को पकड़कर थाने ले जाते थे। एक बस मार्शल ने तो बकायदा चार साल के बच्चे को किडनैपर से बचाया था। केजरीवाल ने कहा कि बस मार्शलों को हटाने से एक तरफ दिल्ली की बसों में महिला सुरक्षा के साथ समझौता किया गया, दूसरी तरफ बस मार्शलों की नौकरी करने वाले युवा बेरोजगार हो गए। उन्होंने कहा, एक बस मार्शल को केवल 15 हजार रुपये का वेतन मिलता था, लेकिन इन लोगों ने 10 हजार मार्शलों की नौकरी छीन ली। बस मार्शल की नौकरी करने वाले ये सब लोग गरीब परिवारों से थे। केजरीवाल ने कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री आतिशी समेत पूरी कैबिनेट ने बस मार्शल के मुद्दे पर उनके साथ चर्चा की।

# दिल्ली में रामलीला के मंचन के दौरान, श्री राम का किरदार निभाने वाले शख्स की हार्ट अटैक से मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शाहदरा में रामलीला का मंचन करते हुए भगवान श्री राम का किरदार निभाने वाले सुशील कौशिक का निधन हो गया। मंचन के दौरान उनके सीने में एकदम तेज दर्द और घबराहट हुई, जिसके बाद एंबुलेंस बुलाई गई। एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में उनकी मौत हो गई। वो 54 साल के थे। बताया जा रहा है कि कलाकार सुशील कौशिक पेशे से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। राम लीला कमेटी में वह पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से जुड़े थे। घटना के समय वह भगवान श्री राम का किरदार निभा रहे थे। जब उनकी तबीयत बिगड़ी तो वह मंच से नीचे उतर गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों का कहना है कि उनको यह नहीं मालूम था कि उनके साथ कुछ ऐसा हो सकता है। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह रामलीला मंच पर भगवान श्री राम के किरदार का मंचन कर रहे हैं और बाकायदा डॉयलाग भी बोल रहे हैं।

तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। इसके बाद वह मंच से नीचे जाने लगे। जहां वह अपने सीने में दर्द और उलझन होने की बात कह रहे हैं। इसके बाद रामलीला कमेटी के अन्य लोगों ने एंबुलेंस बुलाई और उनको अस्पताल के लिए ले कर निकले। एक अन्य वीडियो में वह स्टेज से नीचे बैठकर भजन गाते दिख रहे हैं। उनके बगल में कई अन्य लोग भी भजन गा रहे हैं। जिसके बाद उनकी तबियत खराब हुई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### देश की जनता ने केजरीवाल को नकारा, अब दिल्ली की बारी : रमेश बिधूड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने एक विशाल जनसभा आयोजित की। इसमें दक्षिण दिल्ली के भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। पूर्व रमेश बिधूड़ी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद आए एग्जिट पोल के नतीजों को लेकर कहा कि केजरीवाल को हरियाणा और जम्मू की जनता ने नकार दिया है, अब दिल्ली की जनता भी इनको नकारेगी। केजरीवाल की भ्रष्ट सरकार ने दिल्ली को लूटने का काम किया है। हरियाणा में सभी सीटों पर अरविंद केजरीवाल की जमानत जब्त हो जाएगी। जम्मू-कश्मीर में इनका कुछ पता नहीं चल रहा है। उत्तर प्रदेश में 365 सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी और उत्तराखंड में 68 सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि अगर दिल्ली में आज मुझे बिजली चाहिए, तो ट्रांसफर लगाने के लिए जगह खरीद कर देनी पडेगी। इससे बड़ा ब्लंडर क्या हो सकता है।

## एक नजर

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 72 प्रतिशत रहा।

मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने का अनुमान जताया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 142 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है।

### राहुल की महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को आवश्यक बताते हुए देशभर की महिलाओं से पार्टी के शक्ति अभियान से जुड़ने की अपील की है। श्री गांधी ने सोशल प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर यह अपील करते हुए महिलाओं से राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है ताकि देश की आधी आबादी को उनका हक मिल सके। श्री गांधी ने कहा,महिलाएं हमेशा से हमारे समाज और राजनीति की एक महत्वपूर्ण शक्ति रही हैं, फिर भी संसद और विधानसभाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं में असमानता बनी हुई है।

सच्ची समानता के लिए इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा, आधी आबादी, पूरा हक की सोच के साथ हम इस लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। यदि आप भी यह बदलाव लाने के लिए तैयार हैं, तो शक्ति अभियान से जुड़ें। आपकी भागीदारी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बना कर असली बदलाव लाने के लिए बेहद अहम है। उन्होंने महिलाओं से अपील की और कहा,आइए, गांव से लेकर राष्ट्र तक हम इस परिवर्तन के प्रतिभागी बनें और आज ही शक्तिअभियान डॉटइन पर रजिस्टर करें।

### प्रधान की मौजूदगी में होगा एनसीईआरटी- अमेजन के बीच अनुबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार शैक्षिक संसाधनों को बढ़ाने, सुलभ बनाने, शिक्षा में नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसको लेकर यहां सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच अनुबंध पत्र (एलओई) पर हस्ताक्षर समारोह आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा,ह्लशिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सात अक्टूबर को नयी दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच अनुबंध पत्र (एलओई) पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह की अध्यक्षता करेंगे। यह साझेदारी शैक्षिक संसाधनों को बढ़ाने, सुलभ बनाने, शिक्षा में नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### केजरीवाल ने किया टेबल टेनिस ग्राउंड का उद्घाटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में तीन जगह आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। सबसे पहले अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली के गोल मार्केट पहुंचे और यहां सेक्टर दो में स्थानीय लोगों के साथ पौधरोपण किया। इसके बाद काली बाड़ी मार्ग और हनुमान रोड पर भी पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों के साथ पौधे लगाए। इसके बाद उन्होंने टेबल टेनिस ग्राउंड का भी उद्घाटन किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने क्षेत्र के लोगों के साथ कॉलोनियों में घूमकर उनसे उनकी समस्याएं जानी और उनका जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

अरविंद केजरीवाल ने पौधरोपण कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए क्षेत्र के लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि कई दिनों बाद अपने क्षेत्र की जनता से मेरी मुलाकात हो रही है। आप सभी जानते हैं कि किस वजह से मैं कुछ महीने के लिए आप लोगों के बीच में नहीं आ सका लेकिन अब नियमित रूप से आप लोगों के बीच में आया करूंगा। केजरीवाल ने कहा कि मेरे पीछे मेरी पूरी टीम ने क्षेत्र के लोगों को जो-जो जरूरतें हुईं, उनको पूरा करने का पूरा प्रयास किया। अब मैं आ गया हूं। क्षेत्र के लोगों की जो भी मांगे अभी रह गई हैं, उनको भी पूरा करने की कोशिश करूंगा। मेरा नई दिल्ली की जनता के साथ पुराना रिश्ता है और यह रिश्ता हमेशा कायम रहेगा। हम सभी मिल कर काम करेंगे और अपनी दिल्ली को आगे बढ़ाएंगे।

### मिश्रू के नये कलेक्शन के लिए श्रद्धा कपूर ने किया रैंप वॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हैदराबाद स्थित कॉउचर ब्रांड मिश्रू के लिए नयी दिल्ली में बेल्जियम के दूतावास में रैंप वॉक किया। इस कार्यक्रम में स्वप्ना अनुमोलू द्वारा डिजाइन किए गए मिश्रु के नवीनतम संग्रह रेजोनेंस 2024/25 का अनावरण किया गया।मिश्रु कॉउचर शोकेस के दौरान श्रद्धा, लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। लहंगे पर जटिल मनके और कढ़ाई चमक रहे थे, जिससे श्रद्धा को रनवे पर एक अलौकिक और सुंदर उपस्थिति मिली।मॉडल्स ने विभिन्न प्रकार के शानदार कपड़ों में रैंप वॉक किया।इस कलेक्शन में खूबसूरत लहंगे से लेकर आकर्षक इंडो-वेस्टर्न आउटफिट तक सब कुछ शामिल था। स्वप्ना अनुमोलू ने कहा, श्रद्धा कपूर बहुत प्यारी थीं और उनके साथ काम करना आसान था। वह बिल्कुल अलौकिक लग रही थीं।

### मुफ्त बिजली देने का ऐलान करें मोदी जी, मैं करूंगा भाजपा का प्रचार : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित जनता की अदालत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दिल्ली में अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब ह्यडबल लूट है। यूपी, हरियाणा, और मणिपुर जैसे राज्यों में डबल इंजन सरकारों की असफलता का उदाहरण देते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में समस्याएं बढ़ रही हैं, खासकर मणिपुर जहां पिछले दो साल से अशांति है।

केजरीवाल ने पीएम मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वह भाजपा शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देने की घोषणा करते हैं, तो वह खुद भाजपा का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा, कि 10 साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में कुछ खास नहीं हुआ। अब कम से कम जनता के लिए कुछ करके जाइए। उन्होंने दिल्ली में अपराध बढ़ने और महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति को लेकर दिल्ली पुलिस और भाजपा सरकार की आलोचना की। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली में बस मार्शलों को हटाकर सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा कि इन मार्शलों ने बसों में कई अपराधों को रोका था, लेकिन भाजपा ने इनकी नौकरी छीन ली। केजरीवाल ने भाजपा को गरीब विरोधी बताया और कहा कि भाजपा सरकार ने कई गरीबों की नौकरियां खत्म की हैं। उन्होंने अंत में कहा कि भाजपा की नीतियों से गरीबों को नुकसान हो रहा है, और उनकी हाय इन नेताओं को लगेगी।

# NCR में सबसे बड़ा डांडिया धमाल 2024: 2 दिन का मनोरंजन और उमंग

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** शनिवार को नोएडा मीडिया क्लब मे आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जतिन भारद्वाज और अंजली अवस्थी ने बताया कि ठउफ का सबसे बड़ा डांडिया इवेंट ठउफडांडिया धमाल के साथ दशहरा स्पेशल- 2024 आने वाला है। यह दो दिवसीय इवेंट इस साल के सबसे बहुप्रतीक्षित इवेंट्स में से एक है, जिसमें धूमधाम और ढेर सारे मनोरंजन का वादा किया गया है। अगर आप गरबा, डांडिया और दशहरे का मजा एक साथ लेना चाहते हैं, तो यह इवेंट आपके लिए है। 11 और 12 अक्टूबर को आयोजित इस इवेंट के टिकट तेजी से बिक रहे हैं, और आपके पास आखिरी मौका है इस रोमांचक इवेंट का हिस्सा बनने का।




इवेंट में क्या खास रहेगा?

यह इवेंट संगीत, नृत्य, फैशन, और ढेर सारे उपहारों से भरपूर रहेगा। दोनों दिन कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां और मनोरंजन की व्यवस्था होगी। खास बात यह है कि 12 अक्टूबर को दशहरे का भव्य रावण दहन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

मुख्य आकर्षणः

1. दैनिक 3,000+ लोगः हर दिन 3,000 से ज्यादा दर्शकों की उपस्थिति की उम्मीद है, जो इस इवेंट को और भी खास बनाएगी।

2. दशहरा स्पेशल रावण दहनः 12 अक्टूबर को दशहरे के अवसर पर विशाल रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हर साल की तरह धूमधाम से रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

लाइव परफॉर्मेंसः

ऊख तरुणः भारत के सबसे बड़े ऊख में से एक, ऊख तरुण अपनी धुनों से स्टेज को हिलाने के लिए तैयार हैं।

दीपिका साओः मुंबई की प्रसिद्ध गायिका दीपिका साओ लाइव परफॉर्मेंस देंगी, जो संगीत प्रेमियों के लिए एक विशेष आकर्षण होगा।

राजवीर शिशोदियाः करोड़ों फॉलोअर्स के साथ सोशल मीडिया स्टार और कलाकार राजवीर शिशोदिया स्पेशल गेस्ट के रूप में परफॉर्म करेंगे।

4. गुजराती गरबा और पंजाबी भांगड़ाः इवेंट में पारंपरिक गुजराती गरबा और पंजाबी भांगड़ा ग्रुप्स अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उत्सव का मजा दोगुना करेंगे।

5. फैशन शोः फैशन के नए ट्रेंड्स के साथ एक भव्य रैंप शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मॉडल्स अपने अद्भुत परिधानों में जलवा बिखेरेंगे।

6. लकी ड्रा और उपहारः इवेंट के दौरान लकी ड्रा के माध्यम से भाग्यशाली विजेताओं को शानदार उपहार दिए जाएंगे। स्टेज पर उपहार वितरण मशहूर फ्ख रॉकी द्वारा किया जाएगा।

7. स्टॉल बुकिंगः अपने ब्रांड को अधिकतम पहुंच दिलाने का सुनहरा मौका। सीमित स्टॉल स्पेस उपलब्ध हैं, जिनके जरिए आप अपने ब्रांड को हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

सुरक्षा व्यवस्थाः

इस इवेंट के दौरान सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। मेल और फीमेल बाउंसर और स्थानीय पुलिसकर्मी आयोजन स्थल पर तैनात रहेंगे, ताकि सभी दर्शक सुरक्षित और आरामदायक माहौल में इवेंट का आनंद उठा सकें।

कैसे बुक करें अपने पासः

टिकट बुकिंग के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स उपलब्ध हैं, जिनमें बुकमायशो, पेटीएम, टिकट99, और ऑल इवेंट्स प्रमुख हैं। आप अपनी टिकटें आसानी से इन प्लेटफार्मों से बुक कर सकते हैं। इसके अलावा, Google और Paytm Insider पर भी टिकटें उपलब्ध हैं।

# महिलाओं को जागरूक करने के लिए पुलिस ने चलाया 90 दिवसीय अभियान



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** नारी शक्ति को समर्पित शारदीय नवरात्र के अवसर पर गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की पहल पर नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए 'मिशन शक्तिह्न के विशेष अभियान फेज-5 के तहत 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की महिला सुरक्षा टीम द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए बच्चों, महिलाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। पुलिस कमिश्नर के मीडिया प्रभारी ने बताया कि 90 दिवसीय विशेष अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेज, गांव, सोसायटियों, लेबर कॉलोनियों, बाजारों में जाकर महिलाओं एवं बच्चियों को एकत्र कर उनसे वातार्लाप करते हुए सभी को महिला सशक्तिकरण अभियान, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति 5.0, शुभ मंगल योजना, विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम एवं उनसे सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा महिला पुलिसकर्मियों द्वारा विभिन्न पुलिस कम्युनिटी प्रोग्राम आयोजित करते हुए महिलाओं व बच्चियों को पॉश एक्ट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी के साथ ही लैंगिक अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया।

# कौशांबी सेंट्रल पार्क पप्पू चौपाल

## गीत - संगीत जहां न हो वह जीवन व्यर्थ है : राकेश जाखेटिया



**कौशांबी।** प्रात कालीन योग एवं प्राणायाम के उपरान्त भ्रमणकारी पार्क प्रेमियों द्वारा नवरात्री का पर्व गरबा - डांडिया खेलते हुए मनाया गया। इसके महत्व को बताते हुए कि जब शक्तिशाली असुर महिषासुर ने देवताओं को परेशान करना शुरू कर दिया तो ब्रह्मा, विष्णु और महेश के लिए यह चिंता का कारण बन गया था। फिर विष्णु और शिव ने अपनी शक्ति से शक्ति स्वरूपा दुर्गा को प्रकट किया और अन्य देवताओं ने अपने अपने शस्त्रों से दुर्गा को सुसज्जित किया। ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा एवं असुर महिषासु बीच नौ दिवसीय युद्ध चला। अंत में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की विजय हुई। महादेवी की भक्ति में उनके भक्त गरबा एवं डांडिया का नृत्य करते हैं। लोगों का समूह गुजरात से प्रारंभ होकर पूरे विश्व में नृत्य कर- के आनंद लेते हैं । हर समाज के हर उम्र के क्या बच्चे - क्या महिलाएं- क्या पुरुष सभी ने मां दुर्गा को याद करते हुए गीत संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी भक्त एक दूसरे पर फूल वर्षा करते रहे। अधिकांश पार्क प्रेमियों का कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम हमको स्वस्थ एवं प्रसंचित रखने में बहुत सहायक होते हैं तथा हमको डॉक्टर से दूर रखते हैं। कार्यक्रम के उपरांत फल, चना व हलवा का प्रसाद वितरण किया गया। गीत संगीत एवं प्रसाद वितरण में कमल गुप्ता , पवन गुप्ता , श्याम वैश्य , गौरव वर्मा , वरुण शर्मा , रविंद्र नागर , चौधरी नवल किशोर , अशोक परवाल , अशोक मंनुवाल , मुदित कुमार , प्रेम गोगिया , राधा रमन बंसल , उत्तम कुमार आदि अनेको पार्क प्रेमियों पूरा सहयोग दिया।

# भाजपा के डबल इंजन का मतलब महंगाई और भ्रष्टाचार है: अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर कटाक्ष किया। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का नतीजा केवल महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है। अरविंद केजरीवाल ने आप की जनता की अदालत में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार खत्म होने वाली है। डबल इंजन का सिद्धांत पूरे देश में विफल हो गया है। एक इंजन जून में टूट गया था, जब उन्हें सिर्फ 240 सीटें मिलीं थीं। अब दूसरा इंजन हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में फेल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को अब यह एहसास हो गया है कि डबल इंजन मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का पर्याय है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, जैसे-जैसे दिल्ली चुनाव नजदीक आएंगे, वे एक बार फिर डबल इंजन वाली सरकार की मांग करेंगे। लेकिन आपको उनसे पूछना चाहिए कि क्या हरियाणा में डबल इंजन वाली सरकार ने कुछ हासिल किया? उन्होंने 10 साल तक शासन किया, फिर भी मैंने अपने अभियान के दौरान देखा कि लोग भाजपा नेताओं को अपने गांवों में प्रवेश तक नहीं करने देना चाहते हैं। केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश में भाजपा के शासन की आलोचना करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में सात साल से उनकी डबल इंजन वाली सरकार है, फिर भी वे हाल के चुनावों में केवल आधी सीटें ही जीत पाए हैं। मणिपुर उनके शासन में दो साल से जल रहा है। देश इस डबल इंजन प्रणाली से थक चुका है, इससे केवल लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। भाजपा के चुनावी वादों पर सीधा प्रहार करते हुए केजरीवाल ने मतदाताओं से पार्टी के दावों को चुनौती देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, वे आपके घर आएंगे और वादा करेंगे कि वे वही सब करेंगे जो मैंने किया। लेकिन अगर ऐसा है, तो हमें उनकी क्या जरूरत है? उन्होंने 22 राज्यों पर शासन किया है, फिर भी हमने दिल्ली में शिक्षा को बदल दिया है। उनसे पूछिए, उन्होंने किस राज्य में स्कूलों में सुधार किया है? गुजरात में, जहां भाजपा एक दशक से अधिक समय से सत्ता में है, एक भी स्कूल अच्छी स्थिति में नहीं है। दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर करते हुए, केजरीवाल ने इसकी तुलना 1990 के दशक में मुंबई (तब बम्बई) की अराजकता से की। उन्होंने कहा, दिल्ली में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है।

# अवैध गांजे की बिक्री करने वाला अपराधी गिरफ्तार



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 113 पुलिस द्वारा अवैध गांजे की बिक्री करने वाला अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से 02 किलो अवैध गांजा बरामद। शनिवार को थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये अवैध गांजे की तस्करी करने वाला अभियुक्त 1. अब्दुल राशिद पुत्र मिया बदिया रहमान को मुखिया मार्केट सफार्बाद की ओर सेक्टर-73 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से 02 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया।

# रात में भेजा मैसेज, मैं आत्महत्या करने वाला हूं सुबह मिली युवक-युवती की लाश

**नोएडा, एजेंसी।** बुलंदशहर के रहने वाले एक युवक ने अपने भाई को मोबाइल पर मैसेज भेज कर बताया कि वह सुसाइड करने जा रहा है और सुबह दादरी से युवक की लाश सड़क किनारे मिली। युवक के साथ एक युवती की लाश भी मिली है। इसे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। रविवार को दादरी थाना क्षेत्र में एक युवक-युवती का शव मिला। दोनों की पहचान भी हो गई। युवक-युवती दोनों बुलंदशहर के रहने वाले थे। पुलिस ने शव को कस्टडी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझ पाएगी। फिलहाल, पुलिस इसे सुसाइड केस मान रही है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की तो शव के आस-पास वोमेटिंग(उल्टियां) होना पाया गया। जिसके आधार पर पुलिस मान रही है कि दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या की होगी। पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था गौतमबुद्ध नगर शिवहरी मीना ने बताया कि थाना दादरी क्षेत्र में एक सड़क किनारे युवक युवती के शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड टीम घटनास्थल पर पहुंची। फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल की जांच करने के दौरान आस पास वोमेटिंग(उल्टियां) होना पाया गया है। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया ये जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास लग रहा है। मृतकों की पहचान हो गई है। युवक-युवती जनपद बुलंदशहर के रहने वाले थे, दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गए है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि मृतक के भाई ने बताया कि उसे कल रात को उसके भाई का मैसेज मोबाइल पर मिला था। मैसेज में उसने लिखा था कि वह सुसाइड करने जा रहा है।

# त्योहारी सीजन में चलेंगी लगभग 400 स्पेशल ट्रेन

## 11 नवंबर तक लगाएंगी 5,975 स्पेशल ट्रिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवरात्रि की शुरूआत के साथ ही देश में फेस्टिव सीजन भी शुरू हो गया है। और इसके साथ ही छुट्टियों में एक जगह से दूसरी जगह जाने वाले मुसाफिरों की संख्या में भी तेजी के साथ बढ़ोतरी होने लगी है। फेस्टिव सीजन में यात्रियों की संख्या के दबाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने इस साल भी बड़ी तैयारी की है। नवरात्रि से लेकर छठ पूजा तक की अवधि में मुसाफिरों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने 400 से स्पेशल ट्रेन लॉन्च की है। फेस्टिव सीजन के दौरान ये स्पेशल ट्रेन 5,975 फेरे (ट्रिप) लगाएंगी, ताकि यात्रियों को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्रेन मिल सके। इसके पहले 2023 में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे। इस तरह इस साल मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन पिछले साल की तुलना में 1,546 फेरे अधिक लगाएंगी। हालांकि मंत्रालय की ओर से ये भी कहा गया है कि अगर मुसाफिरों की संख्या का दबाव और बढ़ा तो स्पेशल ट्रेन के फेरों की संख्या में और बढ़ोतरी की जा सकती है। मध्य रेलवे ने फेस्टिव सीजन के दौरान 278 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है, जिससे छुट्टियों में अपने पुश्तैनी शहरों में या गांव जाने और फिर वापस आने में लोगों को काफी सुविधा होगी। इन ट्रेनों का रूट, ऑरिजिन स्टेशन से छूटने और डेस्टिनेशन तक पहुंचने का समय तथा रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत जानकारी पाने के लिए इंडियन रेल की इंक्वारी वाली साइट से पता किया जा सकता है। इसके पहले उत्तर रेलवे ने भी फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों के लिए परेशानी मुक्त और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के इरादे से 138 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया था। इसके तहत 11 नवंबर तक ये स्पेशल ट्रेन 2,694 फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे की ओर से दावा किया गया था कि इस साल पिछले साल की तुलना में स्पेशल ट्रेन के फेरे अधिक होने की वजह से पहले से प्लान करके चलने वाले मुसाफिरों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। फेस्टिव सीजन के दौरान मुसाफिरों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन के अलावा पहले से चल रही 108 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच (डिब्बा) जोड़ने का भी ऐलान किया गया है। ये अतिरिक्त डिब्बे सामान्य श्रेणी के होंगे, जिससे अंतिम समय में यात्रा करने का मन बनाने वाले मुसाफिरों को भी ट्रेन में जगह मिल सकेगी।

# महंत यति नरसिंहानंद के बयान से गरमाया माहौल, मंदिर पर पुलिस फोर्स तैनात

**गाजियाबाद, एजेंसी।** डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के हालिया विवादित बयान ने तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। दरअसल, नरसिंहानंद के भड़काऊ बयान के बाद शुक्रवार रात से लोग डासना देवी मंदिर के बाहर इकट्ठा होने लगे थे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मंदिर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी। मंदिर के एंट्री गेट पर बेरिकेड्स लगाए गए हैं। मंदिर के बाहर गाजियाबाद पुलिस की 4-5 पीसीआर वैन खड़ी हैं। हाल ही में, गाजियाबाद समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में मुस्लिम समुदाय ने महंत के



बयान पर आपत्ति जताते हुए विरोध-प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन कर रहे 10 लोगों को पुलिस गिरफ्तार भी कर चुकी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि महंत के बयान से समाज में नफरत फैल रही है और इससे साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरा हो सकता है। गाजियाबाद पुलिस की ओर से महंत के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में जिन धाराओं का जिक्र किया गया है, उसमें सजा का प्रावधान तीन साल से कम है। महंत यति नरसिंहानंद पर पहले भी विवादित बयान देने के मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। लेकिन, ठोस कार्रवाई न होने के कारण स्थानीय लोगों में असंतोष और आक्रोश है। गाजियाबाद पुलिस स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। बता दें कि यति नरसिंहानंद ने पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद से बवाल बढ़ता जा रहा है। गाजियाबाद के अलावा मेरठ, बुलंदशहर समेत कई अन्य शहरों में भी प्रदर्शन और विरोध होता रहा। कई जगहों पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। इस मसले को लेकर राजनीतिक टीका-टिप्पणी और बयानबाजी भी जारी है।

## एक नजर

### देव एक्सलरेटर लाएगी 125 करोड़ का आईपीओ, सेबी के पास जमा किया ड्राफ्ट पेपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्लेक्सिबल ऑफिस स्पेस तैयार करने वाली कंपनी देव एक्सलरेटर लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा करा दिया है। कंपनी अपने आईपीओ के जरिए 125 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के अनुसार इस आईपीओ में केवल 2.47 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) नहीं होगा। आईपीओ क्लोज होने के बाद कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) दोनों एक्सचेंजों पर लिस्ट होंगे।

कंपनी द्वारा सेबी के पास जमा कराए डीआरएचपी के अनुसार आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे में से 68.95 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी अपने नए केंद्र में फिट आउट्स और उनके सिक्योरिटी डिपॉजिट्स के लिए करेगी। इसके अलावा 30 करोड़ रुपये का इस्तेमाल पुराने कर्जों को आंशिक या पूरी तरह से चुकता करने में किया जाएगा। इसके अलावा बचे हुए पैसे का इस्तेमाल मार्केटिंग कैपेसिटी को मजबूत करने और ब्रांड बिल्डिंग एक्सरसाइज जैसे सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कंपनी का इरादा नोएडा, गुरुग्राम, अहमदाबाद, राजकोट, वडोदरा, सूरत, मुंबई, गोवा और जयपुर जैसे शहरों में अपने काम के विस्तार करने का भी है।

### छात्रा पर तेजाब फेंकने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** खोड़ा थाना पुलिस ने 11वीं की छात्रा से छेड़छाड़ करने व उस पर तेजाब फेंकने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह लंबे समय से उस पर शादी करने का जबरन दबाव बना रहा था। विरोध पर तेजाब फेंकने की धमकी दी थी, जिस कारण पीड़िता ने स्कूल जाना व घर से निकलना भी छोड़ दिया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। खोड़ा थानाक्षेत्र एक कॉलोनी में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह खोड़ा क्षेत्र में ही एक कॉलेज में पढ़ती है। क्षेत्र में ही रहने वाला रिषभ चौधरी अपराधिक प्रवृत्ति का है। छात्रा के अनुसार जब वह कॉलेज जाती है तो वह उसे रोककर सरेराह छेड़छाड़ करता है। इतना ही नहीं, आरोपी उस पर शादी करने के लिए दबाव बना रहा है। विरोध करने पर वह परिजनों की हत्या और उस पर तेजाब फेंकने की धमकी दे रहा है। छात्रा का कहना है कि उक्त युवक की हरकतों के कारण उसका घर से निकलना मुश्किल हो गया है और उसकी पढ़ाई भी छूट गई। छात्रा ने आरोपी के खिलाफ खोड़ा थाने में तहरीर दी है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि छात्रा की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में अरविंद केजरीवाल आज फिर लगाएंगे 'जनता की अदालत'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, 'जनता की अदालत' कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करेंगे। इस दौरान दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में अपनी बेगुनाही का सबूत रखेंगे। साथ ही वह आगामी विधानसभा चुनाव में लोगों से ईमानदारी के सर्टिफिकेट के रूप में वोट देने की भी अपील करेंगे, ताकि वह फिर से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ सकें। इससे पहले उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर लोगों को संबोधित किया था। पार्टी की ओर से आयोजित जनता की अदालत में अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा था।

आआपा के सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने केजरीवाल के पीछे जिस ईडी-सीबीआई को लगाया था, उन एजेंसियों को कुछ भी नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम जनता से ईमानदारी का प्रमाणपत्र लेकर सत्ता में आएंगे। उल्लेखानीय है कि दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी थी। कोर्ट ने उन्हें बतौर मुख्यमंत्री किसी फाइल पर हस्ताक्षर करने, ऑफिस जाने और कैबिनेट की बैठक बुलाने पर रोक लगाई थी। जिसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और दिल्ली सरकार में मंत्री रहीं आतिशी को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में ड्यूटी से घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेटे ने केस दर्ज कराया है। मूलरूप से मध्यप्रदेश के रहने वाले शिवराम हाल में इंदिरापुरम क्षेत्र में रहते थे। वह कड़कड़ डूमा, दिल्ली में कार बंपर रिपेयर का कार्य करते थे। शिवराम के बेटे ओमप्रकाश ने बताया कि पिता 27 सितंबर को घर लौट रहे थे। मोहन नगर से वसुंधरा की ओर जाते समय इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### दिल्ली दंगे 2020: यूएपीए मामले में उमर खालिद की जमानत याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। इस मामले में अन्य सह-आरोपियों शरजील इमाम और गुलफिशा फातिमा, 'यूनाइटेड अगेंस्ट हेट' के संस्थापक खालिद सैफी और अन्य की जमानत याचिकाएं भी न्यायमूर्ति नवीन चावला और शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष नए सिरे से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। दरअसल ये मामले पहले न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष थे, लेकिन न्यायाधीश को हाल ही में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया। उमर खालिद, शरजील इमाम और कई अन्य लोगों पर फरवरी 2020 के दंगों के कथित तौर पर "मास्टरमाइंड" होने के लिए आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे।

सितंबर 2020 में दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए उमर खालिद ने 28 मई के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसने मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया था। जुलाई में उच्च न्यायालय द्वारा उनकी अपील पर नोटिस जारी किया गया था। इमाम, सैफी और अन्य आरोपियों की याचिकाएँ 2022 में दायर की गई थीं और तब से समय-समय पर विभिन्न पीठों के समक्ष सूचीबद्ध की गई हैं। शरजील इमाम ने 2022 में दायर अपनी अपील में 11 अप्रैल, 2022 के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उसे जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

### यति नरसिंहानंद की विवादित टिप्पणी पर रोष

**गाजियाबाद, एजेंसी।** हिंदी भवन में एक आयोजन के दौरान यति नरसिंहानंद की विवादित टिप्पणी पर विभिन्न संगठनों ने रोष जताया है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारी कमिश्नरेट कार्यालय और नॉनवेज व्यापार मंडल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय में यति नरसिंहानंद के खिलाफ शिकायत दी। पदाधिकारियों ने जल्द गिरफ्तारी न होने पर पांच अक्तूबर को बड़े स्तर पर प्रदर्शन की चेतावनी दी।

# महाकुंभ स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगा: योगी




**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए लोगो, वेबसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च किया, साधु-संतों के सुझाव सुने और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सभी तैयारियों के लिए स्पष्ट समय सीमा तय की और निर्देश दिया कि 10 दिसंबर तक सभी काम पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा के नए मानक स्थापित करेगा।

योगी ने कहा ह्ल यूपी ने 2019 में कुंभ का सफलतापूर्वक आयोजन करके उच्च मानक स्थापित किए थे, जिससे इस आयोजन के लिए जनता की उम्मीदें बढ़ गई थीं। वर्ष 2019 में 3,200 हेक्टेयर में फैले मेले का क्षेत्रफल अब 4,000 हेक्टेयर से अधिक हो जाएगा।ह्व

उन्होंने दोहराया कि महाकुंभ सनातन भारतीय संस्कृति को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसके लिए उन्होंने 7,000 से अधिक बसें लगाने और 1,50,000 से अधिक शौचालय बनाने की घोषणा की।

उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि स्वच्छता प्रयासों को बढ़ाने के लिए 10,000 कर्मियों को तैनात किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान गंगा और यमुना अविरल तथा स्वच्छ रहेंगी साथ ही बिजनौर से बलिया तक कोई डिस्चार्ज नहीं होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिसंबर के पहले सप्ताह तक स्टील ब्रिज का निर्माण पूरा हो जाए, ताकि कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या से प्रयागराज तक आसानी से पहुंचा जा सके। मेला क्षेत्र में तीन पुलिस लाइन, तीन महिला थाने और 10 पुलिस चौकियां बनाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयरपोर्ट से मेला मैदान तक वीवीआईपी कॉरिडोर बनाने का निर्देश दिया, हालांकि विशेष स्नान पर्वों पर वीआईपी मूवमेंट नहीं होगा। सुरक्षा बढ़ाने के लिए उन्होंने मेला क्षेत्र में इन पुलिस सुविधाओं की स्थापना करने का निर्देश दिया।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को हर श्रद्धालु की आस्था का सम्मान करने और सभी व्यक्तियों, चाहे वे कल्पवासी हों, स्नानार्थी हों, श्रद्धालु हों या पर्यटक हों, के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और पुलिस का व्यवहार सहयोगात्मक होना चाहिए। सुरक्षा के संदर्भ में, योगी ने प्रभावी भीड़ प्रबंधन, अग्निशमन सेवाओं, हेल्प डेस्क, पार्किंग सुविधाओं और सीसीटीवी निगरानी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक एंटी-ड्रोन सिस्टम की स्थापना की भी घोषणा की और जोर दिया कि सुरक्षा मॉडल में एआई टूल शामिल होने चाहिए। सीएम ने स्थानीय अधिकारियों और कुंभ मेला प्रशासन से अखाड़ों, आचार्यों और संतों से लगातार मार्गदर्शन लेने का आग्रह किया, ताकि उनकी अपेक्षाओं को पूरी तरह से पूरा किया जा सके।

उन्होंने प्रयागराज में निवासियों को रोजगार से जोड़ने और उन्हें अतिरिक्त आय उत्पन्न करने में मदद करने के लिए होमस्टे के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। योगी ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए जीआरपी थाने स्थापित करने की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया। सतर्कता में सुधार के लिए उन्होंने रेलवे अधिकारियों और यूपी पुलिस के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। सुरक्षा के लिहाज से किराएदारों, रेस्टोरेंट कर्मचारियों और ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन भी किया जाएगा।

## योगी ने प्रयागराज में जारी किया महाकुंभ का लोगो

प्रयागराज, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के लिए नए बहुरंगी लोगो का अनावरण किया। लोगो धार्मिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक है, जिसमें पौराणिक समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश को दशार्या गया है। इस डिजाइन में एक मंदिर, एक द्रष्टा, एक कलश, अक्षयवट वृक्ष और भगवान हनुमान की एक छवि है, जो सनातन सभ्यता में प्रकृति और मानवता के संगम का प्रतिनिधित्व करती है। यह आत्म-जागरूकता और लोक कल्याण के निरंतर प्रवाह को भी दशार्ता है, जो महाकुंभ 2025 के लिए एक प्रेरणादायक प्रतीक के रूप में कार्य करता है। कुंभ मेला, जिसे यूनेस्को द्वारा 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता दी गई है, को तीर्थयात्रियों की दुनिया की सबसे बड़ी शांतिपूर्ण सभा माना जाता है। 'सर्व सिद्धि प्रदा कुंभ' (कुंभ सभी प्रकार की आध्यात्मिक शक्तियों को प्रदान करता है) के आदर्श वाक्य के साथ, महाकुंभ आध्यात्मिक महत्व का एक गहन प्रतीक है। महाकुंभ, जो विश्व स्तर पर सबसे बड़े त्योहारों में से एक है, का लोगो इसके विविध और दूरगामी प्रभाव को दशार्ने के लिए तैयार किया गया है, जो इसके आध्यात्मिक सार और सांस्कृतिक भव्यता दोनों को दशार्ता है। देश भर के सभी संप्रदायों के साधु और संत बड़ी संख्या में महाकुंभ में भाग लेते हैं, जिसका प्रतीक लोगो में एक साधु द्वारा शंख बजाना है। इसके अतिरिक्त, दो साधुओं को नमस्कार की मुद्रा में दशार्या गया है, जो इस आयोजन की गहरी श्रद्धा को दशार्ता है। लोगो में संगम नगरी के तट पर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों को भी शामिल किया गया है और यह सनातन धर्म की विभिन्न परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है। डिजाइन में दिखाया गया अमृत कलश गहन प्रतीकात्मकता रखता है: इसका मुख भगवान विष्णु का प्रतिनिधित्व करता है, गर्दन रुद्र का प्रतीक है, आधार ब्रह्मा का प्रतीक है, मध्य भाग सभी देवियों का प्रतीक है और इसके भीतर का जल पूरे महासागर का प्रतिनिधित्व करता है। महाकुंभ एक महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक उत्सव है जो दुनिया भर से श्रद्धालुओं को एक साथ लाता है। चूंकि यह आयोजन प्रयागराज में होता है, इसलिए लोगो में शहर के सबसे पवित्र स्थल, त्रिवेणी संगम, गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम को प्रमुखता से दिखाया गया है। डिजाइन में संगम की लाइव सैटेलाइट इमेज साफ दिखाई देती है, जो जीवन के प्रतिनिधित्व के रूप में इन नदियों के शाश्वत प्रवाह का प्रतीक है। यह समावेश महाकुंभ की समृद्ध परंपरा में प्रयागराज के आध्यात्मिक और भौगोलिक महत्व को उजागर करता है।

# किसान-मजदूर का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे : चरण सिंह राजपूत



**द न्यूज फिफ्टीन**

**बिजनौर।** किरतपुर गांव सरकड़ा खेड़ी में भारतीय सोशलिस्ट मंच द्वारा आयोजित किसान मजदूर सम्मेलन में उपस्थित जनों से संगठित होकर मान सम्मान और अपने अधिकारों को हासिल करने की लड़ाई लड़ने का आव्हान किया गया। मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सम्मेलन के मुख्य वक्ता चरण सिंह राजपूत ने कहा कि किसान मजदूर का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

रविवार को किरतपुर क्षेत्र के गांव सरकड़ा खेड़ी में भारतीय सोशलिस्ट मंच द्वारा किसान मजदूर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सम्मेलन के मुख्य वक्ता चरण सिंह राजपूत ने वंशवाद की राजनीति का विरोध करते हुये युवाओं से राजनीति में पैठ बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी किसान मजदूर का शोषण कर रहे हैं। इस शोषण के विरुद्ध सोशलिस्ट मंच किसानों को, मजदूरों को, दलितों को जागरूक करने का काम रहा है। मुख्य अतिथि एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट आदित्य कुमार ने कहा कि जाति धर्म से बाहर निकलते हुये किसान मजदूर के लिये संघर्ष करो। उन्होंने कहा कि राजनीति से ज्यादा समाज को तवज्जो दो। प्रदेश प्रभारी देवेंद्र अवाना ने कहा कि एकजुट होकर भाईचारा को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम को गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर, राजपूत सभा के जिलाध्यक्ष शिव कुमार राजपूत, राजपूत सभा के पूर्व महामंत्री मनोज राजपूत, नरेंद्र कुमार, नरेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया। इससे पहले शहबाजपुर स्थित आदर्श इंटर कालेज स्थित प्रख्यात समाजवादी और स्वतंत्रता सेनानी रहे ठाकुर हरगु लाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मनोज कुमार को मंच का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# आरोपी को रायबरेली जेल में स्थानांतरित किया गया




**रायबरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में एक स्कूल शिक्षक, उनकी पत्नी और उनकी दो बेटियों की हत्या के आरोपी चंदन वर्मा को यहां जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वर्मा (35) को शनिवार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मुठभेड़ में घायल होने के बाद वर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे शनिवार शाम को जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। वर्मा को शनिवार शाम को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जेल अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि वर्मा शनिवार रात करीब आठ बजे जेल पहुंचा। वर्मा पर अमेठी स्थित एक सरकारी स्कूल के शिक्षक सुनील (35), पत्नी पूनम (32) और उनकी दो बेटियों की गत तीन अक्टूबर को अमेठी के अहोरवा भवानी इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि पूनम ने 18 अगस्त को रायबरेली में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने यह भी उल्लेख किया था कि 'अगर उसे या उसके परिवार को कुछ भी होता है' तो इसके लिए वर्मा जिम्मेदार होगा। रायबरेली निवासी वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह बृहस्पतिवार को पीड़ितों के घर पहुंचा, वहां किसी बात पर भड़क गया और परिवार के सदस्यों को गोली मार दी। उसने चारों की हत्या करने की बात कबूल की। वर्मा ने कहा कि पिछले 18 महीनों से उसका पूनम के साथ प्रेम संबंध था, रिश्ते में खटास आने से वह तनाव में आ गया जिस वजह से उसने परिवार की हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने यह भी कहा कि उसने खुद को मारने की कोशिश की थी, लेकिन पिस्तौल से गोली नहीं चली।

# नारी शशक्तिकरण के लिए सैदेव तत्पर : इमराना मलिक



**जलालाबाद (शामली)।** जनपद मे महिला शशक्ति करण अभियान मे पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के निर्देश पर थाना थानाभवन से महिलाओ के हक ओर अधिकार के लिए कस्बा जलालाबाद मे चौकी प्रभारी मुनेंद्र सिंह,लेडी हेड कांस्टेबल निधि ठाकुर, आँचल शर्मा, रोहित कुमार, वाशु भारद्वाज, शेखर सिंह पुलिस कर्मी के साथ शाहगाजीपुरा वार्ड न. 9 मे महिलाओ को लेकर अधिकारों के बारे मे सभासद इमराना मलिक के नेतृत्व मे सैकड़ो महिलाओ को संघठित कर बताया, जिसमे सभासद इमराना मलिक ने कहा की कस्बा जलालाबाद मे अपने वार्ड क्षेत्र से अलग हटकर भी महिलाओ के सामाजिक कार्यों, या घरेलू विवाद को निपटाना सर्वप्रथम वरियता है, जिसको लेकर तन मन धन से सैदव तत्पर रहूंगी, वार्ड वाशी महिलाओ जिनमे घरेलू साफ सफाई, विवाद से दूर, शिक्षा के प्रति जागरूक, दहेजप्रथा विरोध, एकता का परिचय,एवम मान सम्मान मे अग्रणी महिलाओ को सभासद द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों मे सम्मानित किया जाता है, पुलिस आरक्षी ने सरकार की ओर से 1098,1090,181,112,1076 ,1930,एवम सियुजी मोबाइल न. 9454404085 थाना थानाभवन, एवम महिला हेल्प डेस्क के बारे मे महिलाओ को जानकारी दी, राजेश देवी, गीता कश्यप , अंगूरी कश्यप, सरवरी, आमना, हिना, लाडो खातून, शमा, आदि महिलाये मौजूद रही!

# 74 करोड़ से प्रदेश के गौ पालकों को स्वावलंबी बनाएगी योगी सरकार

## गौ पालकों को पशु स्वास्थ्य एवं दुग्ध गुणवत्ता के लिए वितरित की जाएंगी 621 परीक्षण किट



**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के गौ पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए नन्द बाबा दुग्ध मिशन के द्वितीय चरण को हरी झंडी दे दी है। ऐसे में योगी सरकार मिशन के तहत विभिन्न योजनाओं को परवान चढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 74 करोड़ 21 लाख रुपये खर्च करेगी। इससे प्रदेश के दस हजार से अधिक गौ पालकों को लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

2566 लाभार्थियों को मिलेगा मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन का लाभ, खर्च होंगे 2052.40 लाख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौ पालकों की आय बढ़ाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष नन्द बाबा दुग्ध मिशन को लांच किया था। सीएम योगी ने इस पंचवर्षीय मिशन के लिए एक हजार करोड़ रुपये के फंड का प्राविधान किया था। इसी के तहत सीएम योगी ने मिशन के दूसरे चरण को हरी झंडी दे दी है। सीएम योगी के इस कदम से वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2566 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए 2052.40 लाख का बजट प्राविधानित है। इसी तरह मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना का 7028 लोगों को लाभ मिलेगा। इसके लिए 790 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का 90 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। इस योजना में 1015 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा 330 प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में 722.70 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। गौ पालकों को पशु स्वास्थ्य एवं दुग्ध गुणवत्ता के लिए 621 परीक्षण किट वितरित की जाएंगी। इसके लिए 25 लाख की धनराशि आवंटित की गयी है। प्रदेश के डेयरी हित धारकों की डेयरी की क्षमता बढ़ाने के लिए 1447 डेयरी धारकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 64.30 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे।

नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना पर खर्च किये जाएंगे 1730.08 लाख

मिशन के तहत साएलेज / हे / टीएमआर मेकिंग के अध्ययन एवं ट्रेनिंग नीड एसेसमेंट (टीएनए) की योजना के लिए 35 लाख आवंटित किये गये हैं। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत संचालित एबीआईपी-आईबीएफ ईटीटी योजना का 200 लोगों को लाभ दिया जाएगा, जिस पर 25 लाख खर्च किये जाएंगे। नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल को विकसित करने के लिए 60 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना (नवीन योजना) का 294 लोगों को लाभ दिया जाएगा। इस मद में 1730.08 लाख खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (एसपीएमयू) के संचालन के लिए 237.60 लाख, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (डीपीएमयू) के 18 जनपदों में संचालन के लिए 214 लाख आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र, रहमानखेड़ा लखनऊ में बोवाइन पशुओं में सेक्स्ड सार्टेड सीमेन उत्पादन की परियोजना में प्रयोगशाला निर्माण के लिए 450 लाख खर्च किये जाएंगे।

## एक नजर

### अपने कुकर्मों की वजह से सीसामऊ विधायक की गई सदस्यता : सुरेश खन्ना



**कानपुर, एजेंसी।** सीसामऊ विधानसभा सीट पर जिसे आपने चुना था, उसकी विधानसभा सदस्यता अपने कुकर्मों के चलते गई है। अब महज ढाई वर्ष बचे हैं और उपचुनाव में आप लोग ऐसे नेता को चुनें जो आपकी समस्याओं को मजबूती से उठा सके। साथ ही आपके हितों की रक्षा कर सके। आप लोग भाजपा को जिताएं। ताकि सीसामऊ में विकास चहुंओर हो सके। यह बातें रविवार को कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री व सीसामऊ विधानसभा सीट के उपचुनाव प्रभारी सुरेश खन्ना ने कही। सुरेश खन्ना ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के कामगारों व मजदूरों से अपील किया कि आप लोग अबकी बार किसी के बहकावे में न आएं। विपक्षी त्वरित लाभ देकर आपको भ्रमित कर सकते हैं, इसलिए आपको सचेत रहना है। भाजपा का एजेंडा साफ है कि गरीब मजदूरों की आर्थिक स्थिति अच्छी हो और क्षेत्र में विकास हो। जब से उपचुनाव सुनिश्चित हुआ, तब से सीसामऊ में विकास परक योजनाओं पर बराबर कार्य हो रहा है। क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। आप लोग भाजपा को जिताएं और यह विकास कार्य अनवरत चालू रहेंगे। कानपुर की चिमनियों से फिर धुआं निकलेगा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घोषणा कर चुके हैं कि कानपुर का गौरव पुनः वापस लाया जाएगा। मजदूरों के बच्चों का जीवन सुखमय बनेगा। खन्ना ने कहा कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश की स्थिति बेहतर हुई है। हमारा प्रदेश अन्य प्रदेशों को पीछे छोड़ चुका है। केन्द्र सरकार ने अभी हाल ही में न्यूनतम मजदूरी को निर्धारित किया जो अति सराहनीय कदम है। ठीक उसी तरह उप्र सरकार भी न्यूनतम मजदूरी तय करने का विचार कर रही है। इससे पूर्व जब उप्र में सपा की सरकार थी तो इसे बिमारू राज्य कहा जाता था। योगी सरकार लगातार केन्द्र सरकार के साथ प्रदेश के मजदूरों के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास कर रही है।

### जीवन में अर्थ का संचार करेगा बरगद अमृत संगठन : शाही



**देवरिया, एजेंसी।** विकसित देवरिया और कुशीनगर के संकल्पों को पूरा करने के लिए सदर सांसद शशांक मणि ने एक नई पहल की शुरूआत की है। जनपद देवरिया-कुशीनगर के 1050 गांवों को समृद्ध बनाने के लिए एक सामाजिक ह्यबरगद अमृत संगठनह्ल का गठन किया गया है। रविवार को बरगद अमृत सगंठन का शुभारम्भ स्वावलम्बी भारत अभियान के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि अपने पूर्वांचल की पहचान को पूरे देश दुनिया में ले जाने और हर व्यक्ति के जीवन में 'अर्थ'के संचार के लिए बरगद अमृत संगठन का गठन किया है। इस संगठन के सदस्य गांव-गांव में प्राकृतिक अर्थ, भौतिक अर्थ और सांस्कृतिक अर्थ के माध्यम से लोगों को जागरुक करेंगे। साथ ही अपने क्षेत्र की मानव क्षमता को बढ़ाने में मदद करेंगे।

संगठन के संस्थापक सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि बरगद अमृत संगठन के शुभारम्भ के साथ ही रविवार को जागृति उद्यम केंद्र का पूर्वांचल के चार और जिलों का विस्तार हुआ। जागृति उद्यम केंद्र देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर के साथ अब मऊ, बलिया, संतकबीरनगर और महराजगंज में भी उद्यमिता को बढ़ाने का संकल्प लिया हैं। इसके साथ ही आज श्री मणि ने उद्यमिता पर राष्ट्रव्यापी कानून बनाने के लिए उद्यमिता बिल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि वो एक बिल का प्रारुप तैयार कर रहें हैं। कार्यक्रम में आई जनता के बीच वी मणि ने एक छोटा सा प्रारुप भी रखा और लोगों से इस बिल पर सुझाव भी मांगे। इन तीनों कार्यक्रमों के माध्यम से सांसद ने देवरिया-कुशीनगर समेत पूर्वांचल में उद्यमिता की अलख जगाने की बात कही। इस दौरान राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल, सतीश , विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक नंद किशोर मिश्रा, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, ईश्वरचंद जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, विजय पटेल, निशिरंजन तिवारी, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, मनीष मल्ल, नरेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

### एटा में एक अज्ञात युवती का शव पाया गया

**एटा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में एटा जिले के जशरथपुर क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवती का शव पाया गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जशरथपुर थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव के एक खेत में रविवार को करीब 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। सुबह खेत में गये लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। शव की पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। संबंधित थानाध्यक्ष से मामले की विस्तार से जांच करने को कहा गया है।

### उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मृत पाये गये सात मोर, जांच शुरू

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर स्थित शेरकोट इलाके में सात मोर मृत पाये गये हैं। प्रभागीय वन अधिकारी ज्ञान सिंह ने बताया कि शनिवार शाम शेरकोट के भिक्कावाले गांव में नहर पुलिया के पास एक खेत में सात राष्ट्रीय पक्षी मोर मरे पाये गये। उनमें से एक मादा मोर है। उन्होंने बताया कि मृत मोरों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से उनकी मौत के सही कारणों का पता चलेगा लेकिन प्रथम द्दष्टया ऐसा लगता है कि उनकी मौत जहर खाने से हुई है। सभी मोरों की उम्र पांच से सात महीने है। सिंह ने बताया कि मामले का संज्ञान लेते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उप प्रभागीय वन अधिकारी, नजीबाबाद को सौंपी गई है।

# बिहार के लिए बीजेपी का गजब का सियासी प्लान

## नीतीश-लालू के साथ चिराग और मांझी भी हो जाएंगे 'सेट'!



**पटना,दीपक कुमार तिवारी।**
बिहार के चुनावी रण में एक बार फिर बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह हिंदुत्व का मुद्दा सेट करने को सियासी मैदान में उतर गए हैं। हालांकि चुनाव में समय है पर सियासी दस्तक अभी से धमक के साथ हर दल की चुनावी तैयारी में दिखने लगा है। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ 'बंटोगे तो कटोगे' के तर्ज पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह काटने का सामान रखने की इजाजत भर नहीं बल्कि एक तरह से चुनावी मूड में हिंदुत्व को लाने में जुट गए हैं।

हम सनातन धर्म के लोग दुर्गा पूजा में मां की पूजा अस्त्र-शस्त्र के साथ करते हैं, तो इसमें कुछ गलत नहीं है। आरजेडी के तमाम नेता जब माथे पर टोकरी लेकर फुलवारी शरीफ मजार पर जा सकते हैं तो हिंदू अस्त्र शस्त्र की पूजा कर घर में क्यों नहीं रख सकते हैं? अगर इस्?लाम में यह सही हैं, तो हमारे देवी-देवताओं के हाथों में अस्त्र-शस्त्र होते हैं, उनको बांटने में क्या गलत है। दुर्गा माता के साथ यदि कोई अस्त्र लेकर जा रहा है, तो यह सौभाग्य की बात है। मैं तो कहूंगा कि हर हिंदू के घर में देवी-देवताओं के शस्त्रों की पूजा होनी चाहिए और उन्हें घर में रखना चाहिए, ताकि उनकी पूजा से हमारी रक्षा हो सके। बीजेपी की राजनीति में सॉफ्ट और हार्ड कोर नेताओं की अपनी-अपनी भूमिका है और अपना-अपना एक्सेप्टेंस भी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भाजपा के हार्ड कोर नेता हैं जिनके फायर हिंदुत्व एकता को लेकर आते रहे हैं। जब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ऐसा कर रहे होते हैं तो उनके शब्द बदलते रहते हैं।

दरअसल, बिहार की राजनीति में जातीय जकड़न के तत्व मौजूद हैं। जाति के नाम से पार्टियों की पहचान होती है। मसलन राजद के एम वाई, जदयू का लव कुश, रालोमा का कुशवाहा, पासवान का लोजपा, मल्लाह का वीआईपी आदि-आदि। ऐसे में प्रदेश भाजपा हिंदुत्व के सहारे बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की वैतरणी पार करने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दी है। और इसलिए भाजपा के पास हिंदुत्व की धार बहाने के लिए गिरिराज सिंह से बेहतर कोई चेहरा नहीं। राम मंदिर निर्माण के जरिए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने वाली प्रदेश भाजपा की नजर अब मां सीता की जन्मभूमि से हिंदुत्व की बयार बहाने के लिए है ही और इस राह पर चलकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हुंकार भर कर यह संकेत भी दे डाला है।

## एक नजर

### 'होमवर्क नहीं कर पाया सर', इतना सुनते ही टीचर के सिर पर हुआ भूत सवार

अस्पताल पहुंचा छात्र



**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के यादव नगर में एक निजी आवासीय स्कूल में होमवर्क नहीं करने पर एक स्कूल टीचर ने छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। टीचर की पिटाई से छात्र के शरीर पर काफी गंभीर चोटें आई हैं। छात्र के शरीर पर चोट के निशान टीचर की बर्बरता की कहानी बयां कर रहे हैं। वहीं बच्चे अक्षित अयांश के परिजनों ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले में स्कूल टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गायघाट के रामनगर निवासी रोशन कुमार का बेटा अक्षित अयांश मुजफ्फरपुर के ही एक निजी आवासीय स्कूल में कक्षा चार में पढ़ता है। आरोप है कि जब अक्षित ने होमवर्क नहीं किया तो उसे स्कूल के टीचर सुधांशु कुमार ने जमीन पर गिराकर डंडे से बुरी तरह से पीटा। टीचर की इस पिटाई से अक्षित को काफी चोटें आई हैं। चोट के निशान अक्षित के शरीर पर साफ नजर आ रहे हैं। घटना के बाद स्कूल से छात्र अक्षित ने जब घर पर फोन कर अपने परिवार वालों को पूरी बात बताई। घटना के बाद आक्रोशित परिवार के लोगों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के साथ परिजन स्कूल पहुंचे, तब जाकर बच्चे को परिजनों के हवाले किया गया। इस मामले में पुलिस ने छात्र के पिता की शिकायत पर स्कूल टीचर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अक्षित के परिवार के लोगों ने इस मामले में पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

### मैथिली में तकनीकी शिक्षा पर सरकार का निर्णय हास्यास्पदः उमेश राय

अखिल भारतीय बज्जिका विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उठाए गंभीर सवाल

**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** बिहार सरकार द्वारा इंजीनियरिंग, मेडिकल और कानून जैसे तकनीकी क्षेत्रों में मैथिली भाषा में पुस्तक लेखन और अनुवाद कराने के निर्णय को अखिल भारतीय बज्जिका विकास संघ, बिहार के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश राय ने हास्यास्पद करार दिया है। श्री राय ने कहा कि मैथिली एक जाति-विशेष की भाषा है, जिसका उपयोग दरभंगा और मधुबनी जिलों के 3 से 5 प्रतिशत लोग ही करते हैं। राय ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को इस तरह की क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई कराने की योजना उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकती है। उन्होंने इसे प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को सफल होने से रोकने की एक साजिश बताया। उन्होंने आगे कहा कि मैथिली की सीमित पहुँच और संकीर्णता के कारण ही बिहार सरकार ने इसे बिहार लोक सेवा आयोग से प्रतिबंधित किया हुआ है। दरभंगा और मधुबनी जिलों के गैर-मैथिल ब्राह्मण उम्मीदवारों के चयन की कमी का भी उन्होंने उल्लेख किया, जो इस भाषा की सीमाओं को और स्पष्ट करता है। उमेश राय ने बिहार सरकार से इस निर्णय को अविलंब वापस लेने की माँग की है।

### रेलवे पर 'पटरी' से उतरे लालू यादव



मोदी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

बोलेः 'अब रेल की पटरियां ही बेच देंगे'?

**पटना,संवाददाता।** आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर रेलवे को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में एनडीए सरकार ने रेल किराया, प्लेटफार्म टिकट का दाम बढ़ाया है, स्टेशन बेच दिए हैं और जनरल डिब्बे कम कर दिए हैं। लालू ने कहा कि बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधा भी बंद कर दी गई है। लालू यादव ने सोशल मीडिया ह्यएक्सह्न पर लिखा कि सुरक्षा में कमी की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इतना सब कुछ होने के बाद भी सरकार कहती है कि रेलवे घाटे में है। कहीं ऐसा ना हो कि अब रेल की पटरियां ही बेच दें। लालू प्रसाद यादव के इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। आरजेडी प्रमुख ने रेल सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि सेफ्टी-सिक्यॉरिटी घटाने पर रोज हादसे हो रहे हैं। स्टेशन बेचने के बाद जनरल बोगियां घटा दी गई है, जिससे गरीब यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लालू प्रसाद के ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर भी लगातार प्रतिक्रिया आ रही है। उन्होंने लिखा-रेल मंत्री तो लालू प्रसाद यादव हुआ करते थे, अश्विनी वैष्णव तो हादसा मंत्री बनकर रह गए हैं! सामान्य ट्रेन खत्म कर दी, बुजुर्गों का हाफ टिकट खत्म कर दिया। भेड़-बकरियों की तरह सवारियां भरकर जाती हैं, फिर भी सुरक्षित घर नहीं पहुंच पाते?

### मोबाइल चोरी के आरोप में तालिबानी सजा, युवक को पेड़ से बांधा और डंडा टूटने तक पीटते रहे

**समस्तीपुर,संवाददाता।** बिहार के समस्तीपुर में मोबाइल चोरी के आरोप में एक लड़के को पेड़ से बांधकर पीटा गया। तालिबानी सजा का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपी युवकों की पहचान सोनू कुमार और मो. गुलाब के रूप में की गई है। वहीं, पीड़ित का नाम सिद्धार्थ बताया जा रहा है। युवक को पेड़ से बांधकर पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मामला सिंघिया थाना क्षेत्र का है। मामले के संबंध में बताया जाता है कि सोनू कुमार नाम के युवक का मोबाइल गायब हो गया था। अगरौल गांव के रहने वाले सिद्धार्थ कुमार का पहले से सोनू के घर पर आना-जाना था। सिद्धार्थ पर मोबाइल चोरी करने के शक हुआ तो आरोपियों ने शक के आधार पर सिद्धार्थ के गांव अगरौल पहुंचकर उसे पकड़ लिया। इसके बाद पेड़ से बांध कर उसकी पिटाई की। पिटाई के दौरान कुछ ग्रामीणों ने मारपीट का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद सिंघिया थाने की पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर दोनों आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है। दोनों आरोपी फरार हैं और खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वायरल वीडियो में फोन चोरी का आरोपी पेड़ से बंधा दिख रहा है। वहीं, सोनू और गुलाब डंडे से पीट रहे हैं। आरोपी पूरी ताकत के साथ सिद्धार्थ को मार रहे हैं। इस बीच उनका डंडा भी टूट जाता है और वह टूटे डंडे सी ही सिद्धार्थ को पीटते रहते हैं। मौके पर मौजूद कुछ लोग उन्हें रोकने की भी कोशिश करते हैं, लेकिन आरोपी नहीं रुकते और सिद्धार्थ को पीटते रहते हैं।



## होटल का कमरा नंबर 204 और महिला,'डबलिंग' की बात पर पहुंची पुलिस



**सीतामढ़ी,संवाददाता।** बिहार की सीतामढ़ी पुलिस ने नोट डबलिंग करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश कर चार सदस्यों को गिरफ्तार की है। पुलिस की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। गिरोह के सदस्यों से मोटी रकम और हथियार भी बरामद किया गया है। खास बात यह कि नेपाली नागरिकों को फंसा कर भारतीय क्षेत्र में लाने का काम एक महिला करती थी। पकड़े गए अपराधियों में एक काठमांडू का रहने वाला है।

सदर डीएसपी राम कृष्णा ने बताया कि पिछले कई दिनों से मेजरगंज थाना क्षेत्र में नोटों की डबलिंग करने वाले एक सक्रिय गिरोह की सूचना प्राप्त हो रही थी। तब पुलिस पदाधिकारियों की एक टीम गठित की गई। टीम कई दिनों तक गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखी। इस दौरान पाया गया कि गिरोह नेपाल के भोले भाले नागरिकों को फंसा कर पैसा डबल करने के नाम पर भारतीय क्षेत्र में लाता है। एक-दो बार नोट डबल कर देता है और बाद में मोटी रकम लाने पर उसे लूट लेता है। डीएसपी ने बताया कि एक-दो नोट डबल हो जाने के बाद नेपाली नागरिकों का गिरोह पर विश्वास हो जाता था। जब वह डबल कराने के लिए मोटी रकम लेकर आते हैं, तो गिरोह के सदस्य फर्जी पुलिस बनकर डरा धमका कर उन्हें लूट लेते थे। नेपाली नागरिकों को फंसा कर लाने वाले सदस्य को लूट की राशि में से 50 फीसदी दी जाती थी। बताया गया है कि चार अक्टूबर की शाम मेजरगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर सोनौल पावर सब स्टेशन के समीप से स्कॉर्पियो सवार दो युवक को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के कुआरी मदन निवासी सुमन कुमार तथा रोहित कुमार के रूप में हुई।

दो व्यक्ति पानी और खेत के रास्ते भागने में सफल रहे। गिरफ्तार सुमन के पैकेट से एक-एक हजार के एक लाख नेपाली रुपये और रोहित के कमर से एक लोडेड देसी पिस्तौल और 8 एमएम का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। फिर दोनों की निशानदेही पर सीतामढ़ी शहर के जानकी स्थान रीगा रोड स्थित आदित्य पैलेस होटल के कमरा नंबर 204 से नीला नुपाने नामक महिला को गिरफ्तार किया गया, जो काठमांडू की रहने वाली है। वहीं, कमरा नंबर 202 से ठगी के शिकार नेपाल के तमांग थाना क्षेत्र के तमांग जिला निवासी विक्रम थिंक को पकड़ा गया। उससे गिरोह ने एक लाख रुपए ठगी की गई थी।

गैंग में शामिल नेपाली महिला ने बताया कि मोहम्मद सत्तार ने पहले उससे छह लाख की ठगी कर चुका है। ठगी के अपने पैसे वापस लेने के लिए ही वह इस गैंग में शामिल हो गई और डबलिंग के नाम पर ठगी के शिकार हुए विक्रम थिंक को एक लाख के बदले दो लाख रुपये देने का वादा कर अपने साथ लाई थी। उसे रविवार को दो लाख रुपये देना था। बाद में वह मोटी रकम लेकर आता, तब गिरोह के अन्य सदस्य द्वारा नकली पुलिस बन उसका पैसा छीन लिया जाता और उसमें से उसे आधा पैसा मिलता। मेजरगंज थानाध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने बताया कि सत्तार और असलम इससे पूर्व भी कई बार पैसे ठगी सहित अन्य मामले में जेल जा चुके है। गिरोह का सरगना सतार और असलम है, जो नेपाल के नागरिकों को पैसे डबलिंग के नाम पर ठगी का शिकार बनाता रहता है। एक बार जो ठगी का शिकार हो गया, वह इस ग्रुप का मेंबर हो जाता है और वह दूसरे नागरिक को ढूंढ कर लाता है। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## रोहतास में पानी में डूबे 7 बच्चे, 5 शव बरामद, 2 लापता



**रोहतास,संवाददाता।** बिहार में एक दर्दनाक हादसे में, एक ही परिवार के सात बच्चे सोन नदी में डूब गए। यह घटना रोहतास जिले में तुम्बा में घटी जब बच्चे नदी में नहा रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पांच बच्चों के शव नदी से निकाल लिए गए हैं। लेकिन दो बच्चे अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

जानकारी के मुताबिक, सभी बच्चे तुम्बा निवासी केदार गोंड के परिवार से थे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीआरएफ टीम को भी सूचित कर दिया गया है। फिलहाल स्थानीय गोताखोर लापता बच्चों की तलाश में जुटे हुए हैं। यह दिल दहलाने वाली घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि डूबने वाले बच्चों में तीन लड़कियां और चार लड़के शामिल हैं। घटना स्थल पर हजारों लोग आ गए हैं और पूरे इलाके में कोहराम मच गया। सोन नदी में डूबने वाले सभी बच्चे एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि आठ बच्चे सोन नदी में नहा रहे थे, तभी अचानक एक बच्चा डूबने लगा। उसको बचाने के लिए सभी बच्चे गहरे पानी में चले गए। फिलहाल ग्रामीणों की मदद से खोजबीन जारी है।

## चलती बस में ड्राइवर की हार्ट अटैक से मौत




**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक बस ड्राइवर की चलती गाड़ी में ही मौत हो गई। किशनगंज से पटना जा रही यात्री बस के चालक को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। इससे चालक की मौत ड्राइविंग सीट पर ही हो गई। दम तोड़ने से पहले चालक ने दर्द के बीच भी पहले बस और यात्रियों को बचाया और फिर स्टीयरिंग पर ही दम तोड़ दिया। ये बस किशनगंज से पटना जा रही थी। मृतक चालक की पहचान पटना के मीठापुर निवासी मुन्ना नेपाली के रूप में हुई। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी के बलिया की घटना है। बस में तीस यात्री सवार थे। सफर के दौरान हुए इस दर्दनाक हादसे ने बस में बैठे सभी यात्रियों को भी झकझोर कर रख दिया। चलती बस में ड्राइवर की मौत से यात्री भी गमगीन हो गए। गनीमत रही की दम तोड़ने से पहले बस ड्राइवर गाड़ी में सवार तीस यात्रियों को सुरक्षित पहले बचाया। बस को किनारे कर दिया, फिर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जुट गई। बस के उपचालक ने बताया कि हार्ट अटैक से चालक की मौत हो गई। घटना के वक्त बस काफी रफ्तार में थी। सीने में जैसे दर्द उठा चालक ने अपनी सूझबूझ से बस के गति कम करते हुए किनारे किया और स्टीयरिंग पर गिर गया। कुछ देर में ही मौत हो गई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों को दूसरे बस से रवाना किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बस किशनगंज से चलकर मुजफ्फरपुर और हाजीपुर के रास्ते पटना के लिए जा रही थी। कुढ़नी में बलिया ओवर ब्रिज पर चढ़ते ही चालक को बेचैनी होने लगी। गाड़ी से नियंत्रण छुटने लगा। बेचैनी और सीने में दर्द के कारण चालक बस पर से अपना संतुलन खोने लगा। बस डिवाइडर से टकराती लेकिन इससे पहले अपने जान की परवाह नहीं किए बगैर चालक ने बस को सड़क के किनारे खड़ा किया। बस खड़ी करने के साथ ही स्टीयरिंग सीट पर उसकी मौत हो गई। सभी यात्री बस से बाहर निकल कर सड़क पर आ गए। मौत की खबर मिलते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। बस पर सवार तीस यात्री बस से बाहर निकले और राहत की सांस ली। वहीं यात्रियों ने अपने साथ मौत से लड़ते हुए बस को सुरक्षित खड़ा करने के लिए चालक की सराहना की। बस के यात्री अफसोस जताते हुए दूसरी बस से अपने गंतव्य स्थान के लिए निकल पड़े। घटना की जानकारी बस मालिक को उपचालक ने दी। मौके पर बस मालिक भी पहुंच गए। वहीं, पुलिस ने मृतक बस चालक के परिजनों को सूचना दी।

## 10 हजार गांवों का लिखा गया खतियान

**पटना,संवाददाता।** बिहार में चल रही जमीन सर्वे की प्रक्रिया में अब तक 10 हजार गांवों में खतियान लेखन का काम पूरा हो चुका है। राज्य के भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने शनिवार को बताया कि करीब 25 हजार गांवों में यह काम अभी जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही यह काम पूरा कर लिया जाएगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, भूमि सर्वेक्षण में अब तक लगभग 38 लाख लोगों ने अपनी जमीन का विवरण दिया है। निदेशक ने सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर जमीन सर्वे के कामों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रपत्र-2 यानी स्वघोषणा पत्र के जरिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से अब तक 37 लाख 98 हजार 514 आवेदन मिले हैं। राज्यभर के सभी जिलों को मिलाकर कुल 15.55 लाख रैयतों ने अपने कागजात वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। वहीं, 19.93 लाख आवेदन ऐसे हैं जो सर्वे शिविरों में ऑफलाइन तरीके से मिले हैं। सर्वे कर्मियों ने इन्हें वेबसाइट पर अपलोड कर ऑनलाइन कर दिया है। सभी शिविरों में ऑफलाइन माध्यम से मिले 2.49 लाख आवेदन ऐसे हैं जिन्हें ऑनलाइन किया जाना बाकी है। सबसे अधिक 3.93 लाख प्रपत्र-2 रोहतास जिले से मिले हैं, जबकि गया जिला 2.95 लाख स्वघोषणा के साथ दूसरे नंबर पर है। भोजपुर जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सबसे कम 33 हजार 355 आवेदन मिले हैं। पूर्वी चंपारण 34,594 आवेदनों के साथ इस मामले में नीचे से दूसरे स्थान पर है। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे अधिक से अधिक रैयतों से संपर्क कर उन्हें स्वघोषणा पत्र अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करें।



## गया पुलिस ने 10 वर्षों से फरार नक्सली कपिल पासवान को किया गिरफ्तार




**गया,संवाददाता।** वर्ष 2014 में डुमरिया में एयरटेल टावर को बम से उड़ाने वाले फरार नक्सली कपिल पासवान को गया पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने डुमरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। कपिल पासवान 10 वर्षों से फरार चल रहा था और उस पर कई नक्सली गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि कपिल पासवान ने 2014 में 30 नक्सलियों के साथ मिलकर डुमरिया में एयरटेल टावर को बम से उड़ा दिया था। इस मामले में पहले ही 20 नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। कपिल पासवान फरार था, जिसे पुलिस की एक टीम ने सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि कपिल पासवान के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर कई नक्सली कांड दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों में कमी आने की संभावना है।

## मधुबनी की मोमबत्ती फैक्ट्री में लगी भीषण आग

पास खड़ी कई बकरियां और जेसीबी जलकर राख



**संवाददाता। मधुबनी।**
बिहार के मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र के जिबछ चौक और हेरिटेज हॉस्पीटल के पास स्थित सुनील लाल कर्ण की एक मोमबत्ती फैक्ट्री में शनिवार (6 अक्टूबर) दोपहर करीब 2 बजे भीषण आग लग गई। घटना में फैक्ट्री में रखी तकरीबन दर्जन भर बकरियां और पास खड़ी जेसीबी जलकर राख हो गई। वहीं फैक्ट्री में आग लग जाने की सूचना फोन से देने पर पुलिस और दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन गाड़ी के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में जेसीबी और मोमबत्ती फैक्ट्री सहित तकरीबन 40 से 50 लाख की संपत्ति राख हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिसे पुलिस ने खाली कराकर यातायात चालू करवाया। जानकारी के अनुसार रहिका थाना क्षेत्र के जिबछ चौक के निकट स्थित एक मोमबत्ती फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसी बीच फैक्ट्री के मालिक सुनील कुमार एवं अन्य लोगों ने डायल 112 एवं रहिका थाना को फोन कर इसकी सूचना दी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग ने पास खड़े एक जेसीबी को भी अपनी चपेट में ले लिया। लोगों के मुताबिक पास खड़ा जेसीबी रहिका थाना क्षेत्र के भदुली गांव के हरिश्चंद्र कुमार का था। आग में टिन के बने मोमबत्ती फैक्ट्री और उसमे बंधी तकरीबन दर्जन भर बकरी और जेसीबी जलकर राख हो गई। वहीं अग्निशमन दस्ता की तीन टीम ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से नियंत्रण किया। मोमबती फैक्ट्री के मालिक सुनील लाल कर्ण के भाई लक्ष्मी लाल कर्ण ने बताया की खाना बनाने के दौरान फैक्ट्री में आग लग गई।

उन्होंने बताया की जिस समय फैक्ट्री में आग लगी, उस समय फैक्ट्री मे मोमबती का निर्माण हो रहा था और दो व्यक्ति फैक्ट्री के अंदर थे. फैक्ट्री में आग लगी देख दोनों व्यक्ति जान बचाकर निकलने में सफल रहे। प्रशासन पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सूचना देने पर एक घंटे बाद पहले रहिका थाना की पुलिस फिर अग्निशमन विभाग की दमकल वाली गाड़ी पहुंची। जिस कारण करीब करीब सब कुछ जलकर राख हो गया।



चरण सिंह

विचार

## हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम बढ़ाएंगे बीजेपी की दिक्कत!

एक्जिट पोल में हरियाणा और जम्मू कश्मीर दोनों विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि यदि बीजेपी दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में हार जाती है तो नी महाराष्ट्र, झारखंड के साथ ही दिल्ली में भी चुनाव चुनाव में भी दिक्कत हो सकती है। मतलब बीजेपी पर विपक्ष का एक दबाव बन जाएगा। दरअसल लोकसभा चुनाव के बाद भले ही टीडीपी और जेडीयू के सहयोग से केंद्र में सरकार चल रही हो पर विपक्ष बीजेपी पर हावी है। शपथ लेते हुए लोकसभा में चंद्रशेखर आजाद, पप्पू यादव, अखिलेश यादव, राहुल गांधी ने आक्रामक रुख दिखाया। यही वजह है कि बीजेपी ने फिर से हिंदुत्व का मुद्दा उठाया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुत्व का मुद्दा उठा रहे हैं। बांलादेश में जब हिंदुओं पर हमला हुआ तो योगी आदित्यनाथ ने उसे जोर शोर से उठाया। पाकिस्तान को लेकर वह आक्रामक हैं। दरअसल बीजेपी का डाउन होना कहीं न कहीं आर एस एस से न बनना भी माना जा रहा है। बीजेपी की रणनीति है कि कांग्रेस की खामियां बता बता कर माहौल बनाया जाए। उधर राहुल गांधी भी पीएम मोदी पर सीधे हमले बोल रहे हैं।राहुल गांधी का प्रयास है कि केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना कर विपक्ष का माहौल मजबूत किया जाए हरियाणा और जम्मू कश्मीर में यदि कांग्रेस सरकार बना लेती है तो फिर कांग्रेस उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को भी झटका दे सकती है। जैसे हरियाणा में आम आदमी पार्टी को कोई खास तवज्जो नहीं दी ऐसे ही उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को त्वज्जो न दी जाए।

## भारत की जेलों में 76 फीसदी विचाराधीन कैदी वर्षों से बंद

*-सनत जैन-*

भारत की जेलों में कैदियों की स्थिति चिंता का विषय है। हाल ही में जो आंकड़े आये हैं, उसमे भारत की जेलों में 76 फीसदी ऐसे कैदी बंद हैं, जिन पर कोई अपराध साबित नहीं हुआ है। आरोप के आधार पर उन्हें जेल में बंद कर दिया गया है। यह कैदी बिना किसी दोष सिद्धि के जेलों में कई वर्षों से बंद हैं। भारतीय न्यायिक और कानूनी प्रणाली की खामियों की चर्चा अब विश्व स्तर पर होने लगी है। भारत में न्यायिक प्रणाली की धीमी गति, जांच में भारी विलंब, न्यायालय में विलंब से मुकदमा पेश होना, न्यायालयों में मामलों की सुनवाई और निपटारे में देरी, जमानत देने पर ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट की उदासीनता के कारण भारत की जेलों में लाखों लोग कई वर्षों से बंद हैं। भारत के नागरिकों को संवैधानिक मौलिक अधिकार मिले हैं। उनका भारत में कानूनी रूप से उलंघन हो रहा है। भारत की जेलों में बंद अधिकांश कैदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, जिनके पास वकील करने या जमानत राशि भरने के लिए पैसे नहीं होते हैं। न्यायिक प्रक्रिया में देरी का खामियाजा निर्धन एवं गरीब मध्यम वर्ग के कैदियों को भुगतना पड़ता है। संविधान में वर्णित नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन भारत में हो रहा है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव अधिकार के मामले में लगातार रैंकिंग घटती चली जा रही है। ऐसे कैदी, जो वर्षों से जेल में बंद हैं उनकी सुनवाई ट्रायल कोर्ट में भी पूरी नहीं हुई है। ट्रायल कोर्ट से उन्हें जमानत भी नहीं दी गई है। जेलों में बंद कैदियों के ऊपर दोष साबित नहीं हुआ है। इसके बाद भी जेलों में उन्हें वर्षों तक बंद रखना, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुला हनन है। न्यायपालिका स्वयं नागरिकों के अधिकारों पर ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण अब कहा जा रहा है कि भारत की न्याय प्रणाली में अब सुधार की आवश्यकता है। भारत में सबसे पहले, जमानत प्रणाली को सरल और सुलभ बनाने की जरूरत है। ताकि गरीब और कमजोर वर्गों को इसका लाभ मिल सके। जिन मामलों में गंभीर अपराध के आरोप नहीं हैं, उनमें तुरंत जमानत दिए जाने पर विचार होना चाहिए। जमानत को नागरिकों के अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। जांच एजेंसी द्वारा एक निश्चित समय सीमा पर जांच करने की बाध्यता हो। निश्चित समय पर न्यायालय में चार्ज शीट पेश हो। अदालती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करके छोटे और गैर-गंभीर मामलों का त्वरित निपटारा किया जाना चाहिए। जेल सही मायने में सजायाप्ता कैदियों के लिए होती है। या उन अपराधियों के लिए होती है, जो समाज के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। जेलों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रयास जरूरी हैं। जेलों में बंद कैदियों के लिए उचित चिकित्सा, भोजन, मानसिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत के जेलों की प्रशासनिक व्यवस्था बहुत खराब है। यहां पर क्षमता से तीन गुना ज्यादा कैदी जेलों में बंद हैं। इन्हें पर्याप्त खाना और प्राकृतिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जेल के अंदर जद्दो-जेहद करनी पड़ती है। कैदियों को जेल मे पुनर्वास और कौशल विकास के अवसर नहीं मिल रहे हैं। जिसके कारण जेल से बाहर निकलकर वह समाज और परिवार में फिर से अपनी जगह बना सकें। जेलों को केवल सजा देने का स्थान नही माना जाना चाहिए। जेलों को सुधार केंद्र के रूप में देखा जाना चाहिए। कैदियों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया को तेज करना, न्याय व्यवस्था और मानवाधिकार दोनों के लिए आवश्यक हैं। जब तक न्यायिक प्रणाली में सुधार नहीं किया जाता। भारत में मानव अधिकारों की रक्षा करना संभव ही नहीं है। ब्रिटेन जैसे देश में बिचाराधीन कैदियों की संख्या मात्र 18 फीसदी है। इंग्लैंड और यूरोप की अदालतों द्वारा जमानत के मामले में विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। यदि आरोपी को जमानत देने से समाज के बीच में कोई खतरा न हो। ऐसे आरोपियों को तुरंत न्यायालय द्वारा जमानत दी जाती है। इंग्लैंड और यूरोप की अदालतों में सुनवाई की प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूरी की जाती है। वहां की जांच एजेंसियाँ समय पर जांच करके न्यायालय में मामला प्रस्तुत करती हैं। भारत में जब अंग्रेजों का शासन था, तब भी यहां विचाराधीन कैदियों को 90 दिन से ज्यादा जेल में रखने का प्रावधान नहीं था। 90 दिन के बाद न्यायालय जमानत देने के लिए स्वतंत्र होती थी। जांच एजेंसी द्वारा जो मामला प्रस्तुत किया जाता था, न्यायालय को यदि प्रथम दृश्टया लगता था, कि यह मामला चलने योग्य नहीं है तो ऐसी स्थिति में चार्जशीट पेश होने के बाद न्यायालय द्वारा आरोप निर्धारण के लिए सुनवाई करने के बाद मुकदमे खारिज कर दिए जाते थे। पिछले 10 वर्षों से भारत में संवैधानिक व्यवस्था होते हुए, लोकतांत्रिक शासन में जिस तरह से 76 फीसदी विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं, इससे दुनिया भर में भारत की साख पर विपरीत असर पड़ रहा है। भारत को अब एक तानाशाही वाले देश के रूप में भी देखा जाने लगा है। जिन देशों में न्यायपालिका सरकार के अनुसार काम करती हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत की न्यायपालिका सरकार के पक्ष में खडी नजर आ रही है। भारतीय न्यायपालिका की दुनिया भर के देशों में यह साख बनने लगी है। सरकार के लिए अलग और विपक्षियों के लिए अलग कानून हैं। अमीरों के लिए और गरीबों के लिए भी अलग-अलग नियम और कानून हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए दुनिया भर के देशों में भारत की साख पर विपरीत असर पड़ रहा है।

# कार्बन खेती' में छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभ का द्वार

### कृषि में कार्बन क्रेडिट बाजार अभी प्रारंभिक अवस्था में है और इसके लिए सख्त नियामक प्रणाली की आवश्यकता है।



-प्रियंका सौरभ

> छोटे पैमाने के किसान जो कम कार्बन और वनों की कटाई से मुक्त पद्धतियों को लागू करते हैं, वे कार्बन बाजारों से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में हैं। कार्बन बाजार उन किसानों को मुआवजा देने या प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन प्रदान करते हैं जो महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे कि ग्रीनहाउस गैसों को अलग करना या टिकाऊ खेती प्रथाओं का उपयोग करना। कार्बन पृथक्करण से परे, कार्बन वित्त परियोजनाओं के तहत कृषि वानिकी मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है, जल प्रतिधारण में सुधार करती है और कटाव को कम करती है, जिससे कृषि उत्पादकता को बढ़ावा मिलता है।

छोटे पैमाने के किसानों के लिए, कार्बन बाजार खेती के तरीकों को बेहतर बनाने, जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने और वैश्विक जलवायु समाधानों में उनके योगदान का अवसर प्रदान करते हैं। कई कार्बन परियोजनाओं का उद्देश्य वनों, आर्द्रभूमि और अन्य पारिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा और उन्हें बहाल करना है। ये पारिस्थितिकी तंत्र जैव विविधता के महत्वपूर्ण स्रोत हैं और छोटे किसानों और ग्रामीण समुदायों के लिए आजीविका के अवसर प्रदान कर सकते हैं। देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पिछले छह दशकों से भारतीय कृषि में गहन खेती की प्रथाएँ अपनाई गई हैं। इसके परिणामस्वरूप देश भर में प्रमुख खेती योग्य भूमि में मिट्टी के कार्बनिक कार्बन में महत्वपूर्ण कमी, मिट्टी की उर्वरता में गिरावट और रासायनिक प्रदूषण हुआ है। इसके अलावा, प्रमुख अनाजों की एकल-फसल खेती के साथ गहन खेती ने जैव विविधता को नुकसान पहुँचाया और भूजल संसाधनों की कमी हुई। इन खेती प्रथाओं ने ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में भी वृद्धि की है जो ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन में योगदान करती है। भारत का कृषि वानिकी क्षेत्र कार्बन वित्त परियोजनाओं के साथ एकीकरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है, विशेष रूप से वनरोपण, पुनर्वनरोपण और पुनर्वनीकरण पहलों के माध्यम से।

कार्बन वित्त परियोजनाओं के माध्यम से कार्बन पृथक्करण कार्बन को अलग करने की कृषि वानिकी की क्षमता इसे कार्बन वित्त पहलों का एक केंद्रीय घटक बनाती है। कार्बन वित्त परियोजनाओं में पेड़ लगाना या कृषि परिदृश्य में वृक्ष आवरण को बढ़ाना शामिल है, जिससे किसान कार्बन पृथक्करण गतिविधियों के माध्यम से कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं। 2050 तक कृषि वानिकी क्षेत्र को 53 मिलियन हेक्टेयर तक विस्तारित करना बड़े पैमाने पर कार्बन पृथक्करण और वैश्विक कार्बन बाजारों में भागीदारी का अवसर प्रस्तुत करता है। कार्बन वित्त परियोजना पहल आय विविधीकरण की क्षमता भी प्रदान करती है, विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए। हालांकि, छोटे किसानों को अभी भी कार्बन बाजारों से बड़े पैमाने पर लाभ नहीं मिला है - मुख्य रूप से कम कीमतों की पेशकश और व्यापार योग्य, अद्वितीय और सत्यापन योग्य कार्बन क्रेडिट बनाने की उच्च लागत के कारण। इसके अलावा, कार्बन बाजारों में भाग लेने के लिए समय और संसाधनों के महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि कार्बन बाजार कार्बन पृथक्करण के लिए वित्तीय लाभ प्रदान कर सकते हैं, लेकिन किसानों द्वारा वहन की जाने वाली लागतों को कवर करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन अपर्याप्त हो सकते हैं। फिर भी, बाजार तेजी से बदल रहा है, और नई प्रौद्योगिकियां जो संभव है उसकी सीमा का विस्तार कर रही हैं।

कार्बन पृथक्करण से परे, कार्बन वित्त परियोजनाओं के तहत कृषि वानिकी मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है, जल प्रतिधारण में सुधार करती है और कटाव को कम करती है, जिससे कृषि उत्पादकता को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा, यह क्षरित भूमि को बहाल करके तथा जलवायु संबंधी जोखिमों के विरुद्ध एक बफर प्रदान करके पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देता है। कृषि वानिकी का समर्थन करने वाली सरकारी नीतियाँ जैसे राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति, 2014 भारत में कृषि वानिकी के विस्तार के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। कार्बन वित्त के साथ आगे एकीकरण के लिए, इस नीति को कार्बन वित्त परियोजनाओं पहलों का स्पष्ट रूप से समर्थन करने तथा कार्बन बाजारों तक पहुँच को सुगम बनाने के लिए संशोधित किया जाना चाहिए। कार्बन पृथक्करण के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता, वित्तीय प्रोत्साहन, जैसे कि पेड़ लगाने या वन आवरण को बनाए रखने के लिए सब्सिडी, छोटे किसानों को व्यवस्थित रूप से कृषि वानिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। क्षमता निर्माण और जागरूकता अभियान कृषि वानिकी और कार्बन वित्त के लाभों के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक हैं। विस्तार सेवाएँ और गैर सरकारी संगठन सूचना प्रसारित करने और तकनीकी सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जिससे छोटे और सीमांत किसान कार्बन वित्त पहलों में भाग ले सकें।

निजी क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जैसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और अंतर्राष्ट्रीय कार्बन वित्त प्लेटफार्मों के साथ जुड़ना कृषि वानिकी-आधारित कार्बन वित्त परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। वेरा और गोल्ड स्टैंडर्ड जैसे वैश्विक प्लेटफार्मों को भारत-केंद्रित मानकों की आवश्यकता को पहचानने की आवश्यकता है जो छोटे किसानों की कृषि की अनूठी चुनौतियों को ध्यान में रखते हैं। भारत में कृषि वानिकी में कार्बन पृथक्करण, पर्यावरणीय स्थिरता और ग्रामीण आर्थिक विकास में योगदान करने की अपार क्षमता है। भारत में कृषि क्षेत्र के लिए स्वैच्छिक कार्बन बाजार (वीसीएम) को बढ़ावा देने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है, ताकि छोटे और सीमांत किसानों को कार्बन क्रेडिट लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। किसानों को कार्बन बाजार से परिचित कराने से उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों की स्वीकृति में तेजी आ सकती है। किसान टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपना सकते हैं और कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही मिट्टी, पानी, जैव-विविधता आदि जैसी बेहतर प्राकृतिक पूंजी के संदर्भ में अन्य कृषि-पारिस्थितिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि में कार्बन क्रेडिट बाजार अपनी प्रारंभिक अवस्था में है और इसके लिए सख्त निगरानी और नियामक प्रणाली की आवश्यकता है। ऐसी चिंताएं हैं कि असममित जानकारी, पारदर्शिता की कमी और अपर्याप्त विनियमन कार्बन क्रेडिट के लिए अनुचित मूल्य निर्धारण प्रथाओं को जन्म दे सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आय कम हो सकती है। इसके अतिरिक्त, किसानों और ग्रामीण समुदायों में ज्ञान और जागरूकता की कमी उनके शोषण का कारण बन सकती है। देश में इस बारे में पारदर्शिता, विनियमन और व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपायों की तत्काल आवश्यकता है। देश में कुशल और पारदर्शी कामकाज के लिए ये प्रणालियाँ आवश्यक हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इच्छित लाभ किसानों तक पहुँचें। कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजारों के लिए रूपरेखा कृषि समुदाय के बीच कार्बन बाजार को बढ़ावा देने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने और वित्तपोषित करने में मदद करेगी। वीसीएम रूपरेखा का मुख्य उद्देश्य हितधारकों को जागरूक बनाना और उनका क्षमता निर्माण करना, किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। आगे चलकर यह सतत विकास लक्ष्यों में योगदान देगा, ग्रामीण आजीविका में सहायता प्रदान करेगा और कृषि में लचीलापन बढ़ाएगा।

# देश के मुसलमान अब बहकावे में नहीं आते

-योगेन्द्र योगी-

देश के मुसलमानों को गुमराह करने और भडकाने की कोशिशें अब नाकाम होने लगी हैं। मुसलमानों को शायद समझ आ गया है कि किस तरह राजनीतिक षड्यंत्रों से दूर रह कर अपने विकास पर ध्यान देना है। यही वजह है कि देश के मुसलमानों ने राजनीतिक दलों के नेताओं, मुल्ला-मौलवियों और हिंदुत्व के कट्टर समर्थकों के उकसावे वाले बयानों को गंभीरता से नहीं लिया। मुसलमानों को यह भी समझ में आ गया है कि चंद सिरफिरों की देशविरोधी हरकतों का समर्थन करने से उनकी कौम का नुकसान होगा। यही वजह है कि हाल ही में हिजबुल्ला के कट्टर आतंकवादी और सर्वोच्च रणनीतिकार हसन नसरुल्लाह के खात्मे के बाद देश से व्यापक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। इसी तरह हमास और इजराइल युद्ध के दौरान मारे फिलीस्तिनियों को लेकर भी कमोबेश यही रुख कायम रहा। कश्मीर के कुछ इलाकों में सिरफिरों ने हिजबुल्लाह आतंकवादी हसन नसरुल्ला के मरने पर जरूर विरोध प्रदर्शन किया, किंतु देश के बाकी हिस्सों में शांति बनी रही। इसराइल-फिलिस्तीन युद्ध में केंद्र सरकार ने हमास की कड़ी निंदा की। मोदी सरकार इसराइल के साथ खड़ी नजर आई। इसराइल के खिलाफ भारत में बयानबाजी जरूर हुई, किन्तु ब्रिटेन और अमरीका की तरह कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। गौरतलब है कि इन दोनों देशों में इसराइल के खिलाफ जबरदस्त रैलियां निकाली गई, धरने-प्रदर्शन किए गए। अमरीका में काफी बवाल हुआ। अमरीकी विश्वविद्यालय राजनीति का अखाड़ा बन गए।

विश्वविद्यालयों पर पुलिस कार्रवाई की नौबत आ गई। मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का पाठ दुनिया को पढ़ाने वाले अमरीका की खूब किरकिरी हुई। कमोबेश यही हाल ब्रिटेन का हुआ। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों से निपटने में ब्रिटिश सरकार के हाथ-पैर फूल गए। यूरोप के कुछ देशों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए। इजराइल ने हमास के सर्वोच्च राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया को ईरान के दौरे के दौरान विस्फोट से उड़ा दिया। इस पर कई देशों में व्यापक प्रतिक्रिया हुई, किन्तु भारत में कहीं भी कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। आश्चर्य की बात यह है कि भारत और विश्व के मुस्लिम जगत से जुड़े मुद्दों को लेकर देश के मुसलमानों ने चुनिंदा स्थानों पर प्रतीकात्मक प्रतिक्रिया जताई, किन्तु कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने जमकर उछलकूद मचाई। मुसलमानों ने ऐसे मुद्दों को ज्यादा महत्व नहीं दिया। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35-ए हटाए जाने के बाद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने मुसलमानों का सच्चा हितैषी साबित करने के लिए जमकर विरोध किया। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने नेशनल कान्फ्रेंस से चुनावी गठबंधन किया। शेख अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस ने चुनावी घोषणा में धारा-370 को वापस लाने का ख्याली पुलाव पकाया है। कांग्रेस हिंदू वोटों की नाराजगी के डर से इस पर चुप्पी साधे हुए है। देश के मुसलमानों को यह समझ आ गया है कि जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उनके हितों पर कोई असर डालने वाला नहीं है। यह मुद्दा देश के आम मुसलमानों का नहीं है। यह पाक परस्त आतंकवाद से जुड़ा हुआ मामला है। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को खत्म कर दिया। मुस्लिम महिलाओं से जुड़े तीन तलाक के मुद्दे पर भी देश में सिर्फ लखनऊ और पुणे में विरोध प्रदर्शन हुआ। यह प्रदर्शन भी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर हुआ। देश में अन्य हिस्सों में मुसलमानों ने इस पर कोई व्यापक प्रतिक्रिया नहीं जताकर पर्सनल लॉ बोर्ड के इरादों को विफल कर दिया। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) 11 दिसंबर 2019 को भारत की संसद द्वारा पारित किया गया था। इसने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता प्रदान करके नागरिकता अधिनियम 1955 में संशोधन किया। भारत में 2014 तक पात्र अल्पसंख्यकों को हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई बताया गया। सीएए के तहत देश के स्थायी निवासी मुस्लिम समुदाय को छोडकर तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले बाकी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है। सीएए के विरोध में मुद्दे पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने खूब हंगामा किया।

इस कानून के तहत यह साफ जाहिर था कि देश में लंबे अर्से से रहने वाले मुसलमानों को इसके दायरे में शामिल नहीं किया गया है। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने इस पर जबरदस्त विवाद पैदा करके मुसलमानों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया। इस मुद्दे पर कई दिनों तक वाद-विवाद हुआ। आखिरकार देश के मुसलमानों को समझ में आ गया कि सीएए से उनका कोई सरोकार नहीं है। यह कानून सिर्फ बाहर से आए अवैध मुसलमानों पर लागू होगा। यही वजह रही कि इस मुद्दे पर विपक्षी दलों का देश के मुसलमानों ने साथ नहीं दिया। विपक्षी दल ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी ने भी मुसलमानों को उकसाने में कसर बाकी नहीं रखी। गैरजरूरी मुद्दों को हवा देकर भाजपा ने राजनीतिक ध्रुवीकरण का प्रयास किया। कुछ महीने पहले भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने इस विवादास्पद आदेश पर रोक लगा दी। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के समर्थन के बिना, यदि निर्देश को लागू करने की अनुमति दी जाती है, तो यह भारत गणराज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र का उल्लंघन होगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपराधियों और कानून-व्यवस्था भंग करने वाले आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलवाने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश की चपेट में ज्यादातर मुसलमान ही आए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। कोर्ट का कहना है कि सार्वजनिक अतिक्रमण पर ही एक्शन होगा। कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर राज्यों को निर्देश देते हुए कहा है कि बुलडोजर न्याय का महिमामंडन बंद होना चाहिए।

कानूनी प्रक्रिया के तहत ही अतिक्रमण हटाएं। इसमें कोई संदेह नहीं कि मौके-बेमौके राजनीतिक दलों के निहित स्वार्थों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेरा है। अदालतों के ऐसे आदेशों से देश के मुसलमानों का भरोसा मजबूत हुआ है। यही वजह है कि मुसलमानों ने ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के उकसावे के प्रयासों का खामोशी से जवाब दिया।

# अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

-प्रहलाद सबनानी-

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों एवं भारतीय समाज के लिए संघ के अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करना एक गर्व का विषय हो सकता है। संघ के स्वयंसेवक समाज में अपना सेवा कार्य पूरी प्रामाणिकता से बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से करते रहते हैं। वरना, भारत सहित पूरे विश्व में आज ऐसा माहौल बन गया है कि कुछ संगठन जो समाज में सेवा कार्य करते तो बहुत थोड़ा है परंतु उस कार्य का बहुत अधिक प्रचार प्रसार करते हैं। इसके ठीक विपरीत संघ के स्वयंसेवक चुपचाप समाज में अपने ईश्वरीय कार्य को सम्पादित करते रहते हैं, कई बार तो संघ के पदाधिकारियों को भी इस बात का आभास नहीं हो पाता है कि हमारे संघ के स्वयंसेवकों ने समाज में कोई विशेष सेवा कार्य सम्पन्न किया है। दरअसल, संघ के स्वयंसेवकों को यह संस्कार संघ की शाखा में प्रदान किए जाते हैं। और, इसी प्रकार की कई अन्य विशेषताओं के चलते, आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे विश्व में सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन कहा जाने लगा है।

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उस समय हुई थी, जब अंग्रेजों की दासता में भारतीय संस्कृति का सर्वनाश हो रहा था। इससे व्यथित होकर डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के पावन अवसर पर वर्ष 1925 में की थी। मार्च 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है - वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ह्लहिंदूह्ल शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बी सी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि ह्लएक सही अर्थों में हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाएह्ल।

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं ह्लस्वह्ल के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। वस्तुतः यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना।

संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुनः प्रतिष्ठित कराना चाहते थे। डॉक्टर साहब के अनुसार, ह्लहिंदू संस्कृति हिंदुस्तान का प्राण है। अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्त्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फिर शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं हैङ्कङ्क यह बात एकदम सत्य है। फिर भी हिंदू धर्म तथा हिंदू संस्कृति की सुरक्षा एवं प्रतिदिन विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे विनाशकारी हमलों को कांग्रेस द्वारा दुरलक्षित किया जा रहा है, इसलिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आवश्यकता है।

जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# हरियाणा में हुआ 67.90 प्रतिशत मतदान, पिछला रिकॉर्ड टूटा

- सिरसा जिले में सबसे अधिक 75 .36 प्रतिशत मतदान
- सबसे कम फरीदाबाद जिले में 56 .49 प्रतिशत मतदान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में 15वीं विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए 05 अक्टूबर को 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ है। सिरसा जिला मे सबसे अधिक 75.36 प्रतिशत मतदान व फरीदाबाद जिला मे सबसे कम 56.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसके अलावा ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र मे सबसे अधिक 80.61 प्रतिशत मतदान और बड़खल विधानसभा क्षेत्र मे सबसे कम 48.27 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

पंकज अग्रवाल ने बताया कि अम्बाला जिला मे 67.62 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंचकूला जिला में 65.23 प्रतिशत, यमुनानगर जिला में 74.20 प्रतिशत, कुरुक्षेत्र जिला में 69.59 प्रतिशत, कैथल जिला में 72.36 प्रतिशत, करनाल जिला में 65.67 प्रतिशत, पानीपत जिला में 68.80 प्रतिशत, सोनीपत जिला में 66.08 प्रतिशत, जींद जिला में 72.19 प्रतिशत, फतेहाबाद जिला में 74.77 प्रतिशत मतदान रहा है। इसी प्रकार, हिसार जिला में 70.58 प्रतिशत, भिवानी जिला में 70.46 प्रतिशत, चरखी दादरी जिला में 69.58 प्रतिशत, रोहतक जिला में 66.73 प्रतिशत, झज्जर जिला में 65.69 प्रतिशत, महेंद्रगढ़ जिला में 70.45 प्रतिशत, रेवाड़ी जिले में 67.99 प्रतिशत, गुरुग्राम जिला में 57.96 प्रतिशत, मेवात जिला में 72.81 प्रतिशत, पलवल में 73.89 प्रतिशत मतदान रहा है। हरियाणा में 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक ही चरण में 5 अक्तूबर को मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक हुआ। जिसमें 20,632 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। प्रदेश के 2,03,54,350 मतदाताओं में से 1,38,19,776 मतदाताओं ने मतदान किया।



इनमें से 74,28,124 पुरूष व 63,91,534 महिलाओं तथा 118 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा फील्ड मॉनिटरिंग और निरंतर फीडबैक के लिए 97 केंद्रीय पर्यवेक्षक भी तैनात थे।

पंकज अग्रवाल ने कहा कि शान्तिपूर्ण मतदान की दृष्टि से प्रदेश में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 225 कंपनियों की तैनाती की गई। हरियाणा पुलिस ने भी प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए 29 हजार 462 पुलिकर्मियों, 21 हजार 196 होमगार्ड के जवान तथा 10 हजार 403 एसपीओ की तैनाती की गई। पंकज अग्रवाल ने बताया कि युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए 114 मतदान केंद्रों का प्रबंधन युवाओं द्वारा किया गया। लैंगिक समावेशिता और सुगमता को बढ़ावा देने के तहत 115 मतदान केंद्रों का प्रबंधन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया गया जबकि 87 का प्रबंधन दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा किया गया।

## एक नजर

### लुधियाना में जागरण का पंडाल गिरा, दो महिलाओं की मौत, 15 श्रद्धालु घायल



**चंडीगढ़।** पंजाब में बीती रात चली धूलभरी आंधी के कारण जहां प्रदेश के कई हिस्सों में बिजली गुल रही। लुधियाना में जागरण का पंडाल गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई व 15 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों में ज्यादातर बच्चे हैं, जो मंच के बेहद करीब बैठे हुए थे। लुधियाना के हंबडा रोड पर बने श्री गोविंद गोधाम मंदिर के पास द्वारका एनक्लेव में शनिवार रात मंदिर के पीछे खाली पड़े ग्राउंड में देवी जागरण का आयोजन किया गया था। इसमें गायिका पल्लवी रावत को बुलाया गया और वे माता की भेंटें गा रही थी। इसी दौरान रात करीब 2 बजे आंधी चली, जिसके बाद भगदड़ मच गई। आंधी आने के बाद जब लोग उठकर जाने लगे तो गायक और जागरण पार्टी ने उन्हें वहीं बैठा लिया। उनकी बातें सुनकर सभी बच्चे और महिलाएं वापस बैठ गए। थोड़ी देर में हवा तेज हुई और जागरण पार्टी की ओर से लगाया गया पंडाल धड़ाम कर गिर पड़ा। इस दौरान आगे बैठे लोग उसके नीचे दब गए। ढांचा गिरते ही तेज हवा के बीच ही चारों ओर चीख-पुकार मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने ढांचे के नीचे दबे लोगों को निकालना शुरू किया गया। इस दौरान उन्होंने पाया कि 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 के करीब लोग घायल हो गए। मरने वाली महिलाओं में लुधियाना के ऋषि नगर की रहने वाली रजनी और द्वारका एनक्लेव में रहने वाली सुनीता हैं। आंधी आने के कारण मौके पर विराजमान भगवान भोलेनाथ की मूर्ति भी गिरकर खंडित हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मत पेटियों में कैद भविष्य,उम्मीदवार समर्थकों से चर्चा में लीन

**सोनीपत।** हरियाणा के विधानसभा का चुनाव के लिए 5 अक्टूबर को मतदान हो गया है अब 8 अक्टूबर को परिणाम आने हैं। सोनीपत, गन्नौर, गोहाना, खरखौदा, राई, गोहाना, बरोदा विधान सभा क्षेत्रों के मतदान के बाद मोहाना स्थित बिट्स सभी मतपेटियों स्ट्रांग रुम में कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। उम्मीदवारों को मत पेटियों में भविष्य कैद है सबकी धड़कनें बढी हुई हैं। उम्मीदवार रविवार को समर्थकों से चर्चा में लीन दिखाई दिए। हार किसकी जीत किसी यह देखना बड़ा रौचक रहेगा। सोनीपत में भाजपा के निखिल मदान, कांग्रेस के उम्मीदवार सुरेंद्र पंवार तो गन्नौर से भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र कौशिक, कांग्रेस के उम्मीदवार कुलदीप शर्मा जबकि निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र कादियान, उधर बरोदा से भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सांगवान तो कांग्रेस उम्मीदवार इंदुराज भालू, गोहाना में भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा तो कांग्रेस उम्मीदवार जगबीर मलिक, खरखौदा में कांग्रेस उम्मीदवार जयबीर वाल्मिकी, भाजपा के उम्मीदवार पवन खरखौदा सभी अपने अपने समर्थकों के साथ समीकरण पर चिंतन मनन करते नजर आए। कहीं हुक्का की राजनीति थी तो कहीं चाय पानी लड्डू बांटे जा रहे थे कुछ चेहरों पर मुस्कान थी तो कहीं किसी के चेहरे पर मायूसी की लकीरें दिखाई दी। किसी को अपनी जीत का अहसास था तो कोई हार को करीब देख रहे थे। कुछ लोगों से गले मिल रहे थे तो कोई सांत्वना दे रहे थे कहीं भविष्य की रणनीति बनाने के लिए जीत के बाद कौन कहां अपने आपको फिट करेगा इसी जुगाड़ में लगे थे।

### हिसार: कड़ी सुरक्षा में करवाई जाएगी मतगणना

**हिसार।** मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी, व्यवस्थित व शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने को लेकर तमाम प्रबंध लगभग पूर्ण कर लिए गए हैं। मतगणना टीम में मतगणना ऑब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायक शामिल होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने रविवार को बताया कि मतगणना प्रक्रिया मंगलवार 8 अक्टूबर को ठीक प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। उन्होंने कहा कि मतगणना को निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर प्रत्येक मतगणना टेबल के लिए एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी माइक्रो ऑब्जर्वरों को निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने में उनकी भूमिका अति महत्वपूर्ण रहेगी। मतगणना टेबलों पर होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखते हुए अपनी ड्यूटी को पूरी करते हुए निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा के लिहाज से प्रत्येक मतगणना केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मतगणना केंद्रों के अंदर तथा बाहर सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं ताकि हर गतिविधि पर पारखी नजर बनाई रखे जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टेबल पर तीन सदस्यों का स्टाफ नियुक्त किया गया है, जिनमें काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग सहायक व काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना के दिन ही संबंधित स्टाफ को यह जानकारी मिलेगी कि उन्हें कौन सी टेबल पर मतगणना ड्यूटी देनी है। मतगणना के लिए रिजर्व स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल तथा 1 पोस्टल ईटीपीबीएस के लिए लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना महावीर स्टेडियम व पंचायत भवन में स्थित निर्धारित मतगणना केन्द्रों पर की जाएगी।

### केंद्रीय सशस्त्र बलों की निगरानी में रखी गई सभी ईवीएम

**झज्जर।** शनिवार पांच अक्टूबर को हुए मतदान के उपरांत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों की सभी ईवीएम व वीवीपैट मशीनें नेहरू कॉलेज झज्जर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई हैं। शनिवार देर रात्रि तक ईवीएम के जमा होने की प्रक्रिया पूरी हुई उसके उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया की पालना करते हुए स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। डीसी शक्ति सिंह ने बताया कि जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों (बेरी, बहादुरगढ़, बादली व झज्जर) के लिए अलग-अलग स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही स्ट्रांग रूम तैयार किए गए हैं। सभी स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के दृष्टिगत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी के लिए तीन शिफ्टों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं जो आठ-आठ घंटे की ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई है।

# एग्जिट पोल से पहले ही बता दिया था प्रदेश में बन रही है कांग्रेस की सरकार:भूपेंद्र हुड्डा



**रोहतक।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने लग रही है और सीएम का फैसला हाईकमान करेगा। हुड्डा ने कहा कि एग्जिट पोल से ही उन्होंने बता दिया था कि प्रदेश में कांग्रेस की लहर है और पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि दस साल तक भाजपा ने प्रदेशवासियों के लिए कोई काम नहीं किया, बल्कि लोगों को गुमराह करने का काम किया है। कांग्रेस शासन काल के दौरान रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाएं गए और भाजपा के पास गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। रविवार को रोहतक में कार्यकताओं से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर सिर्फ मेरिट और पेपर के आधार ही दो लाख पक्की भर्तियां की जाएंगी।

कांग्रेस पेपर लीक और भर्ती माफिया का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने चुनाव के दौरान बेरोजगार युवाओं को बरगलाने के लिए 25 हजार नौकरी देने की बात कह रहे थे, जबकि पूरे पांच साल ये सरकार भर्तियों को खुद भर्तियों को लटकाती रही। बीजेपी द्वारा कभी पेपर लीक, कभी सीईटी, कभी सीईटी के सिर्फ चार गुणा तो कभी सोशियो-इकनोमिक अंकों के फेर में युवाओं को उलझाया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने युवाओं को सिर्फ तारीख पर तारीख दी, लेकिन कांग्रेस उन्हें ज्वाइनिंग पर ज्वाइनिंग दी जाएगी, सारी भर्तियां पूरी पारदर्शिता, भर्ती विधान और बिना देरी के तय कैलेंडर के आधार पर होंगी।

पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि खुद भाजपा खुद अपनी सरकार की नाकामी को स्वीकार कर रही है। इसीलिए वो कभी भी अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल और पूर्व मुख्यमंत्री का जिक्र तक नहीं किया। कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश पर केवल 70 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था, लेकिन भाजपा सरकार ने बगैर कोई काम किए ही साढ़े चार लाख करोड़ का कर्ज प्रदेश पर चढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि ना बीजेपी के पास गिनवाने लायक पूर्व का कोई काम है और ना ही भविष्य का कोई रोडमैप और उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

# पंजाब में फसली अवशेष प्रबंधन ऋण योजना शुरू



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने पराली जलाने से उत्पन्न खतरे से निपटने की प्रतिबद्धता के तहत पंजाब के सहकारी बैंकों ने ह्यफसली अवशेष प्रबंधन ऋण योजनाह्ल शुरू की है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसली अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए मशीनरी खरीदने के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है, ताकि पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि यह योजना राज्य सहकारी बैंक चंडीगढ़ और जिला सहकारी बैंकों की 802 शाखाओं में शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि किसान सरल और आसान प्रक्रिया के माध्यम से इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। श्री मान ने कहा कि ग्रामीण इलाकों की प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं (पी.ए.सी.) और अन्य प्रगतिशील किसान इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि सहकारी सोसायटियां या अन्य संस्थान कॉमन हायरिंग सेंटर (सी.एच.सी.) योजना के तहत कृषि उपकरणों की खरीद पर 80 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह प्रगतिशील किसान फसली अवशेष प्रबंधन के लिए बेलर और सुपरसीडर जैसे कृषि उपकरणों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी के पात्र होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह योजना पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में सहायक सिद्ध होगी।

### प्रशिक्षण के लिए 50 शिक्षक अहमदाबाद रवाना: बैंस

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने रविवार को स्कूल प्रबंधन को और ज्यादा सुचारू बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण मुहिम अधीन आईआईएम. अहमदाबाद में प्रशिक्षण हासिल करने के लिए जाने वाले 50 मुख्य अध्यापक, अध्यापिकायों का तीसरा बैच मोहाली हवाई अड्डे से रवाना किया गया। श्री बैंस ने बताया कि 50 शिक्षकों के तीसरे बैच को विशेष प्रशिक्षण हासिल करने के लिए आई. आई. एम. अहमदाबाद में भेजा गया है। यह बैच सात अक्तूबर से 11 अक्तूबर तक प्रशिक्षण हासिल करेगा।

उन्होंने बताया कि आई. आई. एम. अहमदाबाद दुनिया भर में मैनेजमेंट के प्रशिक्षण के लिए प्रसिद्ध है और पंजाब सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों के हैडमास्टरों को विशेष प्रशिक्षण दिलाने का फैसला किया था। उन्होंने बताया कि इससे पहले राज्य सरकार 202 प्रिंसिपलों को भी दुनिया भर में प्रसिद्ध सिंगापुर की शिक्षा संस्था से प्रशिक्षण करवा चुकी है और 100 शिक्षकों को आई. आई. एम. अहमदाबाद से प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है।

# पंचायत चुनावों में जिन्हें नामांकन करने से रोका गया, वह मुख्य कार्यालय पहुंचें




**चंडीगढ़।** शिरोमणी अकाली दल (शिअद) ने रविवार को उन सभी पार्टी कार्यकताओं से अपील की है कि जिन्हे नामांकन पत्र दाखिल करने से रोका गया है वे सभी आवश्यक दस्तावेज और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और सरकारी अधिकारियों द्वारा गलत कामों के सबूत के साथ सोमवार को पार्टी कार्यालय पहुंचें ताकि पार्टी उनके लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानूनी कदम उठा सके।

शिअद के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने यह अपील करते हुए कहा कि पार्टी ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में आवश्यक याचिकाएं दायर करने के लिए एक उच्च स्तरीय कानूनी टीम गठित की है, क्योंकि आप सरकार ने किसी न किसी बहाने विपक्षी सदस्यों को नामांकन दाखिल करने से रोककर लोकतंत्र की आवाज को दबाया है। उन्हें राज्य के अलग-अलग हिस्सो से सरपंचों और पंचों के पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बड़े पैमाने पर रदद किए जाने की शिकायतें मिली हैं। उन्होने कहा,ह्यह्यहम अपनी शिकायतों के साथ राज्य चुनाव आयोग से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उनका समाधान नही हुआ है। उन्होने कहा कि शिकायतों की जांच करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एक कानूनी टीम का गठन किया गया है ह्लह्ल उन्होने कहा कि कानूनी टीम का नेतृत्व कानूनी विंग के अध्यक्ष करेंगें, जबकि इसमें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वकील भी शामिल किए गए हैं।

कहा कि टीम कल सुबह 11 बजे यहां अकाली दल के मुख्य कार्यालय में पीड़ित पक्षों से मुलाकात करेगी। श्री चीमा ने कहा कि कानूनी तौर पर उनके मामलों को तैयार करने के बाद अकाली दल का एक प्रतिनिधिमंडल पहले राज्य चुनाव आयोग से मिलेगा और बड़े पैमाने पर हुई हिंसा,नामांकन केंद्रों पर लाइनों में खड़े उम्मीदवारों पर हमलों, सत्तारूढ़ आप पार्टी के द्वारा विपक्षी उम्मीदवारों के नामांकन फाड़ने, सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्रियों और विधायकों के दबाव में तुच्छ आधार पर नामांकन पत्र खारिज करने और सत्ता का घोर दुरूपयोग और लोकतंत्र की हत्या की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेगा और उन्होने कहा,ह्लअगर जरूरत पड़ी तो पार्टी न्याय सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालय में एक विस्तृत याचिका भी दायर करेगी। इस दौरान डॉ. चीमा ने वरिष्ठ अकाली नेता वर-देव सिंह मान और बॉबी मान के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होने कहा कि इन दोनों नेताओं के बेटों के नामांकन पत्र रदद कर दिए गए तथा आप सरकार इन्हे न्याय देने के बजाय उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर दिया है।

# विजय दशमी के उपलक्ष्य में गरबा में थिरके सैकड़ों लोग



**झज्जर।** बहादुरगढ़ के श्री सनातन धर्म महावीर मंदिर में पहले नवरात्र के अवसर पर शुरू हुए 21 दिवसीय दशहरा उत्सव के चौथे दिन रविवार को गरबा उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने डाण्डिया खेलते नाचते गाते हुए धूमधाम से गरबा उत्सव मनाया और कार्यक्रम के पश्चात भण्डारे का आनन्द लिया। सनातन धर्म महावीर मंदिर में विजयादशमी के उपलक्ष्य में गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 21 दिवसीय श्री सुन्दरकाण्ड के पाठ चल रहे हैं। इन दिनों में मन्दिर में विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों को सनातन धर्म की जानकारी देने के लिए शनिवार को 10वीं कक्षा तक के बच्चों की धार्मिक भजनों की हुई। जिसमें 60 बच्चों ने भाग लेते हुए भजन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी बच्चों को संस्था की ओर से पारितोषिक दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम-द्वितीय व तृत्य स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष इनाम दिया गया। इसी कड़ी में धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चों महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। ठीक जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में परोपकारी सभा के प्रधान जगदीश ऐलावाधी, महासचिव तरुण चुघ, उपप्रधान सुरेश छाबड़ा, सह सचिव डॉ. धमीजा, ईश कोषाध्यक्ष पुनहानी, राकेश मोगिया, मोरार बतरा, गौरव सपडा, अशोक दुआ, यश ईशपुनिहानी, शमशेर ठुकराल आदि व महिला शक्ति समिति की सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मन्दिर में सोमवार 7 अक्तूबर से 10 अक्तूबर तक सायं 7:30 से रात्रि 10:30 तक श्रीराम कथा (मानस चिंतन) का आयोजन होगा। इसमें भाई मनीष चौहान अपने मुखारबिंद से राम भक्तों को लाभान्वित करेंगे। शुक्रवार 11 अक्तूबर को सायंकाल 7 बजे श्रीराम बारात शोभा यात्रा श्री महावीर मन्दिर से चलकर मेन बाजार, रेलवे रोड होते हुए लक्ष्मी नारायण मन्दिर सन्त कालोनी पहुँचेगी जहां सीता माता पक्ष वाले बारात का स्वागत करेंगे। इसी कड़ी में शनिवार 12 अक्तूबर को विजय दशमी शोभा यात्रा दोपहर 2:30 बजे श्री सनातन धर्म महावीर मन्दिर से चलकर मेन बाजार, पुरानी सब्जी मण्डी, माँडोठी बाजार से झज्झर रोड होती हुई पुराने कोर्ट परिसर पहुँचेगी जहां पर राम रावण युद्ध के बाद रावण दहन होगा।

# रोहतक: सभी विधानसभाओं में हुए मतदान के बाद किया स्क्रूटनी कार्य




**रोहतक।** विधानसभा चुनाव के लिए 5 अक्टूबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार स्थानीय जाट कॉलेज परिसर में 17 ए रजिस्टर के विभिन्न बिंदुओं और संबंधित दस्तावेजों की स्क्रूटनी का कार्य किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय की पांच अक्टूबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो गई है, जिसमें नागरिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। मतदान संपन्न होने के बाद चारों विधानसभाओं की ईवीएम जाट शिक्षण संस्थान संबंधित स्ट्रांग रूम में जमा करवाई गई है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 17 ए रजिस्टर के विभिन्न बिंदुओं और संबंधित दस्तावेजों की स्क्रुटनी का कार्य किया जाता है, जिसमें प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों को विधानसभा क्षेत्र में कहीं पर कम या ज्यादा मतदान प्रतिशत, टेंडर वोट आदि अन्य बारे विस्तार से जानकारी दी जाती है और उनके कारणों पर चर्चा की जाती है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के चलते ही रविवार को जाट शिक्षण संस्थान के महारानी किशोरी महिला कॉलेज में महम विधानसभा क्षेत्र और गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र की स्क्रूटनी का कार्य किया गया। स्क्रूटनी का कार्य डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार और दोनों विधानसभा क्षेत्र के सामान्य ऑब्जर्वर जाफर मलिक की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान महम विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दलबीर फोगाट और सांपला के एसडीएम एवं गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र जून ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में कम या ज्यादा मतदान वाले पोलिंग बूथ के बारे में वहां पर मौजूद प्रत्याशियों को विस्तार से जानकारी दी और उन पर चर्चा की। इसी प्रकार से जाट स्कूल में रोहतक विधानसभा और कलानौर विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर स्क्रुटनी का कार्य किया गया। यहां दोनों विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक विनोद पी. कावले की मौजूदगी में स्क्रुटनी का कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान एसीयूटी अभिनव सिवाच, एडीसी एवं कलानौर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी नरेंद्र कुमार और रोहतक के एसडीएम एवं रोहतक विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत के बारे में वहां पर मौजूद प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी।

## एक नजर

### उद्घाटन के 16 महीने बाद भी शुरू नहीं हो सकी नेपाल-भारत की दूसरी कार्गो रेल सेवा

**काठमांडू।** भारत के बिहार राज्य के जोगबनी से नेपाल के विराटनगर तक की कार्गो रेल सेवा के उद्घाटन हुए करीब 16 महीने हो चुके हैं लेकिन यह अभी भी शुरू नहीं हो सकी है। एक जून 2023 को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की भारत यात्रा के दौरान दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त रूप से जोगबनी से विराटनगर तक की कार्गो रेल सेवा का उद्घाटन किया गया था। इस पर आज तक एक भी कार्गो रेल नहीं चल पाया है। विराटनगर के व्यवसायियों को इस कार्गो रेल सेवा की शुरूआत होने से काफी उम्मीद थी लेकिन नेपाल सरकार की नीतियों के कारण इस रूट की कार्गो रेल सेवा का संचालन नहीं हो पाया है। विराटनगर उद्योग




वाणिज्य संघ के अध्यक्ष अनुपम राठी ने बताया कि नेपाल सरकार ने कार्गो रेल की कस्टम ड्यूटी इतनी अधिक रखी है कि उनके लिए कोलकाता पोर्ट से विराटनगर तक सामान मंगवाना बहुत महंगा सौदा है। नेपाल सरकार की कस्टम ड्यूटी से सस्ता तो कोलकाता से ट्रक से ही सामान लाना होता है। या फिर भारत के जोगबनी तक रेल से सामान मंगवाकर वहां से ट्रक से विराटनगर मंगवाना भी उससे सस्ता पड़ता है।

कोशी प्रदेश उद्योग वाणिज्य संघ के सदस्य और वीतानगर के बड़े उद्योगपति श्रवण अग्रवाल ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि भारत सरकार के हजारों करोड़ रुपये के निवेश का फायदा नेपाली उद्योग जगत को नहीं मिल पा रहा है। अग्रवाल का नेपाल सरकार पर आरोप है कि भारत के साथ कार्गो रेल संचालन के समझौते पर हस्ताक्षर करते समय सामान्य बातों का भी खयाल नहीं रखा गया। उनका कहना है कि भारत के पोर्ट से विराटनगर तक आने वाली कार्गो रेल में सिर्फ चार वस्तुओं के आयात की अनुमति दी गयी है। जबकि उन चारों वस्तुओं का नेपाल के सबसे बड़े उद्योग के इस शहर में कोई खास उपयोग नहीं होता है। अगर नेपाल सरकार भारत से फिर से बाकी सामानों के आयात की इजाजत ले तब इसके संचालन की उम्मीद है। विराटनगर कस्टम विभाग के प्रमुख ज्ञानेन्द्र राज ढकाल ने कहा कि यह सच है कि इस रूट से नेपाल तक सिर्फ चार सामान आयात करने की इजाजत है लेकिन भारत सरकार की तरफ से विराटनगर में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट और ड्राई पोर्ट बनाकर दिया गया है। उसका उपयोग करते हुए यहां के व्यवसायियों को बड़े पैमाने पर सामान मंगवाने से उन्हें फायदा हो सकता है। इस ड्राई पोर्ट पर चार सौ से अधिक ट्रेन का कंटेनर एक साथ लाया जा सकता है। यहां करीब एक हजार ट्रक के पार्किंग की भी जगह है। जोगबनी-विराटनगर कार्गो रेल सेवा नेपाल और भारत के बीच बनी दूसरा कार्गो रेल सेवा है। इससे पहले भारत सरकार की तरफ से बिहार के रक्सौल और नेपाल के बीरगंज तक पहली कार्गो रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है। बीरगंज में भारत सरकार की तरफ से देश का पहला ड्राई पोर्ट और पहला इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का भी निर्माण किया जा चुका है जो कि इस समय संचालन में है। नेपाल और भारत के बीच पहली यात्री रेल सेवा भारत के जयनगर से नेपाल के जनकपुरधाम तक चलायी जा रही है। दूसरी यात्री रेल सेवा के लिए सर्वे और डीपीआर का काम भी हो गया है, जिसका निर्माण रक्सौल से काठमांडू तक किया जाएगा।

### इजराइल पर आतंकी हमले के 1 साल, संयुक्त राष्ट्र महासचिव की बंधकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की अपील

**तेल अवीव।** इजराइल पर हमास के आतंकी हमले के एक साल पूरे होने के बाद पश्चिम एशिया में भीषण युद्ध भड़कने का खतरा लगातार बना हुआ है। इस बीच रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संदेश जारी कर हमास से बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों को तत्काल और बिना शर्त रिहा करने की अपील की है। उन्होंने रेडक्रॉस



की अंतरराष्ट्रीय समिति को बंधकों से मिलने की अनुमति देने की भी अपील की है। एक्स पर वीडियो जारी कर संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि 7 अक्टूबर को हमले ने आत्मा को झकझोर दिया। इस दिन हम उन सभी को याद करते हैं जिन्हें क्रूरतापूर्वक मार दिया गया और जिन्हें यौन हिंसा सहित अकल्पनीय हिंसा का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर को इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल में प्रवेश पर पाबंदी लगाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था। इजरायली विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने एंटोनियो पर आरोप लगाया कि उन्होंने बीते साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर ईरान और हमास के हमले की निंदा नहीं की थी। इस तरह की घटना पर अगर कोई व्यक्ति किसी की निंदा नहीं करता है तो वो हमारे देश में घुसने का हकदार नहीं है। इस बीच इजराइल 7 अक्टूबर की बरसी को देखते हुए खासा सतर्क है। इजरायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल के मुताबिक इस खास दिन कुछ ताकतों की तरफ से हमले की आशंका है जिसके लिए इजराइल हर तरह से तैयार है। शनिवार रात बेरूत में इजरायली हमले जारी रहे। इसे ईरान समर्थित हिजबुल्लाह का गढ़ माना जाता है। इजरायली सेना का दावा है कि चार दिनों पहले दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद से 400 से अधिक हिज्बुल्लाह लड़ाकों का खात्मा किया गया है। बलों ने जमीन और हवा से लगभग 440 आतंकवादियों को मार गिराया है, जिनमें विभिन्न रैंकों के 30 कमांडर भी शामिल हैं। इजरायली सेना ने लोगों से बेरूत के दक्षिणी उपनगरों को खाली करने की नई अपील की है। इस बीच हाशेम सफीद्दीन के भी मारे जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। उसे मारे गए हिज्बुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है। हाशेम सफीद्दीन शुक्रवार से संपर्क से बाहर हैं। हिज्बुल्लाह के खिलाफ अपने अभियान में इजराइल ने गुरुवार रात बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर बड़ा हमला किया था जिसका निशाना सफीद्दीन हो सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के आतंकियों ने हमला कर करीब 1200 लोगों की जान ले ली और काफी संख्या में इजराइली नागरिकों को बंधक बना लिया था। बंधकों की रिहाई और हमास आतंकियों के खात्मे के लिए शुरू हुआ इजराइल का अभियान एक साल में लगातार फैल रहा है। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) की जवाबी कार्रवाई में अब तक 41 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। गाजा पट्टी खासतौर पर प्रभावित रहा, जहां लाखों लोगों को पलायन करना पड़ा है।

# '8 अक्टूबर के बाद बिहार में राजनीतिक भूकंप आएगा'

आरजेडी नेता ने एनडीए को लेकर कर दी बड़ी भविष्यवाणी

**पटना,संवाददाता।** बिहार एनडीए में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसे लेकर आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि 8 अक्टूबर को हरियाणा, जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही बिहार में राजनीतिक भूकंप आएगा। बिहार मध्यावधि चुनाव की ओर जाएगा। जेडीयू अक्टूबर का इंतजार कर रही है। जेडीयू बीजेपी से पल्ला झाड़ लेगी। बीजेपी नीतीश पर सीएम की कुर्सी छोड़ने का दवाब बना रही है। दोनों राज्यों के नतीजे आते ही बीजेपी की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। जेडीयू बीजेपी में हर मुद्दे पर खटपट है।

मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि जेडीयू नीतीश को पीएम बनाने और भारत रत्न देने की मांग कर रही है। नीतीश को आरजेडी साथ कभी नहीं लेगी। क्योंकि 'बिहार की जनता की है पुकार,



अबकी बार तेजस्वी की सरकार'। हरियाणा, जम्मू कश्मीर केएग्जिट पोल के नतीजे सच साबित होंगे। दोनों राज्यों में बीजेपी का सुपड़ा साफ होगा। 8 अक्टूबर के नतीजे का बिहार में बड़ा साइड इफेक्ट दिखेगा। दरअसल 8 अक्टूबर को चुनाव नतीजों से पहले शनिवार को एग्जिट पोल के नतीजे जारी हुए है। जिससे कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं। हरियाणा में कांग्रेस के 10 साल बाद सत्ता में लौटने का अनुमान है, जबकि जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ एग्जिट पोल नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को सरकार बनाते हुए दिखा रहे हैं, जबकि कुछ गठबंधन को बहुमत से 10 से 15 सीटें दूर दिखा रहे हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में गठबंधन को 40 सीटें मिलने का अनुमान है और बीजेपी को 30 सीटें मिलने का अनुमान है। एग्जिट पोल का अनुमान है कि पीडीपी और अन्य को 10-10 सीटें मिलेंगी और वे किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, ये सिर्फ अनुमान हैं, नतीजे 8 अक्टूबर को ही आएंगे, जिसके बाद ये पता चलेगा कि जनता ने अपने लिए किस पार्टी को सही समझा। इसी अनुमान को लेकर बिहार में विपक्ष ये कहने लगा है कि इन राज्यों में नतीजे आने के बाद बिहार की सियासी हवा भी बदलेगी।

### झूठ बोलना छोड़कर हिमाचली होने का धर्म निभाएं जेपी नड्डा: कांग्रेस मंत्री

**शिमला।** हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्हें झूठ बोलना छोड़कर हिमाचली होने का धर्म निभाना चाहिए। दोनों मंत्रियों ने रविवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि जगत प्रकाश नड्डा को झूठ बोल कर देवभूमि हिमाचल प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास नहीं करना चाहिए क्योंकि पिछले बीस माह के कार्यकाल में वर्तमान कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है और यह सच प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है।

दोनों ने कहा कि बेशक जगत प्रकाश नड्डा राज्यसभा में गुजरात का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन हिमाचल उनका घर है। इसलिए उन्हें केंद्र सरकार के साथ हिमाचल प्रदेश के हितों की मजबूती के साथ पैरवी करनी चाहिए और राज्य के लोगों को उनका हक दिलवाने में मदद करनी चाहिए। दोनों मंत्रियों ने कहा कि पिछले वर्ष आपदा से राहत के प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपये का विशेष आर्थिक पैकेज देकर फिर से बसाया है, जबकि अभी भी आपदा के केंद्र सरकार के पास राज्य के लगभग 10 हजार करोड़ रुपए के क्लेम लंबित है।

इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के पास एनपीएस के फंसे 9200 करोड़ रुपए और बीबीएमबी एरियर के 4500 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश को दिलाने में भी उन्हें हिमाचल प्रदेश की मदद करनी चाहिए। शांडिल और धमार्णी ने कहा कि आपदा के लिए केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को एक पैसे की भी विशेष मदद नहीं मिली और नड्डा प्रदेश की जनता के सामने गलत आकंड़े प्रस्तुत कर रहे हैं। जो धनराशि केंद्र ने दी है, वह देश के सभी राज्यों को केंद्र सरकार से मिलने वाला वार्षिक हक है तथा आपदा का इससे कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आपदा नहीं आती, तब भी यह धनराशि हिमाचल प्रदेश को मिलनी ही थी।

### रानीगंज में सुकांतापल्ली दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया वर्चुअल उद्घाटन



**रानीगंज।** आसनसोल नगर निगम के वार्ड संख्या 36 के अंतर्गत सुकांतापल्ली सार्वजनिक दुर्गा उत्सव पूजा कमेटी द्वारा इस साल भी दुर्गा पूजा का आयोजन पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया गया। इस दुर्गा पूजा का उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वर्चुअल माध्यम से किया।

इस मौके पर रानीगंज के बीडीओ शुभजीत गोस्वामी,डीसी धुर्बो दास,रानीगंज थाना प्रभारी विकास दत्ता,पंजाबी मोड़ चौकी प्रभारी रविन्द्रनाथ दलोई,रानीगंज शहर के अध्यक्ष रुपेश यादव,आसनसोल नगर निगम मेयर परिषद के सदस्य दिव्येदू भगत,बोरो चेयरमैन मुज्जमिल साहजादा अंसारी,वार्ड पार्षद रंजीत उर्फ ज्योति सिंह,समाजसेवी तापस तिवारी, स्वपन आचार्य,मंदिर कमेटी के अध्यक्ष देवाशीष साहू,सचिव संजीव चंद्र,संयुक्त सचिव पूर्णेन्दु बनर्जी,संचालक डॉ.संदीप चंद्र,मनोज दत्ता समेत पूजा कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहे। इस मौके पर सचिव संजीव चंद्र ने बताया कि यह इस साल उनके क्लब द्वारा आयोजित पूजा का चौथा साल है पहली बार उनको राज्य सरकार की तरफ से अनुदान मिला है उन्होंने कहा कि उनके पूजा का बजट साढे चार लाख रूपए है और उनका पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में पूजा का कलेवर बढ़ेगा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पूजा का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया गया जिससे वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। पूजा कमेटी के संयुक्त सचिव पुर्णेंदु बनर्जी ने कहा की पहली बार उनको राज्य सरकार की तरफ से पूजा आयोजन के लिए दिए जाने वाला अनुदान मिला है और मुख्यमंत्री ने उनके पूजा पंडाल का वर्चुअल उद्घाटन किया है इसके लिए वह राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का धन्यवाद देना चाहते हैं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन फायर ब्रिगेड सहित प्रशासन के सभी स्तरों से उनके क्लब के सदस्यों के साथ सहयोग किया जा रहा है इसके लिए उन्होंने प्रशासन को धन्यवाद दिया इसके साथ ही उन्होंने रानीगंज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उनके पूजा पंडाल में आने का आमंत्रण दिया उन्होंने कहा की पूजा के चार दिन सभी विधि विधान के साथ पूजा का आयोजन किया जाएगा इसके साथ यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसके साथ ही उन्होंने रानीगंज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का भी आव्हान किया।

## दरभंगा : बीपीएससी टीचर की लाश पंखे से झूलती मिली

**दरभंगा,संवाददाता।** बिहार में एक बीपीएससी शिक्षिका ने ऐसा कदम उठा लिया जिसके बाद उसके घर में कोहराम मच गया। बीपीएससी टीचर जिले के कुशेस्वरस्थान प्रखंड क्षेत्र के सुघराइन गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ाती थी। बताया जा रहा है कि मकान मालिक ने शनिवार को पुलिस को खबर दी। दरअसल टीचर के रूम का दरवाजा काफी देर से बंद था। महिला टीचर के रूम का दरवाजा देर तक बंद देख मकान मालिक का दिमाग ठनका।

इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के भी आवाज लगाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो टीम ने दरवाजे को तोड़ा। अंदर का हाल देखते ही लोगों के साथ पुलिस भी सन्न रह गई। कमरे में शिक्षिका निक्की कुमारी की लाश पंखे से झूल रही थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला



शिक्षिका निक्की कुमारी अपने रूम में पंखे की कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से झूल गई।

मकान मालिक की सूचना पर पहुंची तिलकेश्वरस्थान थाना की पुलिस ने मामले की जांच करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने मृतक शिक्षिका के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें सिर्फ इतना ही लिखा है कि 'मैं अपनी मर्जी से अपनी जान ले रही हूं। मुझे माफ कर देना मां। जानकारी के अनुसार मृत शिक्षिका गोपालगंज जिले की रहने वाली निक्की कुमारी बताई जाती है। जो बीपीएससी से चयनित होकर कुशेस्वरस्थान प्रखंड क्षेत्र के सुघराईन गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित थी। वह स्कूल के ही गांव में राजा पोद्दार के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहा करती थी। मकान मालिक ने बताया कि शनिवार काफी देर तक मैडम का रूम नहीं खुला तो मन मे संदेह होने लगा। मकान मालिक ने आगे कहा कि 'हमलोगों ने मैडम के दरवाजे को काफी देर तक खटखटाया। लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। तब जाकर स्थानीय पुलिस को हमने खबर दी। यहां पहुंच कर जब पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा मैडम कमरे में रस्सी के सहारे पंखे की कुंडी से लटकी हुई थी। घटना की सूचना परिवार वालो को दे दी गई है। परिजन गोपालगंज से कुशेस्वरस्थान के लिए चल दिए हैं। इस सम्बंध तिलकेश्वरस्थान थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि 'घटना की सूचना पाकर एक टीम मौके पर गई थी। टीचर की लाश कमरे में ही मिली। इसकी खबर उनके परिवार वालों को दे दी गई है। मृतका गोपालगंज जिले की रहने वाली है। प्रथम द्दष्टया कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### रानीगंज में मारवाड़ी युवा मंच देवी शक्ति शाखा की दो दिवसीय दुर्गा पूजा वर्कशॉप संपन्न, बच्चों को सिखाया पूजा का महत्व और कलाकृति

**रानीगंज।** मारवाड़ी युवा मंच रानीगंज देवी शक्ति शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय दुर्गा पूजा वर्कशॉप 5 और 6 अक्टूबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अनोखे कैंप में बच्चों को न केवल कलाकृति और क्राफ्टवर्क सिखाया गया,बल्कि उन्हें उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को घर ले जाने का मौका भी मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और पूजा के महत्व से जोड़ना था। वर्कशॉप के दौरान बच्चों को मंत्र उच्चारण,भजन गायन, गरबा नृत्य और माँ दुर्गा की स्तुति करना सिखाया गया, जिससे उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक ज्ञान प्राप्त हो सके। यह एक कंपलीट पूजा पैकेज वर्कशॉप थी, जिसमें बच्चों ने धार्मिक और रचनात्मक गतिविधियों का आनंद लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन स्वीटी लोहिया, संयुक्त चेयरपर्सन दीप्ति सराफ, परियोजना अध्यक्ष निधि अग्रवाल, मयूरी सराफ, प्रीति केडिया, पायल काजोरिया, खुशी जागनानी,सुहानी सराफ,अनीता मुरारका, नेहा खैतान,पुर्व अध्यक्ष श्याम जलान, कोषाध्यक्ष अमित बजाज,समेत संस्था के सदस्यगण मौजूद थे। सभी ने बच्चों के उत्साह की सराहना की और वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान चेयरपर्सन स्वीटी लोहिया ने कहा नवरात्रि के अवसर पर बच्चों के लिए ये वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस वर्कशॉप का उद्देश्य बच्चों को न केवल रचनात्मक कार्यों से जोड़ना था, बल्कि उन्हें हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित कराना था। यह देखकर खुशी होती है



कि बच्चे इतने उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लेते हैं। वहीं संयुक्त चेयरपर्सन दीप्ति सराफ ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन हम निरंतर आयोजित करते रहते हैं। हम चाहते थे कि बच्चे माँ दुर्गा की पूजा के पीछे छिपी भावनाओं और परंपराओं को समझें, और इस वर्कशॉप के माध्यम से हमने उन्हें वही सिखाने की कोशिश की है। प्रोजेक्ट चेयरपर्सन निधि अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दी।

## नेपाल में 8 किलो सोना के साथ दो भारतीय धराये

हांगकांग से जुड़े हुए हैं तस्करी के तार

**मोतिहारी,संवाददाता।** नेपाल के वीरगंज काठमांडू सड़क के रातो माटी चेक पोस्ट पर तस्करी के सोने की बड़ी खेप के साथ दो भारतीय नागरिक पकड़े गए हैं। नेपाल पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में शनिवार को यह बरामदगी की है। पुलिस टीम ने 8 किलो 243 ग्राम 970 मिली ग्राम सोना पकड़ा है। जिसकी कीमत 11.43 करोड़ आंकी गयी है।

हाल के दिनों में सोना की तस्करी के मामले में यह बड़ी बरामदगी है। जानकारी के अनुसार रक्सौल बॉर्डर से करीब 60 किलो मीटर दूर मकवानपुर के हेतौड़ा स्थित रातोमाटी पुलिस चेकपोस्ट पर मकवानपुर के एसपी के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर दशहरा-दीपावली पर तस्करी रोकने के लिए अभियान चलाया गया। एसपी विश्व राज खड़का ने बताया कि विशेष सूचना पर शनिवार की अलसुबह 3 बजे चलाए गए अभियान में सोने की खेप के साथ भारत के महाराष्ट्र के सांगली जिला, दिघंची थाना अन्तर्गत पुजारवाड़ी निवासी अभिषेक अजिनाथ कुटी (25) व राहुल भिट्टिहाल (27) को पकड़ा गया है। इनके शरीर की तलाशी में सोना बरामद हुआ। वे शरीर के विभिन्न भाग में टेप से बांध कर सोने के बिस्किट ला रहे थे।पूर्व में पूर्वी चंपारण के युवक से बरामद हुआ था सोना एसपी ने बताया कि विगत 1 अक्टूबर 2024 को भी मकवानपुर पुलिस टीम ने रातो माटी चेक पोस्ट पर वीरगंज स्थित बस पार्क से हेठौड़ा की ओर जा रहे एक बस से बिहार के पूर्वी चंपारण के फुलवरिया के बरेवा निवासी सुजीत सर्राफ (34) को झोला



के साथ ही शरीर में छुपा कर रखे गए 67,34,544 रुपए कीमत के सोने की पांच बिस्किट, एक सोने की चेन के साथ पकड़ा था। बरामद सोने का कुल वजन 490 ग्राम 880 मिली ग्राम था। मकवानपुर जिला पुलिस कार्यालय सूत्रों ने बताया कि बॉर्डर के रास्ते इन दिनों बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी जारी है। इस सूचना पर नेपाल पुलिस ने विशेष जांच अभियान शुरू किया है। बताया गया है कि बरामद सोने की खेप को बारा जिला के पथलैया स्थित राजस्व अनुसंधान कार्यालय को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बता दें कि इन दिनों भारत से नेपाल में सोने की तस्करी जोरशोर से जारी है। दीपावली और आगामी लगन को देखते सोने की तस्करी तेज हो गई है।

एसपी विश्वराज खड़का ने जांच के बाद खुलासा किया है कि दोनों बिहार के रास्ते मधेश प्रदेश की राजधानी जनकपुर आए और वहां से यात्री बस से बारा जिले के पथलैया पहुंचे। इसके बाद वे सोने की खेप के साथ स्कूटी पर हेठौड़ा की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया है कि दोनों काठमांडू की गौशाला में सोने की खेप की डिलिवरी करने जा रहे थे। जांच में सामने आया है कि इससे पहले भी वे 2 किलो सोना काठमांडू पहुंचा चुके हैं। उनके तार हांगकांग से जुड़े हुए हैं और वहां बैठे सिंडिकेट चीफ से उनकी डायरेक्ट बात होने की आशंका है। जांच में व्हाट्सएप से हांगकांग बात होने के साक्ष्य मिले हैं।

### स्कूलों के विकास मे मदद करें दानदाता : दिलावर

**कोटा।** रामगंजमंडी के विधायक एवं राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के कोटा दक्षिण नगर निगम में आने वाले आठ वार्डो में 22 करोड़ 9 लाख 79 हजार के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने वार्ड नंबर 32 में अजय आहूजा नगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित दो कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया तथा नए कक्ष बनाने के लिए विधायक कोष से 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही विद्यालय को मिडिल स्कूल में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आम का पौधा भी लगाया। कार्यक्रम में विद्यालय में सहयोग करने वाले दानदाताओं एवं भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। विद्यालयो मे कक्षा कक्षों की कमी को दूर किया जायेगा। आवश्यकता अनुसार स्कूलों को क्रमोन्नत भी किया जायेगा और नए संकाय भी प्रारंभ किए जायेंगे। दिलावर ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य कर रही है पर इसमें जनभागीदारी की भी आवश्यकता है। मंत्री ने कार्यक्रम मे उपस्थित दानदाताओ और भामाशाहों से भी अपील की कि वे सरकारी स्कूलों मे जनसहभागिता से कार्य करवाए और सरकार की मदद करे। हम आप के हर तरह के सहयोग को तैयार है। दिलावर ने वार्ड संख्या छह में 2 करोड़ 17 लाख 56 हजार, वार्ड संख्या सात मे 3 करोड़ 18 लाख 86 हजार, वार्ड संख्या 8 में 1 करोड़ 88 लाख 10 हजार, वार्ड जैक्स संख्या 29 मे 8 करोड़ 77 लाख 62 हजार, वार्ड नंबर 31 में 86 लाख 77 हजार, वार्ड नंबर 32 मे 58 लाख 17 हजार, वार्ड नंबर 52 में एक करोड़ 48 लाख 91 हजार, वार्ड नंबर 53 में 2 करोड़ 13 लाख 79 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

# अमेरिका के बाद अमूल अब यूरोपीय बाजार में उतरने को तैयार : प्रबंध निदेशक

**जमशेदपुर, एजेंसी।** अमूल और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा है कि अमूल द्वारा हाल ही में अमेरिका में पेश किया गया दूध ह्यबेहद सफलह्व रहा है और अब वह यूरोपीय बाजार में उतरने को तैयार है। उन्होंने कहा कि ऐसा होता है तो यह इस ब्रांड के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा।

शनिवार को यहां निजी व्यवसाय प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित 'अमूल मॉडलः लाखों के जीवन में बदलाव' विषय पर 11वें डॉ. वर्गीज कुरियन स्मृति व्याख्यान में मेहता ने कहा, 'भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है और आगामी वर्षों में दुनिया के कुल दूध उत्पादन का एक-तिहाई भारत में होगा।'




मेहता ने कहा कि डेयरी सिर्फ एक कारोबार नहीं है, यह ग्रामीण भारत के लिए जीवन रेखा है। अमेरिका में अमूल द्वारा हाल ही में पेश किए गए दूध के बारे में बात करते हुए मेहता ने कहा कि यह 'बेहद सफल' रहा है, और अब वे पहली बार यूरोपीय बाजार में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक बने रहने के लिए अमूल प्रोटीन युक्त, ऑर्गेनिक और रसायन मुक्त उत्पादों की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने अमूल के संस्थापक डॉ. कुरियन द्वारा विकसित परिवेश की सराहना की।

मेहता ने कहा, 'अगर भारत दुनिया को कोई उपहार दे सकता है, तो वह सहकारी कार्य प्रणाली होगी झ एक उपहार जो डॉ. कुरियन ने हमें दिया। सहयोग में उनके विश्वास ने भारत में एक नई क्रांति को जन्म दिया है।'

मेहता ने कहा कि अमूल रोजाना 310 लाख लीटर से अधिक दूध एकत्र करती है। उन्होंने कहा कि भारत भर में 107 डेयरी संयंत्र और 50 से अधिक उत्पादों के साथ अमूल द्वारा सालाना 22 अरब पैक की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने दावा किया कि अमूल का कारोबार 80,000 करोड़ रुपये का है और अब यह वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी और खाद्य ब्रांड है, जिसके मालिक 36 लाख किसान हैं। डॉ. वर्गीज कुरियन की पुत्री निर्मला कुरियन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 50 साल से भी अधिक पहले उनके पिता ने यह सपना देखा था कि दूध की कमी वाला देश एक दिन आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।

एक्सएलआरआई जमशेदपुर के निदेशक फादर एस जॉर्ज ने कहा कि डॉ. वर्गीज कुरियन का जीवन बदलाव लाने की प्रतिबद्धता से जुड़ा था।

## इस्पात विनिर्माण के लिए लौह अयस्क फाइंस का इस्तेमाल करें कंपनियां : सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्पात मंत्रालय ने एकीकृत इस्पात कंपनियों से इस्पात निर्माण के लिए लौह अयस्क फाइंस का इस्तेमाल करने को कहा है। इससे उपलब्ध कच्चे माल का इस्तेमाल बढ़ सकेगा।

सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय ने यह भी सुझाव दिया है कि कंपनियां विदेशों में कोकिंग कोल खदानों का अधिग्रहण करने जैसे विकल्पों पर विचार करें। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धी कीमतों पर कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाना है।

सूत्रों ने कहा, ह्यह्यउन्हें बताया गया है कि देश में लौह भंडार सीमित हैं और इसे संरक्षित करने के लिए कंपनियों को 'बेनेफिसिएशन' की प्रक्रिया के जरिये निचले ग्रेड के अयस्क का इस्तेमाल करना चाहिए।

लौह अयस्क और कोकिंग कोयला ब्लास्ट फर्नेस मार्ग के माध्यम से इस्पात विनिर्माण के लिए



उपयोग किए जाने वाले दो प्रमुख कच्चे माल हैं। लौह अयस्क जहां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, कोकिंग कोयले के लिए भारत काफी हद तक आयात पर निर्भर है।

प्रमुख कंपनियां बीएफ (ब्लास्ट फर्नेस) के माध्यम से इस्पात बनाने के लिए केवल उच्च श्रेणी के अयस्क लंप्स (ढेले) का उपयोग करती हैं, जिसमें 65 प्रतिशत और उससे अधिक लौह तत्व होता है। फाइंस या चूरा निम्न श्रेणी का अयस्क है जिनमें लौह तत्व 64 प्रतिशत या उससे कम होता है।

## इजराइल-ईरान तनाव और चीन के पैकेज का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई, एजेंसी।** इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह साढ़े चार प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी इन्हीं कारकों के साथ ही कंपनियों की दूसरी तिमाही के नतीजों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3883.4 अंक अर्थात 4.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर करीब एक माह के निचले स्तर 81688.45 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1164.35 अंक यानी 4.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 25014.60 अंक रह गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के




शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1583.58 अंक अर्थात 3.2 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 47906.74 अंक और स्मॉलकैप 1146.05 अंक यानी 2.00 प्रतिशत कमजोर होकर 55945.31 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी और सेंसेक्स दोनों के क्रमशः 26000 और 85000 के नए रिकॉर्ड स्तर अल्पकालिक थे क्योंकि मध्य-पश्चिम की प्रतिकूल परिस्थितियों और चीन के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से अन्य एशियाई बाजारों में शेयरों के सस्ते होने से इन बाजारों की ओर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के तेज निवेश प्रवाह ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

इससे बीते सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार में कई बेंचमार्क सूचकांकों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। एफआईआई ने इस महीने अब तक बाजार से 30,719.57 करोड़ रुपये निकाल लिए। इस दौरान ऑटो, बैंक, इन्फ्रा और ऊर्जा जैसे समूहों का प्रदर्शन कमजोर रहा। हालांकि अमेरिकी फेड रिजर्व के मौद्रिक नीति में ढील देने के बाद राजस्व और खर्च पर बेहतर धारणा के कारण आईटी समूह पर प्रभाव कम रहा। वहीं, चीन के प्रोत्साहन पैकेज का स्थानीय स्तर पर धातु शेयरों पर कुछ प्रभाव पड़ा। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण तेल की कीमतों में उछाल से इनपुट लागत बढ़ सकती है और इससे घरेलू कंपनियों की आय प्रभावित हो सकती है। पेंट क्षेत्र पर इसका असर पड़ने की संभावना है क्योंकि इसका कच्चा माल मुख्यतः कच्चे तेल पर आधारित है। हालांकि हाल की कीमत वृद्धि और वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में मांग में तेजी की उम्मीद एशियन पेंट्स में निवेश का अवसर प्रदान करेगी।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.00 प्रतिशत उबलकर 74.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 78.14 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।






### देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

| महानगर | पेट्रोल | डीजल ( रुपये प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 94.72 | 87.62 |
| मुंबई | 104.21 | 92.15 |
| चेन्नई | 100.75 | 92.34 |
| कोलकाता | 103.94 | 90.76 |

## विदेशी मुद्रा भंडार 12.6 अरब डॉलर बढ़कर 704.9 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में रिकॉर्ड इजाफा होने से 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले चौदह महीने के बाद की सबसे बड़ी साप्ताहिक 12.6 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 704.9 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.84 अरब डॉलर के इजाफे के साथ रिकॉर्ड 692.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक के जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.5 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 616.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 65.8 अरब डॉलर हो गया।

आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 80 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह 18.55 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 7.1 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और यह 4.5 अरब डॉलर से घटकर 4.4 अरब डॉलर पर आ गया।

# बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सहकारी संस्था नेफेड द्वारा सरसों की निरंतर बिकवाली करने के कारण देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई। डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर स्थानीय मांग से सोयाबीन तिलहन, ऊंचे दाम और नई फसल की बढ़ती आवक के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी समीक्षाधीन सप्ताह में गिरावट दर्ज हुई।

दूसरी ओर, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान आयातित खाद्य तेलों की कमी और त्योहारी मांग की वजह से सोयाबीन तेल के दाम मजबूत रहे।

माल की कमी और विदेशों में दाम बढ़ने के कारण समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन के भाव भी मजबूत बंद हुए। पेराई मिलों द्वारा बिनौला तेल का दाम बढ़ाये जाने के कारण बिनौला तेल कीमतों में भी सुधार आया।

बाजार सूत्रों ने कहा कि आयातित खाद्य तेलों के आयात शुल्क में वृद्धि किये जाने के बाद बाजार में सरसों की आपूर्ति में सुधार हुआ है जिससे किसानों को फसल के अच्छे दाम मिल रहे हैं



और तेल मिलें अच्छी तरह चल रही हैं। बीते सप्ताह नेफेड की बिकवाली और सरसों आपूर्ति में सुधार होने के कारण सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई।

सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग कमजोर है और ऊंचा भाव होने के कारण निर्यात की कमजोर मांग के कारण बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट रही।

उन्होंने कहा कि नई फसल की आवक बढ़ने और ऊंचे भाव पर लिवाली प्रभावित होने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई।

सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ का दाम पहले के 1,135-1,140 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,170-1,175 डॉलर प्रति टन हो गया। आयातित खाद्य तेलों की पहले से कमी की स्थिति और विदेशों में दाम बढ़ने के कारण बीते सप्ताह सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम में मजबूती दर्ज हुई।

सूत्रों ने कहा कि किसान बाजार में कपास नरमा कम ला रहे हैं, क्योंकि बाजार में मिलावटी खल का भाव जानबूझकर कमजोर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सट्टेबाज का प्रयास होता है कि खल का भाव कमजोर रखकर किसानों से कपास नरमा को सस्ते भाव पर हड़प लिया जाये। ऐसी स्थिति में पेराई मिलें खल के भाव की गिरावट को तेल का दाम बढ़ाकर पूरा करती हैं जो बिनौला तेल कीमतों में सुधार का मुख्य कारण है।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 25 रुपये घटकर 6,750-6,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 14,075 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 5-5 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,190-2,290 रुपये और 2,190-2,305 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 200 रुपये और 100 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,685-4,735 रुपये प्रति क्विंटल और 4,450-4,695 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

इसके उलट सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 100 रुपये, 150 रुपये और 200 रुपये बढ़कर क्रमशः 13,500 रुपये, 13,000 रुपये और 9,800 रुपये क्विंटल पर बंद हुए।

मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले गिरावट का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 150 रुपये की गिरावट के साथ 6,300-6,575 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 375 रुपये की गिरावट के साथ 14,850 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 2,250-2,550 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

मांग बढ़ने और कम आपूर्ति की स्थिति के कारण कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 500 रुपये की तेजी के साथ 12,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 200 रुपये के सुधार के साथ 13,900 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 75 रुपये के सुधार के साथ 12,900 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 12,850 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## एक नजर

### इस सप्ताह आएंगे दो आईपीओ, 365 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल के सप्ताहों में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की 'बाढ़' के बाद प्राथमिक बाजार में अब थोड़ी सुस्ती देखने को मिलेगी। अगले सप्ताह सिर्फ दो आईपीओ आ रहे हैं, जिनके जरिये करीब 365 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ और एसएमई (लघु और मझोले उद्यम) खंड में 40 आईपीओ आए थे। सात अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले सप्ताह मुख्य मंच पर गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग और एसएमई खंड पर शिव टेक्सकेम के आईपीओ आने हैं। गरुड़ कंस्ट्रक्शन आईपीओ के जरिये 264 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्टूबर को बंद होगा। शिव टेक्सकेम का 8-10 अक्टूबर के दौरान अपने आईपीओ के जरिये 101 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का लक्ष्य है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के चलते अक्टूबर की शुरूआत से शेयर बाजार में काफी गिरावट आई है। प्राइमडेटाबेस के अनुसार, अस्थायी सुस्ती के बावजूद कुल मिलाकर आईपीओ बाजार का परिदृश्य सकारात्मक है। अभी 26 कंपनियों के पास आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी है, जिसके जरिये वे 72,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं। इसके अलावा 55 कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव सेबी के पास विचाराधीन हैं। इन कंपनियों की आईपीओ के जरिये 89,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। इस महीने दक्षिण कोरिया की वाहन कंपनी हुंदै की भारतीय इकाई हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड लगभग 25,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए प्राथमिक बाजार में उतरेगी। सूत्रों के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 14 अक्टूबर को आ सकता है।

### अनिल अंबानी की अगुवाई वाला रिलायंस समूह 17,600 करोड़ रुपये जुटाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की कंपनियां झ रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड 17,600 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने और शून्य कर्ज की स्थिति के साथ अपनी वृद्धि रणनीतियों को क्रियान्वित करने के लिए तैयार हैं। दोनों कंपनियों ने इक्विटी शेयरों के तरजीही निर्गम के जरिये पिछले दो सप्ताह में 4,500 करोड़ रुपये और प्रसिद्ध वैश्विक निवेश कंपनी वर्डे पार्टनर्स से इक्विटी से जुड़े दीर्घकालिक एफसीसीबी के जरिये 7,100 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। इनकी परिपक्वता अवधि 10 वर्ष है और ब्याज दर पांच प्रतिशत है। पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के माध्यम से अतिरिक्त 6,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। इसमें रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का लक्ष्य 3,000-3,000 करोड़ रुपये जुटाने का है। अधिकारियों ने कहा कि समाधान होने के साथ ही शेयरधारकों की मंजूरी महीने के अंत तक मिलने की उम्मीद है।

समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इक्विटी या इक्विटी से जुड़े दीर्घकालिक बॉन्ड के माध्यम से पूंजी जुटाने की रिलायंस समूह की रणनीति समूह की कंपनियों को उनकी विस्तार योजनाओं के लिए आवश्यक वृद्धि पूंजी प्रदान करेगी। सिर्फ 70:30 ऋण से इक्विटी अनुपात के बावजूद इक्विटी या इक्विटी संबद्ध बॉन्ड के जरिये 17,000 करोड़ रुपये जुटाने से समूह की कंपनियों के पास अगले कुछ साल को अपनी कारोबारी योजनाओं के लिए 50,000 करोड़ रुपये के निवेश की गुंजाइश होगी। इस वित्तपोषण के बाद दोनों कंपनियों का नेटवर्थ करीब 25,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।

### नीतिगत निरंतरता से उद्योग जगत उत्साहित, कारोबारी भरोसा दो तिमाही के उच्चस्तर पर: सीआईआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) कारोबारी भरोसा सूचकांक चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान दो तिमाही के उच्चस्तर 68.2 पर पहुंच गया। सीआईआई ने लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले सर्वेक्षण में कहा कि उद्योग जगत नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता से उत्साहित है। सीआईआई कारोबारी परिदृश्य सर्वेक्षण का 128वां दौर सितंबर, 2024 में आयोजित किया गया था, जिसमें सभी उद्योग क्षेत्रों में अलग-अलग आकार की 200 से अधिक फर्मों को शामिल किया गया। उद्योग निकाय ने कहा कि आम चुनावों के बाद आर्थिक गति में तेजी आई है। सीआईआई ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि अच्छी रही है, साथ ही आगामी त्योहारी सत्र के लिए वृद्धि के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। रिपोर्ट में आगाह किया गया कि वैश्विक परिदृश्य में अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे उभरती आर्थिक स्थितियों पर सावधानीपूर्वक नजर रखने की जरूरत है। सर्वेक्षण में उत्तरदाताओं ने कुछ छोटी-मोटी व्यावसायिक चिंताओं को उजागर किया है, जिनमें लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक जिंस कीमतों में उछाल और बाहरी मांग में कमी प्रमुख हैं।

### अक्टूबर शुरू होते ही सेलर बने विदेशी निवेशक, 3 दिन में की 27,142 करोड़ की बिकवाली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर में घरेलू शेयर बाजार में जोरदार खरीदारी करने के बाद अक्टूबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पूरी तरह से बिकवाल (सेलर) की भूमिका में नजर आ रहे हैं। अक्टूबर में अभी तक सिर्फ तीन दिन ही कारोबार हुआ है। इन तीन दिनों में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बिकवाली करके भारतीय शेयर बाजार से 27,142 करोड़ रुपये की निकासी कर ली है। माना जा रहा है कि मिडिल ईस्ट में बढ़े तनाव, चीन के स्टॉक मार्केट में आए उछाल और कच्चे तेल की कीमत में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली की। डिपॉजिटरी से मिले आंकड़ों के अनुसार 01 से 04 अक्टूबर के बीच के तीन कारोबारी दिन (02 अक्टूबर को छुट्टी होने की वजह से कारोबार नहीं हुआ था) में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक एक तरफा बिकवाली करते रहे। हालांकि इसके पहले सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 57,724 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी। सितंबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा की गई खरीदारी का ये आंकड़ा शेयर बाजार में 9 महीने के मासिक विदेशी निवेश का सर्वोच्च स्तर था। उल्लेखनीय कि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 2 महीने अप्रैल और मई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने कुल मिलाकर 34,252 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। इसी तरह कैलेंडर ईयर 2024 के पहले महीने जनवरी में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बिकवाल की भूमिका में बने रहे थे। यानी साल 2024 के 03 महीने जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़ कर शेष 06 महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लगातार लिवाल (बायर) की भूमिका में बने रहे हैं।

# दीव में दिखता है पुर्तगाली सभ्यता का प्रभाव








यह स्थान वर्ष 1961 से पहले पुर्तगाली शासन के अधीन था तथा गोवा और दमन के साथ ही इसे स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। ठंडी समुद्री हवा के झोकों तथा प्रदूषण रहित वातावरण के कारण यहां आकर सैलानियों को काफी राहत महसूस होती है। लंबे विदेशी शासन के कारण दीव के भवनों, किलों, भाषा व संस्कृति तथा जीवनशैली पर पुर्तगाली सभ्यता का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। यहां गुजराती, हिन्दी, अंग्रेजी तथा पुर्तगाली भाषाएं बोली व समझी जाती हैं।

यहां के निवासियों को फूलों से बेहद लगाव है इसलिए लगभग हर मकान में फूलों के पौधे आपको अवश्य देखने को मिलेंगे। दीव का प्रमुख आकर्षण यहां का किला है जोकि लगभग 5.7 हेक्टेयर क्षेत्र में बना हुआ है और सागर के अंदर समाया हुआ प्रतीत होता है। इस किले का निर्माण वर्ष 1535-41 के बीच में गुजरात के सुलतान बहादुरशाह व पुर्तगालियों द्वारा किया गया था। किले के बीच में पुर्तगाली योद्धा डाम नूनो डी कुन्हा की कांसे की मूर्ति भी बनी हुई है। यहां एक प्रकाश स्तंभ भी बना हुआ है जहां से पूरे दीव का नजारा दिखता है। प्रकाश स्तंभ से आवाज देने पर उसकी प्रतिध्वनि भी सुनाई देती है। पानीकोट का दुर्ग पत्थर की विशाल शिलाओं से बना हुआ है। यह दुर्ग एक समुद्री जहाज के आकार का नजर आता है। इस सुंदर दुर्ग तक पहुंचने के लिए नाव अथवा मोटरबोट की सहायता लेनी पड़ती है क्योंकि यह खाड़ी के मुहाने पर तट से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दुर्ग के बीचोंबीच एक गिरजाघर व प्रकाश स्तंभ भी है। आप सेंट पाल चर्च भी देखने जा सकते हैं। वर्ष 1610 में बनी यह चर्च धार्मिक और ऐतिहासिक, दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है। आप दीव घूमने आए ही हैं तो नगोआ बीच जरूर जाएं। इस बीच को भारत के सुंदरतम तटों में से एक माना जाता है। इसका आकार घोड़े की नाल के समान है, जिस पर सुनहरी रेत बिखरी हुई है। इसकी लंबाई दो किलोमीटर है तथा रहने के लिए यहां तंबू लगाने की सुविधा भी है।

सनसेट प्वाइंट सागर तट की गरजती लहरों के बीच एक पहाड़ी पर स्थित है। यहां पर एक उद्यान और ओपन एअर थियेटर बनाया गया है तथा स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए कमरों की भी व्यवस्था है। दीव के अन्य दर्शनीय स्थलों की बात करें तो केवड़ी में स्थित संगीत फुहारे, सेंट थामस चर्च, नवलखा पार्श्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, जामा मस्जिद, दीव संग्रहालय, गोमती माता सागर तट, घोघला सागर तट व मांडवी नगर आदि प्रमुख हैं। दीव में एक विचित्र आकार का ताड़ का पेड़ होता है जिसमें ऊपर एक के स्थान पर दो तने होते हैं, यह पेड़ अंग्रेजी के वाई आकार का दिखता है, इसको होक्का ताड़ भी कहते हैं। दीव के हवाई अड्डे पर जेट एअर की मुंबई से प्रतिदिन की उड़ाने हैं। यदि यहां रेल मार्ग से आना चाहें तो आपको निकटतम रेलवे स्टेशन वेरावल पड़ेगा। जहां से आपको दीव तक के लिए बस सेवा उपलब्ध हो जाएगी।

# पंद्रहवीं सदी के वास्तुशिल्प का अद्भुत उदाहरण है बूंदी किला



राजस्थान के बूंदी जिले का तारागढ़ किले का निर्माण यहां के राजा राववर सिंह ने पंद्रहवीं शताब्दी में करवाया था। 1426 फीट की ऊंचाई पर अरावती की पहाड़ियों में स्थित यह किला आज भी अपनी विशालता से लोगों का ध्यान बरबस खींच लेता है। किले की प्राचीर का निर्माण जयपुर के फौजदार दलेल सिंह ने करवाया था। दुर्ग में चार बडे कुंडल हैं। रहने के लिए सुंदर महल और निवास हैं। किले का आकर्षण एक काफी ऊंची बुर्ज है जिसे भीम बुर्ज के नाम से पुकारा जाता है। बुर्ज के नजदीक ही एक छतरी है। इसे भीम राव अनिरुद्ध सिंह के धाभाई देवा ने बनवाया था। इसके अंदर एक किलेधारी का मंदिर है जिसे महाराज राजा उम्मेद सिंह ने बनवाया था। यहां एक जगह ऐसी है जहां दो मिनट के लिए आप अपने आप ठिठक जाएंगे। यह जगह है किले की चित्रशाला। उम्मेद महल के नाम से प्रसिद्ध इस भव्य चित्रशाला का निर्माण राव उम्मेद सिंह ने करवाया था। यहां राव उम्मेद सिंह तथा राव बिसन सिंह की तस्वीरें हैं। इस चित्रमहल की विषयवस्तु राग रागनियों, प्रेमाख्यान और राजकीय समारोह, गोवर्धन धारी चीर हरण, राम विवाह, ढोलामारु तथा महामिरातेब हैं। चित्रशाला पर मुगल और मेवाड़ शैली का असर है। यहां हरी पृष्ठभूमि पर सफेद रंग से पुरुष और नारी बने हैं। स्त्री और पुरुष के कपड़ों के रंग लाल, नीले, काले और पीले हैं। पूरे किले में यही एकमात्र भाग है जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने सुरक्षित स्मारक घोषित कर अपने अधीन रखा हुआ है। इसी चित्रशाला में एक जगह महाराज उम्मेद सिंह की चरण पादुका रखी हुई है। इस जगह पहले सिंहासन रखा होता था। इसके अलावा किले में पहाडियों से सबसे ऊंचाई पर पहले राजा का घुड़साल हुआ करता था। घुड़साल के अलावा इत्र महल, बादल महल, फूल महल जैसी और भी कई अन्य जगह हैं जो पर्यटकों के आकर्षण के केन्द्र बन सकते हैं लेकिन महाराज के वंशज ने उसे अपनी निजी संपत्ति के तौर पर संरक्षित कर रखा है। यहां विदेशी पर्यटक भी आते हैं मगर उनकी संख्या कम है। पहाड़ियों की ऊंचाई पर पुलिस विभाग ने एक वायरलेस स्टेशन भी स्थापित कर रखा है। पहाड़ियों की चढ़ाई कर इस किले के विशाल रूप से वाकिफ होकर अगर आप सुस्ताने के लिए नीचे आएंगे तो आपको एक हेरिटेज होटल मिलेगा। निजी समूहों ने किले के ही एक भाग का नवीकरण कर इसमें कमरे बना दिए हैं। इन कमरों में रुककर आप भी एक दिन राजाओं के जमाने में वापस जा सकते हैं।

# दुबई का मिरेकल गार्डन जैसे रेगिस्तान में नंदन-कानन

दुबई की यह मेरी पांचवीं यात्रा है। जब भी यहाँ आया हूँ कोई-न-कोई नयी बात या नयी चीज़ सुनने-देखने को मिली है। पिछली बार जब आया था तो बुर्ज खलीफा चर्चा में था। 160 मंजिलों वाली तथा लगभग 828 मीटर ऊंची इस आकाश-छूती इमारत को देखकर सचमुच आश्चर्य हुआ था। उससे पहले दुबई स्थित उस होटल बुर्ज-अल-अरब को देखा था, जिसके बारे में सुना था कि वह विश्व का सब से बड़ा सात-सितारा होटल है। प्रतिमान पर प्रतिमान स्थापित करना इस शान-शौकत और चमक-दमक वाले दुबई शहर की ललक का एक तरह से पर्याय बन गया है। विश्व का सब से बड़ा माल दुबई माल भी यहीं पर है। स्वचालित (बिना ड्राइवर के) मेट्रो भी यहां है। और भी बहुत कुछ है यहाँ देखने के लिए। इस बार उस पुष्प-उद्यान को देखने का मौका मिला जिसके बारे में अपने देश में सुन रखा था। यह पुष्प उद्यान यानी मिरेकल गार्डन विश्व-प्रसिद्ध है। लगता है जैसे समूचा नंदन-कानन सहरा में उतर कर आया हो। दुबई मिरेकल गार्डन का क्षेत्रफल लगभग सत्तर हज़ार वर्गमीटर है। विश्व का यह ऐसा पहला उपवन है जिसमें 60 रंगों के 4.5 करोड़ फूल हैं। इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें फारस की खाड़ी के इलाके में पहली बार लाया गया है। यह संसार का पहला ऐसा बाग़ है जो फूलों से बनी तीन मीटर ऊंची दीवार से घिरा हुआ है और इसमें एक दस मीटर ऊंचा पुष्प-पिरामिड भी है7 फूलों के गुच्छों, झुरमुटों और कियारियों को बड़े ही कलापूर्ण ढंग से तराशा/संवारा गया है। जहाँ तक भी नजर जाती है महकते फूलों का समुद्र ठाठें मारता दृष्टिगोचर होता है। रेगिस्तान में ऐसा दृश्य विरल ही नहीं, अकल्पनीय भी है। इस दिलकश गुलिस्तान के निर्माताओं का कहना है कि वे संसार को दिखाना चाहते थे कि सहरा को भी कैसे प्रदूषित जल का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग कर उसे हराभरा किया जा सकता है। दुनिया को वे यह भी बताना चाहते थे कि दुबई मात्र ऊँची-ऊँची अट्टालिकाओं (लोहा-सीमेंट-रेत) और मालों/होटलों का ही शहर नही है। अपितु प्रकृति-प्रेमी नगर भी है।

एक बात और। दुबई की भावी योजनाओं में एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है फाल्कन सिटी आफ़ वंडर्स। इस परियोजना के तहत दुनिया भर से वास्तुकला के कई श्रेष्ठ नमूनों की प्रतिकृतियां बनाई जाएंगी जिनमें पिरामिड, हैंगिंग गार्डन, एफिल टावर, ताज महल, चीन की महान दीवार और पिसा की झूलती मीनार शामिल हैं। परियोजना दुबई के प्रतिमानों की श्रृंखला में एक और नई कहानी लिखेगी, ऐसा इसके प्रबंधकों का मानना है। दुबई के प्रशासकों (शेखों) को यह समझ में आने लगा है कि उनके तेल के जखीरे अब ज्यादा दिनों तक चलने वाले नहीं हैं और एक-न-एक दिन उनके ये तेल के कुंए तेल देना बंद कर देंगे। दरअसल, 1930 में उन्हें तेल की अकूत संपदा हाथ लगी थी, उससे पहले यहाँ के लोग मछली-पालन या समुद्र से मोती निकालने का काम करते थे, लगभग अस्सी वर्षों से सहरा इन्हें तेल से मालामाल कर रहा है।

बुर्ज, होटल, चौड़ी सड़कें, चमक-दमक, वैभव, ठाठ-बाठ आदि सब तेल की वजह से है। मगर तेल निकलेगा भी तो कब तक? इसलिए विकल्प के तौर पर, समय रहते, यहाँ के शासक पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में भी बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं ये लोग ला रहे हैं।









# महिला टी-20 विश्वकप में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया



**दुबई, एजेंसी।** अरुंधति रेड्डी (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (32) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (रिटायर्ड हर्ट 29) की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के सातवें मैच में पाकिस्तान को सात गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया हैं।

आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में स्मृति मंधाना (सात) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने शेफाली वर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 12वें ओवर में ओमाइमा सोहैल ने शेफाली वर्मा को रियाज के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शेफाली ने 35 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये (32) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जेमिमाह के साथ तेजी से रन बटोरने का प्रयास किया। 16वें ओवर में फातिमा सना ने जेमिमाह (23) को विकेटकीपर मुनीबा अली के हाथों कैच आउट करा दिया और अगली ही गेंद पर ऋचा घोष (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। इस समय ऐसा लगने लगा कि पाकिस्तान मैच में वापसी कर रहा है, लेकिन हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। दोनों बल्लेबाज भारत को जीत की दहलीज पर ले गई।

19वें ओवर की चौथी गेंद पर शॉट खेलने के दौरान हरमनप्रीत गिर कर चोटिल हो गई और रिटायर हर्ट होना पड़ा। उन्होंने 24 गेंदों में एक चौका लगाते हुये 29 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी सजीवन सजना ने आते ही चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर छह विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की ओर से फातिमा सना ने दो विकेट लिये। सादिया इकबाल और ओमाइमा सोहैल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम को मैच की शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजी के कहर का सामना करना पड़ा।

पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने गुल फिरोजा (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सिदरा अमीन (8) को अपना शिकार बनाया। अरुंधति रेड्डी ने ओमाइमा सोहैल (3) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 10वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने मुनीबा अली (17) को आउट किया। आलिया रियाज (4), कप्तान फातिमा सना (13) और तुबा हसन (शून्य) पर आउट हुई। निदा डार ने पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक 28 रनों की पारी खेली। सैयदा अरूब शाह (14) और नाशरा संधू (6) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजी कहर के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 105 का स्कोर बना सकी। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी ने 19 रन देकर (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल ने 12 रन देकर (2 विकेट) लिये। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लिए वाशिंगटन सुंदर के मजे



**ग्वालियर, एजेंसी।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले मस्ती के मूड में नजर आए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें सूर्यकुमार वाशिंगटन सुंदर के मजे लेते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय कप्तान ने नेट्स पर अभ्यास कर रहे वाशिंगटन को चिढ़ाना शुरू किया और 2021 में ऐतिहासिक गाबा टेस्ट को लेकर उनके मजे लिए। सुंदर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट में अहम भूमिका निभाई थी। उस मैच की पहली पारी में सुंदर ने 62 रन बनाए थे और शार्दुल ठाकुर के साथ मिलकर 100 रन से अधिक की साझेदारी की थी। इसके बाद उन्होंने गेंद से भी कमाल दिखाया था और चार विकेट झटके थे। गाबा टेस्ट के बाद सुंदर चोट के कारण भारतीय टीम या आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए ज्यादातर समय उपलब्ध नहीं रह सके। रवींद्र जडेजा के टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद इस स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर को टीम में जगह मिली। वाशिंगटन ने श्रीलंका और जिम्बाब्वे सीरीज में लिया था हिस्सा वाशिंगटन ने मैच से एक दिन पहले पांच अक्तूबर को अपना 25वां जन्मदिन मनाया।

# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 21 रनों से हराया



**शारजाह, एजेंसी।** इंग्लैंड ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर महिला टी20 विश्व कप में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 21 रन से हराकर अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज डेनिएल वायट (41) और माइया बूशेर (23) के बीच पहले विकेट के लिए 40 गेंद में 48 रन की आक्रामक साझेदारी के दम पर सात विकेट पर 118 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को सात विकेट पर 97 रन पर रोक दिया।

बांग्लादेश की यह दो मैचों में पहली हार है। टीम ने अपनी शुरूआती मैच में स्कॉटलैंड को शिकस्त दी थी। इंग्लैंड की टीम इस मैच में चार स्पिन गेंदबाजों के साथ उतरी थी। लिंसी स्मिथ और शार्लेट डीन ने दो-दो विकेट लिए जबकि नैट सिवर ब्रंट और सारा ग्लेन को एक-एक सफलता मिली। बांग्लादेश के लिए शोबना मोस्तरी ने सबसे ज्यादा 44 रन का योगदान दिया। उन्होंने 48 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। बांग्लादेश की टीम अपनी पारी महज चार चौके और एक छक्का ही लगा सकी।

लक्ष्य का बचाव करते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। साथी रानी (सात) ने तीसरे ओवर में सिवर-ब्रंट (20 रन पर एक विकेट) के खिलाफ पारी का पहला चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में डीन (23 रन दो विकेट) ने दिलारा अख्तर (छह) को पगबाधा कर दिया। पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी लिंसी स्मिथ (11 रन पर दो विकेट) ने रानी को सोफी एक्लेस्टोन के हाथों कैच कराया। पावरप्ले में बांग्लादेश दो विकेट पर 20 रन ही बना पाया था।

कप्तान निगार सुल्ताना (15) ने नौवें ओवर में सारा ग्लेन के खिलाफ दो चौके जड़े लेकिन दूसरे छोर से मोस्तारी तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी। मोस्तारी ने अपनी पारी की 27 गेंद पर पहला चौका जड़ा जिससे बांग्लादेश ने 12वें ओवर में अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में निगार के रन आउट होने से टीम को बड़ा झटका लगा। सारा ग्लेन (22 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में शोर्ना अख्तर (दो) को बोल्ड कर बांग्लादेश को दो ओवर में दूसरा झटका दिया।

बांग्लादेश को आखिरी पांच ओवर में 52 रन चाहिए थे और मोस्तारी ने पारी का पहला छक्का जड़कर 16वें ओवर में डीन के खिलाफ 12 रन बटोर कर उम्मीदें जगाई, लेकिन अगले तीन ओवर में तीन विकेट गंवाकर टीम फिर से बैकफुट पर आ गई। स्मिथ ने ताज नेहार (सात) जबकि सिवर-ब्रंट ने रितु मोनी (दो) को आउटकर मैच पर इंग्लैंड का शिकंजा कस दिया। डीन की गेंद पर मोस्तारी के पगबाधा आउट होते ही बांग्लादेश की हार लगभग पक्की हो गई।

# चीनी पैडलर्स ने पुरुष और महिला युगल ट्रॉफी जीती



**बीजिंग (चीन), एजेंसी।** चीन के वांग चुकिन और लियांग जिंगकुन ने शनिवार को यहां विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चाइना स्मैश में पुरुष युगल खिताब जीतने के लिए टीम के साथी लिन शिडोंग और लिन गाओयुआन के खिलाफ पांच गेमों में जीत हासिल की।

इस बीच, चेन ज़िंगटोंग और कियान तियानयी ने सभी चीनी महिलाओं के युगल फाइनल में चार गेमों में सन यिंगशा और वांग यिदी को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी वांग/लियांग ने 8-11, 4-11, 11-6, 11-8, 11-9 के स्कोर के साथ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष किया।

लियांग ने जीत के बाद कहा, 'हमने युगल खिताब के लिए लंबे समय तक इंतजार किया और दो गेम से पिछड़ने के बाद भी हार नहीं मानी।' मैच के बाद 24 वर्षीय वांग ने कहा, 'यह डब्ल्यूटीटी इवेंट में लियांग के साथ जोड़ी बनाकर मेरी पहली डबल्स ट्रॉफी है। हमने स्थिति को बदलने के लिए कौशल और रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया।'

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महिला डबल्स फाइनल में चेन/कियान ने सन/वांग को 12-10, 12-10, 3-11, 11-7 से हराकर अपनी जीत पक्की की। सिंगल सेमीफाइनल बेस्ट-ऑफ-सेवन प्रारूप में खेले गए और चीन ने पहले ही पुरुष और महिला दोनों सिंगल्स खिताब पर कब्जा सुनिश्चित कर लिया है।

चीन के सबसे सफल ओलंपियन मा लोंग ने तीसरी वरीयता प्राप्त लियांग को 11-8, 11-7, 11-8, 12-10 के स्कोर से हराया और पुरुष सिंगल्स में 19 वर्षीय लिन शिडोंग के खिलाफ फाइनल में जगह बनाई। 35 वर्षीय मा ने कहा, 'इस इवेंट से पहले मेरा प्रदर्शन मेरी उम्मीदों से कहीं बढ़कर था। अंतिम आठ में पहुंचने के बाद, मैं बस आराम महसूस कर रहा था और कोर्ट पर खेलने का आनंद लेना चाहता था। शानदार मानसिकता के साथ, मुझे खेलों के दौरान कुछ प्रेरणाएँ मिलीं और मैंने कुछ बेहतरीन रिटर्न किए।'

महिला एकल फाइनल में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों झ सुन यिंगशा और वांग मन्यु के बीच मुकाबला होगा, जिन्होंने अपने-अपने सेमीफाइनल में हमवतन फैन सिकी और चेन ज़िंगटोंग को हराया था। 11 दिवसीय डब्लूटीटी चाइना स्मैश, 2024 का तीसरा और अंतिम डब्लूटीटी ग्रैंड स्मैश इवेंट, रविवार को एकल फाइनल के साथ समाप्त होगा। इस इवेंट में दो मिलियन अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार पूल है, जिसमें पांचों इवेंट में से प्रत्येक में चैंपियन को 2,000 विश्व रैंकिंग अंक मिलेंगे।

## जमशेदपुर एफसी ने ईस्ट बंगाल, मोहन बागान ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को हराया



**जमशेदपुर/कोलकाता, एजेंसी।** जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में शनिवार को यहां ईस्ट बंगाल को 2-0 से जबकि मोहन बागान सुपरजायंट्स ने सत्र के पहले कोलकाता डर्बी में मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 3-0 से शिकस्त दी।

जमशेदपुर एफसी की टीम ने जापान के मिडफील्डर रे ताचिकावा के 21वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त हासिल की जबकि लाल चुंगनुंगा के आत्मघाती गोल से मैच के 70वें मिनट में टीम की बढ़त दोगुनी हो गयी।

ईस्ट बंगाल एफसी 64वें मिनट में पेनल्टी किक को भुना नहीं पाई। साउल क्रेस्पो के कमजोर राइट फुटर शॉट को जमशेदपुर के गोलकीपर एल्विरो गोम्स ने अपने दाहिनी तरफ डाइव लगाकर आराम से रोक दिया। गोम्स को पेनल्टी किक समेत कई शानदार बचाव करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दिन के दूसरे मैच में पूरी तरह से मोहन बागान का दबदबा रहा। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में खेले गये मैच में मोहन बागान की जीत में ऑस्ट्रेलियाई मिडफील्डर जैमी मैक्लेरेन ने आठवें, कप्तान सुभाशीष बोस ने 31वें और स्कॉटलैंड के मिडफील्डर ग्रेग स्टीवर्ट 36वें मिनट में गोल किए। कप्तान सुभाशीष को एक गोल करने और डिफेंस में मजबूती दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# हॉकी इंडिया ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर टीम की घोषणा की



**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने रविवार को 18 सदस्यीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा की, जो मलेशिया में सुल्तान ऑफ जोहोर कप के 12वें संस्करण में भाग लेने के लिए तैयार है। नवनियुक्त मुख्य कोच पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे। भारत अपने अभियान की शुरूआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा और उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, 25 अक्टूबर को, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में शामिल होने की उम्मीद करेगा। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह दो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेले और भारत को अपना खिताब बरकरार रखने में मदद की। आमिर ने टूर्नामेंट में चोटिल डिफेंडर संजय की जगह बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि गुरजोत ने सभी मैचों में फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व किया और अपार क्षमता दिखाई। कप्तान आमिर ने कहा, 'सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए एक लिटमस टेस्ट के रूप में काम करेगा। सभी खिलाड़ी मलेशिया में कुछ बेहतरीन हॉकी मैच खेलने के लिए उत्साहित हैं।'

### टीम-

**गोलकीपरः** बिक्रमजीत सिंह, अली खान

**डिफेंडरः** अमीर अली (कप्तान), तलेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित (उपकप्तान)

**मिडफील्डरः** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, चंदन यादव

**फॉरवर्डः** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद

उप-कप्तान रोहित ने भी उनका साथ देते हुए कहा, 'हमारे पास टीम की कमान संभालने वाला एक भारतीय हॉकी दिग्गज है, पूरी टीम खेलने के लिए बेताब है। पीआर श्रीजेश भारत के लिए खेलने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं, और हम अपने पहले टूर्नामेंट में उन्हें गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। शिविर में माहौल बहुत अच्छा रहा है और हम सुल्तान ऑफ जोहोर कप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके इसका लाभ उठाना चाहते हैं।'

## एक नजर

### कार्तिक सिंह संयुक्त 18वें स्थान के साथ एएसी में सर्वश्रेष्ठ भारतीय



**गोटेम्बा (जापान), एजेंसी।** युवा गोल्फर कार्तिक सिंह रविवार को यहां 'एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप (एएसी) 2024 ' में 18वें स्थान पर शीर्ष भारतीय बनकर उभरे। चौदह साल के कार्तिक पिछले साल एएसी में कट हासिल करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चार दौर में 71, 67, 72 और 70 के कार्ड के साथ कुल पार 280 का स्कोर किया। कट हासिल करने वाले अन्य दो भारतीयों ने अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णव निखिल चोपड़ा ने तीन अंडर 67 जबकि रक्षित दहिया ने इवन पार 70 का कार्ड खेला। यह दोनों एक समान छह ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 37वें स्थान पर रहे।

### शिवम दुबे ने पसंदीदा कप्तान को लेकर दिये अपने जवाब से सभी को प्रभावित किया



**मुंबई, एजेंसी।** ऑलराउंडर शिवम दुबे से एक शो दौरान कहा जब पूछा गया कि उनका पसंदीदा कप्तान कौन है तो शिवम ने एक ऐसा जवाब दिया जिसे सभी ने पसंद किया है। शिवम से महेन्द्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के के बारे में पूछा गया था। तब उनके जवाब से दर्शकों के साथ ही मेजबान और अन्य क्रिकेटर भी प्रभावित नजर आये। शिवम ने इसके जवाब में कहा, जब मैं चेन्नई के लिए खेलता हूं, तो एमएस धोनी सर्वश्रेष्ठ होते हैं, वहीं जब मैं भारतीय टीम से खेलता हूं तो रोहित शर्मा सर्वश्रेष्ठ होते हैं। शिवम चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हैं। उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें पूरी सीरीज से बाहर होना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके स्थान पर तिलक वर्मा को शामिल किया है। दुबे अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण वे ईरानी कप के लिए मुंबई की टीम से भी बाहर हो गए। हालांकि उनकी चोट की गंभीरता स्पष्ट नहीं है, लेकिन टीम प्रबंधन ने उनकी स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए सतर्क रुख अपनाया है।

### दीक्षा कट से चूकीं, अरामको सीरीज में टीम 12वें स्थान पर रही

**शेनजेन, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर यहां चार ओवर 77 के एक और निराशाजनक कार्ड से अरामको टीम सीरीज में कट हासिल करने से चूक गईं। पहले दौर में दीक्षा ने 76 का कार्ड खेला था और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें इससे कम का कार्ड खेलने की जरूरत थी। लेकिन वह एक बर्डी ही लगा सकीं जबकि पांच बोगी कर बैठीं। दीक्षा की टीम 12वें स्थान पर रही जिसमें उनकी साथी मोआ फोल्के, जिन्यु काओ और डिंग हैं।

### आईपीएल में भी कप्तानी करना चाहते हैं सूर्यकुमार

**ग्वालियर, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आने वाले समय में आईपीएल में भी कप्तानी करना चाहते हैं। अभी सूर्या भारतीय टी20 टीम के कप्तान हैं। ऐसे में उनकी फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस उन्हें हर हाल में बरकरार रखना चाहेगी। आईपीएल के लिए निलामी दिसंबर में होगी। अब देखना है कि मुम्बई उन्हें कप्तानी को अवसर देगी या नहीं। मुम्बई ने पिछले सत्र में हार्दिक पंडया को कप्तान बनाया पर उनका और टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पिछले आईपीएल के बाद से सूर्यकुमार सबकी नजरों में हैं। ऐस में मुंबई इंडियंस उन्हें कोई अहम भूमिका देना चाहेगी सूर्यकुमार ने कहा कि मैं किसी भी नई भूमिका के लिए तैयार रहूंगा। सूर्या ने श्रीलंका के खिलाफ कप्तानी करने से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई सीरीज में भी कप्तानी की थी। वहीं सूर्यकुमार ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में युवाओं का अवसर मिला है। ऐसे में इन खिलाड़ियों के पास अपने को साबित करने का अच्छ अवसर मिलेगा।

### राशिद ने पहले दौर में 68 का कार्ड खेला, संयुक्त चौथे स्थान पर रहे

**ताइपे, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर राशिद खान ने मौसम से प्रभावित मरक्यूरिज ताईवान मास्टर्स के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर बने हुए हैं। खराब मौसम के कारण दो दिन के इंतजार के बाद खेल शुरू हुआ। अन्य भारतीयों में एक चिक्कारंगप्पा 69 का कार्ड बनाकर संयुक्त नौवें स्थान पर हैं।

एसएसची चौरसिया और करणदीप कोचर ने 70-70 के कार्ड खेले जिससे दोनों संयुक्त 17वें स्थान पर बने हुए हैं। वरूण चोपड़ा संयुक्त 27वें, युवराज संधू और गगनजीत भुल्लर संयुक्त 60वें तथा अजीतेश संधू संयुक्त 116वें स्थान पर चल रहे हैं। राशिद खान समेत पांच गोल्फर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

### भारतीय महिला टीम ने एशिया रग्बी सेवंस में रजत पदक जीता

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय महिला रग्बी टीम ने काठमांडू में एशियाई रग्बी इमिरेट्स सेवंस ट्राफी के फाइनल में फिलीपींस से 5-7 से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल किया। शिखा यादव की अगुआई वाली टीम सेमीफाइनल में गुआम को 24-7 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंची थी। लीग दौर में भारत ने श्रीलंका को 29-10 और इंडोनेशिया को 17-10 से शिकस्त दी थी। टूनार्मेंट शुक्रवार और शनिवार को कराया गया। टीम के रजत पदक पर फक्र महसूस करते हुए भारतीय कप्तान शिखा ने कहा कि वे आगामी प्रतिस्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने कोच वैसाले सेरेवी और सहयोगी स्टाफ का भी शुक्रिया किया।



# रश्मि देसाई ने साझा किया देसी गर्ल लुक



नवरात्रि के मौके पर अभिनेत्री रश्मि देसाई ने अपने फैंस के साथ अपना खूबसूरत देसी गर्ल लुक सोश मीडिया पर साझा किया है। इंस्टाग्राम पर रश्मि देसाई ने तीन तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह गोल्डन पीले रंग के शरारा सूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने एक गोल्डन दुपट्टा लिया है, जिसे उन्होंने चोकर, बालों में फूल और हल्के मेकअप के साथ पूरा किया है। रश्मि ने कैमरे के सामने कई शानदार पोज दिए, जो उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहे हैं। रश्मि असम की रहने वाली हैं और मूल रूप से गुजराती हैं। उन्होंने 2002 में असमिया फिल्म कन्यादान से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। 38 वर्षीय रश्मि ने 2004 में शाहरुख खान और रवीना टंडन के साथ रोमांटिक मिस्ट्री ये लम्हे जुदाई के से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने भोजपुरी फिल्मों जैसे कब होई गवना हमार, सोहागन बाना दा सजना हमार, नदिया के तीर, और गजब भईल रामा में भी काम किया। रश्मि ने 2006 में पौराणिक शो रावण से टेलीविजन पर अपनी शुरूआत की, जहां उन्होंने रानी मंदोदरी का किरदार निभाया। उन्हें टीवी में पहला ब्रेक 2008 में परी हूं मैं में दोहरी भूमिका निभाकर मिला। रश्मि रियलिटी शो जरा नचके दिखा 2 की विजेता रही हैं और उन्होंने झलक दिखला जा 5, कॉमेडी का महा मुकाबला, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 6, नच बलिए 7, बिग बॉस 13, और बिग बॉस 15 में भी हिस्सा लिया। उनकी पहचान शो उतरन में तपस्या की भूमिका से बनी, जिसमें उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। रश्मि ने फरवरी 2011 में अपने सह-कलाकार नंदीश संधू से शादी की, लेकिन दोनों की शादी 2014 में अलग होने के बाद समाप्त हो गई। 2018 में, रश्मि की मुलाकात अरहान खान से हुई, और दोनों ने 2019 में बिग बॉस के 13वें संस्करण में एक-दूसरे के साथ नजर आए। अरहान ने रश्मि को प्रपोज किया, लेकिन शो के दौरान यह पता चला कि वह पहले से शादीशुदा थे और उनका एक बच्चा भी है।




# 'आयुष्मति गीता मैट्रिक पास' का ट्रेलर रिलीज

लड़कियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर आधारित फिल्म आयुष्मति गीता मैट्रिक पास का ट्रेलर डीवाई पाटिल कॉलेज में भव्य रूप से लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर सुपर 30 के फाउंडर पद्मश्री आनंद कुमार भी मौजूद थे। इस विशेष कार्यक्रम में निर्देशक प्रदीप खेरवार, मुख्य अभिनेत्री कशिका कपूर, अनुज सैनी और अतुल श्रीवास्तव , निमार्ता शानू सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे ट्रेलर की शुरूवात एक बेहद भावुक सवाद से होती हैं दुनिया सिर्फ.दो हिस्सो में बटी हैं। एक औरत और एक मर्द। ग्रामीण भारत मेंपली बढ़ी एक लड़की गीता फि ल्म का केंद्रीय किरदार हैं गीता को एक लड़के से प्रेम हो जाता है, लेकिन हर लव स्टोरी की तरह इस शादी में भी आती है बाधा। लड़की के पिता अपनी बेटी की शादी तब करने को कहते हैं जब तक कि वह मैट्रिक पास न कर ले। उस के पिता ने गांव में न केवल अपनी बेटी को स्कूल भेजने की पहल की, बल्कि उसने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा उसकी बेटी के जीवन का जरूरी हिस्सा हो। इसी क्रम में आगे कई मोड़ आते हैं और तेजी से बदलते घटनाक्रम दर्शकों की रुचि को कायम रखते हैं।

निर्देशक प्रदीप खेरवार ने कहा कि गीता इस देश की आधी आबादी की वह आवाज हैं जिस पर हमेशा सवाल उठाए जाते हैं यह सवाल उसकी शादी से लेकर उसकी पढ़ाई तक उठते हैं ग्रामीण परिवेश की इस कहानी को बहुत ही मनोरंजक और ड्रामा के साथ दर्शक देखेंगे। फि ल्म की कहानी आज के युवा और समाज की सोच को गहरे से महसूस करती है । फि ल्म के युवा किरदार गीता और कुंदन इस कहानी को पर्दे पर शानदार तरीके से प्रस्तुत करते हैं। नवोदित अभिनेत्री कशिका कपूर ने इस फिल्म में गीता की शीर्षक भूमिका निभाई है। अनुज सैनी एक आदर्श पुरुष कुंदन के रोल में हैं। गुड आईडिया फिल्म्स और स्पंक प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म के निमार्ता प्रदीप खैरवार, शानू सिंह राजपूत, सह निमार्ता जेके एंटरटेनमेंट व पेंटेक इंटरनेशनल हैं। इस फिल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के वाराणसी और चंदौली में हुई है। यह फिल्म 18 अक्टूबर 2024 को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# आईफा उत्सवम 2024 में पोन्नियिन सेल्वन II का दबदबा

अबु धाबी, 28 सितंबर (वेब वार्ता)। 'आईफा उत्सवम 2024' में तेलुगु फिल्म दशहरा के लिये नानी और विक्रम को तमिल फिल्म पोन्नियिन सेल्वन क्क के लिए बेस्ट एक्टर जबकि पोन्नियिन सेल्वन क्क के लिये हीं लिये ऐश्वर्या राय को बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

अबु धाबी में तीन दिन के इस अवॉर्ड शो में पहले दिन साउथ सिनेमा के सितारों को सम्मानित किया गया।तीन दिनों के इस कार्यक्रम की शुरूआत आईफा उत्सवम से हुई, जिसमें दक्षिणी फिल्म उद्योगों के तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा के सभी कलाकार शामिल हुए थे। तेलुगु फिल्म दशहरा के नानी को बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से नवाजा गया है। विक्रम को तमिल फिल्म पोन्नियिन सेल्वन के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है।फिल्म पोन्नियिन सेल्वन के लिए ऐश्वर्या राय को बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया है।बेस्ट डायरेक्टर के लिए तमिल में मणि रत्नम ने पोन्नियिन सेल्वन क्क के लिए बाजी मारी है। पोन्नियिन सेल्वन क्क के लिए ए आर रहमान को तमिल में बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर अवॉर्ड मिला है। आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा के लिए चिरंजीवी को अवॉर्ड दिया गया है।

आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन इन इंडियन सिनेमा के लिए प्रियदर्शन को अवॉर्ड मिला है।वुमेन ऑप द ईयर इन इंडियन सिनेमा का अवॉर्ड सामंथा रूथ प्रभु को मिला है।बेस्ट परफॉर्मेंस इन निगेटिव रोल तमिल में एसजे सूर्या (मार्क एंटनी) को अवॉर्ड दिया गया है। बेस्ट परफॉर्मेंस इन निगेटिव रोल (तेलुगु) में शाइन टॉम चाको को फिल्म दशहरा के लिए अवॉर्ड मिला है। बेस्ट परफॉर्मेंस इन निगेटिव रोल (मलयालम) में अर्जुन राधाकृष्णन को कन्नूर स्क्वायड के लिए अवॉर्ड दिया गया है। बेस्ट परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग रोल(मेल तमिल) में जयराम को पोन्नियिन सेल्वन क्क के लिए अवॉर्ड दिया गया है।बेस्ट परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग रोल फीमेल तमिल में सहस्त्र श्री को फिल्म चिट्ठा के लिए अवॉर्ड मिला है।गोल्डन लेगेसी अवॉर्ड नंदमुरी बालकृष्ण को मिला है।आउटस्टैंडिंग एक्सीलेंस इन कन्नड़ सिनेमा के लिए ऋषभ शेट्टी को अवॉर्ड दिया गया है। बेस्ट डेब्यू फीमेल इन कन्नड़ में आराधना राम को काटेरा के लिए अवॉर्ड मिला




# बेटे को जन्म देने के चार महीने बाद काम पर लौटीं यामी गौतम



यामी गौतम बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्हें उनके अभिनय कौशल और सिल्वर स्क्रीन पर विभिन्न भूमिकाओं के साथ प्रयोग करने की क्षमता के लिए सराहा जाता है। यामी ने 4 जून 2021 को फिल्म प्रोड्यूसर आदित्य धर से शादी की। यह कपल हाल ही में एक बच्चे के माता-पिता बने हैं। मां बनने के कुछ महीनों बाद यामी ने काम पर वापसी का भी ऐलान कर दिया है।

यामी गौतम ने 10 मई 2024 को बेटे वेदा को जन्म दिया। एक मां के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए उन्होंने पिछले कुछ महीनों से अपनी निजी जिंदगी को मीडिया से दूर रखा है। वह सोशल मीडिया पर भी कम एक्टिव रहती थीं। लेकिन 27 सितंबर, 2024 को शहर में एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान यामी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया।

यामी ने शीशे के सामने तैयार होते हुए अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वह अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन की गई एथनिक लाल पोशाक और झुमके पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने लुक को लाइट मेकअप और खुले बालों से पूरा किया। इस लुक में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं। फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और अब मैं काम पर वापस आ गया हूं, इस अद्भुत कार्यक्रम के लिए मेक माई ट्रिप टीम को धन्यवाद।

## यामी गौतम वर्कफ्रंट-

वर्कफ्रंट की बात करें तो यामी ने अपने करियर की शुरूआत एक मॉडल के रूप में की और चांद के पार चलो के जरिए टीवी में एंट्री की। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म उल्लास उषा से की और बाद में उन्हें विक्की डोनर में मुख्य भूमिका मिली। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। तब से वह बदलापुर, सनम रे, उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, भूत पुलिस, चोर निकल के भागा और अन्य जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। एक्ट्रेस आखिरी बार आर्टिकल 370 में नजर आई थीं।



# शिल्पा शेट्टी ने अपने बेटे की फोटो शेयर कर जताया प्यार

राष्ट्रीय पुत्र दिवस के अवसर पर मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने छोटे बच्चे की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर व्यूअर्स का मन मोह लिया। इस पोस्ट में अपने बेटे को आशीर्वाद और स्नेह देते हुए उन्होंने लिखा, ह्लमेरे इतने नजदीक होने के लिए तुम्हारा शुक्रिया बेटा।ह्व

हर साल 27 सितंबर राष्ट्रीय पुत्र दिवस मनाया जाता है। यह दिन मां-बाप को अपने बेटों से प्यार जताने का दिन होता है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर किसी टूर के



दौरान खींची गई तस्वीरों को शेयर किया। इस फोटो में उनका पुत्र वियान और पति राज कुंद्रा भी दिख रहे हैं। इन तस्वीरों में मां-बेटे की जोड़ी आरामदायक ग्रे हुडी पहने हुए दिखाई दे रही है।

बता दें कि शिल्पा ने नवंबर 2009 में राज से शादी की थी। दंपति के दो बच्चे हैं। बेटा वियान और बेटी समीशा। उन्होंने 1993 में शाहरुख खान की थ्रिलर फिल्म ह्यबाजीगरह्ल से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ काजोल मुख्य भूमिका में थीं। इसके बाद उन्होंने ह्यमैं खिलाड़ी तू अनाड़ीह्ल, ह्यपरदेसी बाबूह्ल, ह्यधड़कनह्ल, ह्यगवः प्राइड एंड ऑनरह्ल, ह्यलाइफ इन एङ्क्ष मेट्रोह्ल, ह्यहंगामा 2ह्ल और ह्यनिकम्माह्ल जैसी फिल्मों में काम किया।

हाल ही में उन्होंने सोनल जोशी द्वारा निर्देशित कॉमेडी ड्रामा ह्यसुखीह्ल में भी काम किया है। इसमें अमित साध, दिलनाज ईरानी, कुशा कपिला और पावलीन गुजराल भी हैं। हाल ही में वह रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश की सीक्रेट सर्विस पर बनी बेव सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में भी देखी गईं थीं। इसमें उन्होंने सीनियर पुलिस अधिकारी तारा की भूमिका निभाई थी।

इस बेव सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक राय भी मुख्य भूमिका में है। वह अगली बार ह्यकेडी-द डेविलह्ल में सत्यवती अग्निहोत्री की भूमिका में नजर आएंगी। इस कन्नड़ एक्शन फिल्म का निर्देशन प्रेम ने किया है। फिल्म में ध्रुव सरजा, रेशमा नानाया, वी रविचंद्रन, रमेश अरविंद, जीशु सेनगुप्ता और नोरा फतेही और संजय दत्त हैं।